RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 5 अंक 238
फरीदाबाद, शुक्रवार, 07 अक्टूबर, 2022
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana




दक्षिण अफ्रीका से भारतीय टीम को मिला 250 रन का टारगेट

पेज - 12

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,222 | ▲ 156 | |
| निफ्टी | 17,818 | ▲ 57.50 | |
| सोना | 51,965 | ▲ 319 | /10 gm |
| चांदी | 61,320 | ▲ 553 | /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 26.00°C
न्यूनतम 22.00°C

## क्विक न्यूज

### फ्रेंच लेखिका एनी अर्नो को मिला साहित्य का नोबेल सम्मान



**स्टॉकहोम।** साहित्य के नोबेल का ऐलान कर दिया गया है। इस साल का नोबेल फ्रेंच लेखिका एनी अर्नो को दिया गया है। एनी का जन्म एक सितंबर 1940 को हुआ था। वे एक फ्रांसीसी लेखक और साहित्य की प्रोफेसर हैं। उनका साहित्यिक कार्य ज्यादातर आत्मकथात्मक, समाजशास्त्र पर आधारित होता है। नोबेल समिति ने कहा कि अर्नो (82) को यह सम्मान साहस और लाक्षणिक तीक्ष्णता के साथ व्यक्तिगत स्मृति के अंतस, व्यवस्थाओं और सामूहिक बाधाओं को उजागर करने वाली उनकी लेखनी के लिए दिया गया है। स्वीडिश अकादमी के स्थायी सचिव मेट्स माल्म ने स्वीडन के स्टाकहोम में गुरुवार को विजेता के नाम का एलान किया।

### सतर्कता ब्यूरो ने सहायक महानिरीक्षक गिरफ्तार किया

**चंडीगढ़।** पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने 2016 के दौरान एक करोड़ रुपये की रिश्वत लेने के मामले में बृहस्पतिवार को एक सहायक पुलिस महानिरीक्षक (एआइजी) को गिरफ्तार किया और दो अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया। उन्होंने बताया कि कथित तौर पर पैसे का लेन-देन तब हुआ, जब एआइजी आशीष कपूर 2016 में अमृतसर केंद्रीय कारागार के अधीक्षक थे। कपूर वर्तमान में पठानकोट में चौथी भारतीय रिजर्व बटालियन के कमांडेंट के रूप में तैनात हैं।

### अल्पसंख्यक संस्थान का दर्जा देने की समीक्षा को राजी एससी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय इस प्रश्न की समीक्षा करने को राजी हो गया है कि क्या अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों के प्रशासकीय अधिकार वाले किसी शैक्षणिक संस्थान को अल्पसंख्यक संस्थान का दर्जा दिया जाए? न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना की पीठ ने इस सवाल पर उत्तर प्रदेश सरकार, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान आयोग, राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग एवं अन्य पक्षों को नोटिस जारी करके उनसे जवाब तलब किया है।

### अमेरिका में किडनैप चार भारतीयों के शव मिले

**अमृतसर।** कैलिफोर्निया में तीन दिन पहले अगवा किए गए पंजाबी परिवार के सभी सदस्यों, 36 साल के जसदीप सिंह, उनकी पत्नी जसलीन कौर (27) और बेटी आरोही (आठ माह) और 39 वर्षीय भाई अमनदीप सिंह के शव बरामद हो गए हैं। इनमें एक आठ महीने की बच्ची भी शामिल है। मर्स्ड काउंटी शेरिफ वर्न वार्नके ने भी इसकी पुष्टि की है। उन्होंने इस पूरी घटना को भयानक और डरावना बताया है। चारों की गोली मारकर हत्या की गई। चारों लोगों को बीते तीन अक्टूबर को दक्षिण हाइवे 59 के 800 ब्लॉक से अगवा कर लिया गया था। इस परिवार का अमेरिका में खुद का ट्रांसपोर्ट बिजनेस है और पंजाब के होशियारपुर जिले के टांडा के हरसी गांव का रहने वाला है। कैलिफोर्निया पुलिस ने इस मामले में 48 साल के एक शख्स को हिरासत में लिया है। इसकी पहचान जीसस मैनुअल सालगाडो के रूप में हुई है, जो पंजाबी परिवार की कंपनी में काम करता था, जिसे निकाल दिया था। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अमेरिका के कैलिफोर्निया में किडनैपिंग के बाद चार पंजाबियों की हत्या किए जाने की हाई लेवल इंक्वायरी की डिमांड की है।

# दिल्ली एयरपोर्ट पर 28 करोड़ की सात घड़ियां जब्त, एक की कीमत 27 करोड़

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**देश** के दो बड़े एयरपोर्ट पर गुरुवार को 100 करोड़ रुपये से अधिक के अवैध माल की जब्ती हुई। इनमें दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल (आइजीआइ) एयरपोर्ट से कस्टम विभाग ने दुबई से आए तस्कर के पास से सात घड़ियां बरामद कीं। इनकी कीमत 28 करोड़ रुपये है।

इनमें से एक घड़ी जैकब एंड कंपनी की है। इसमें हीरे जड़े हैं। इसकी कीमत 27 करोड़ रुपये है। उधर, मुंबई एयरपोर्ट पर 16 किलो हेरोइन जब्त की गई।

इसकी कीमत 80 करोड़ रुपये आंकी जा रही है। बरामद की गई घड़ियों में एक रॉलेक्स कंपनी की है। एक ब्रेसलेट और आइफोन भी जब्त किया गया है। यात्री इस सामान की डिलीवरी करने दुबई से दिल्ली पहुंचा था। उसके पास से सामान से संबंधित किसी तरह के डॉक्यूमेंट नहीं मिले। इसलिए उसे अरेस्ट कर लिया गया है। आरोपी का दुबई में महंगी घड़ियों का शोरूम है। यूएई के कई शहरों में शोरूम के ब्रांच भी हैं।

आरोपी दिल्ली में एक हाई-प्रोफाइल क्लाइंट को डिलीवरी देने आया था। क्लाइंट गुजरात का रहने वाला है। उधर, मुंबई एयरपोर्ट से एक तस्कर के पास से डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस ने 16 किलो ड्रग्स बरामद किया है।

इंटरनेशनल मार्केट में इसकी कीमत करीब 80 करोड़ रुपये आंकी जा रही है। इसे विदेश से मुंबई लाया गया था और दिल्ली ले जाना था।

### मुंबई एयरपोर्ट पर 80 करोड़ की ड्रग्स हुई बरामद



# हरियाणा पंचायत चुनाव की घोषणा आज

**चंडीगढ़।** हरियाणा पंचायत चुनाव की घोषणा शुक्रवार को की जाएगी। राज्य चुनाव आयोग ने इसको लेकर चंडीगढ़ में एक अहम बैठक बुलाई है।

बैठक के बाद मुख्य चुनाव अधिकारी धनपत सिंह इसकी घोषणा करेंगे। हरियाणा में पंचायतों के 71763 पदों पर चुनाव होने हैं। इससे पहले अचानक आदमपुर उपचुनाव की घोषणा होने से राज्य के पंचायत चुनाव स्टेट इलेक्शन कमेटी ने घोषणा टाल दी थी। इस बार कोविड पाबंदियों के चलते पंचायत चुनाव कराने में करीब 18 महीने की देरी हो रही है। हरियाणा में 2016 में तीन चरणों में पंचायत चुनाव कराए गए थे।

# गाम्बिया में कफ सिरप से मौतों पर हरियाणा-हिमाचल में हड़कंप

## कंपनी के उत्पादन, बिक्री और एक्सपोर्ट पर रोक

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**गाम्बिया** में कफ सिरप से 66 बच्चों की मौत के बाद हरियाणा और हिमाचल में हड़कंप मचा हुआ है। शक के घेरे में आए कफ सिरप सप्लाई करने वाली कंपनी का एक प्लांट हरियाणा के सोनीपत में है। वहीं हिमाचल के बद्दी में भी कंपनी की एक यूनिट है। डब्ल्यूएचओ ने सिरप को लेकर अलर्ट जारी किया, जिसके बाद केंद्र और राज्य की स्वास्थ्य टीमों ने सोनीपत में रेड की, जहां से कफ सिरप की सैंपलिंग की गई। बद्दी प्लांट में सिरप बनाने की जांच की गई।

हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और हरियाणा खाद्य एवं औषधि प्रशासन के तहत ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया की एक टीम ने दवा कंपनी से सिरप के पांच सैंपल लिए हैं। इन्हें कोलकाता में केंद्रीय औषधि प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा गया है। छापे के दौरान मिले कंपनी के दस्तावेजों की जांच की जा रही है। हरियाणा के एक वरिष्ठ सेहत अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच पिछले शनिवार से चल रही है। कंपनी एक छोटे पैमाने की इकाई है और संयुक्त निरीक्षण के दौरान और मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार सभी आवश्यक नमूने और दस्तावेज एकत्र किए गए हैं। अधिकारी ने बताया कि उत्पाद और विक्रेताओं की सूची की कंपनी की रिपोर्ट सहित दस्तावेजों की जांच की जा रही है। जांच अभी प्रारंभिक चरण में है।

हरियाणा के ड्रग कंट्रोलर मनमोहन तनेजा ने बताया कि कुंडली स्थित कंपनी की यूनिट में छापा मारा गया है। कुछ सैंपल भी लिए गए हैं, जिनको जांच के लिए भेजा गया है। कंपनी में जो सिरप तैयार किया जा रहा था, उसे बनाने से रोक दिया गया है। सैंपल की रिपोर्ट आने तक तैयार सिरप को भी सील किया गया है। इसकी जांच की जा रही है।

डब्ल्यूएचओ के अलर्ट के बाद हिमाचल भी अलर्ट पर है। इसके लिए ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया के निर्देश मिल चुके हैं। हिमाचल के ड्रग डिपार्टमेंट ने सभी ड्रग इंस्पेक्टरों को कफ सिरप के इन चार प्रोडक्ट पर खास नजर रखने के निर्देश दिए हैं। अगर कहीं पर भी ये प्रोडक्ट मिलते हैं तो तुरंत सूचित करने को कहा है। संदिग्ध कफ सिरप वाली कंपनी मेडिन फार्मास्युटिकल लिमिटेड की एक यूनिट इंडस्ट्री एरिया बद्दी में भी चल रही है। हालांकि, इस यूनिट में इन कफ सिरप का उत्पादन फिलहाल नहीं हो रहा है। ड्रग कंट्रोलर के निर्देशों पर ड्रग विभाग बद्दी की एक टीम ने बद्दी स्थित कंपनी में निरीक्षण शुरू कर दिया है।

### सोनीपत प्लांट से सैंपलिंग बद्दी यूनिट में जांच जारी



### प्रोडक्ट मानकों पर खरे नहीं हैं : डब्ल्यूएचओ

**बता** दें, वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ) ने बुधवार को भारत की फार्मास्युटिकल्स कंपनी के बनाए चार कफ सिरप को लेकर अलर्ट जारी किया है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि ये प्रोडक्ट मानकों पर खरे नहीं हैं। ये सुरक्षित नहीं हैं, खासतौर से बच्चों में इनके इस्तेमाल से गंभीर समस्या या फिर मौत का खतरा है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि गाम्बिया में 66 बच्चों की मौत गुर्दों की हालत बेहद खराब हो जाने की वजह से हुई है। बहुत मुमकिन है कि इन सिरप के इस्तेमाल के चलते बच्चों की मौत हुई हो। ये प्रोडक्ट अभी सिर्फ गाम्बिया में पाए गए हैं।

# थाईलैंड में पूर्व पुलिस अफसर ने की 24 बच्चों सहित 36 की हत्या

**एजेंसी।** बैंकाक



**थाईलैंड** में गुरुवार को एक पूर्व पुलिस अफसर ने चाइल्ड केयर सेंटर में अंधाधुंध फायरिंग की। घटना में 24 बच्चों समेत 36 मौतें हुईं। हमलावर ने अपने परिवार को भी खत्म कर दिया, फिर खुदकुशी कर ली। इस वारदात में ड्रग्स का एंगल है। फायरिंग उत्तरी प्रांत के नॉन्गबुआ लम्फू में हुई। हमलावर पूर्व पुलिस अफसर पन्या खमरब (34) था। ड्रग्स के एक केस के सिलसिले में उसे नौकरी से निकाल दिया गया था। चाइल्ड केयर सेंटर में फायरिंग के बाद खमरब ने खुदकुशी कर ली। इससे पहले उसने अपनी पत्नी और बेटे को भी मार डाला।

थाइलैंड के सेंट्रल इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो के अफसर मेजर जनरल जिरापोब पुरिडेट के मुताबिक, हमलावर खमरब हाईली एजुकेडेट और फिट था। पुलिस में अफसर बना, लेकिन चंद महीने में ड्रग स्मगलिंग से जुड़ गया। इंटर ऑफिस ड्रग टेस्ट में फेल होने के बाद उसे बर्खास्त कर दिया गया।

इसके बाद वो फुल टाइम ड्रग स्मगलर बन गया। माना जा रहा है कि नौकरी से निकाले जाने की वजह से ही खमरब ने फायरिंग की। जिस वक्त फायरिंग शुरू हुई, तब लोकल अधिकारी जिडापा बूनसोम पास ही काम कर रहे थे। बोले, ऐसा लगा जैसे पटाखे चल रहे हों। बाद में शूटिंग का पता चला। हमलावर ने बच्चों पर गोलियां चलाईं। शूटिंग में दो साल का बच्चा और गर्भवती भी मारे गए। हमलावर दोपहर के वक्त चाइल्ड केयर सेंटर में दाखिल हुआ। तब वहां लंच चल रहा था। उसने स्टाफ पर गोलियां दागीं। इसके बाद वह एक बंद कमरे में जबरदस्ती घुसा, यहां बच्चे सो रहे थे।

आठ फरवरी 2020 को थाईलैंड के नाखों रतचासिस्मा शहर में एक सिरफिरे ने यहां के मशहूर टर्मिनल 21 शॉपिंग मॉल में फायरिंग की थी। घटना में 29 लोगों की मौत हो गई थी और 58 जख्मी हुए थे। हमलावर फरार हो गया था।

# राष्ट्रपति को चमचा बोलने वाले कांग्रेस नेता को नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति पर विवादित बयान देने वाले कांग्रेस नेता उदित राज को गुरुवार को राष्ट्रीय महिला आयोग ने नोटिस दिया है। उदित राज ने अपने बयान में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को चमचा कहा था।

उदित राज पहले भी अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रह चुके हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुजरात दौरे पर कहा था कि गुजरात में बना नमक सभी भारतीय खाते हैं। इसी पर उदित राज ने बुधवार को ट्वीट किया। लिखा, द्रौपदी मुर्मू जी जैसा राष्ट्रपति किसी देश को न मिले। चमचागीरी की भी हद है। कहती हैं 70 फीसद लोग गुजरात का नमक खाते हैं। खुद नमक खाकर जिंदगी जिएं तो पता लगेगा।

विस्तृत खबर पेज 9 पर...





## एसपीओ भर्ती सूचना

14 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं।

हरियाणा पुलिस अधिनियम 2007 की धारा 21 के प्रावधान के अनुसार फरीदाबाद पुलिस में 141 (एसपीओ) विशेष पुलिस अधिकारियों की भर्ती की जायेगी।

### एसपीओ भर्ती के एक्स सर्विसमैन इच्छुक उम्मीदवारो के लिए सुचना

फरीदाबाद पुलिस द्वारा अगस्त 2022 में 141 एसपीओ भर्ती के बारे में जो विज्ञापन और प्रेस रिलीज जारी किया गया था जिसमें आवेदन करने की अंतिम तिथि 16 सितंबर 2022 दी गई थी, अब आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 14 अक्टूबर 2022 कर दिया गया है। एसपीओ भर्ती के इच्छुक हरियाणा के अलावा सीमावर्ती राज्यों के फरीदाबाद से लगते नजदीकी जिलों के एक्स सर्विसमैन उम्मीदवार अब सोमवार, 14 अक्टूबर 2022 तक अपना आवेदन दे सकते हैं।

Army एवं CAPF के Ex. Servicemen और भंग की गई HSISF/HAP बटालियन के Ex- Servicemen, फरीदाबाद पुलिस को आवंटित 141 विशेष पुलिस अधिकारी की वैकेंसी के आधार पर सिपाही के पद के लिए आवेदन कर सकते हैं। भर्ती के इच्छुक उम्मीदवार दिनांक 14.10.2022 तक आवेदन कर सकते हैं। चयनित उम्मीदवार को 18,000/-रू0 प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। एसपीओ की भर्ती के लिए हरियाणा के रिहायशी Army and Paramilitary Forces और HSISF/HAP के Ex-Servicemen, दिनांक 14.10.2022 तक व्यक्तिगत रुप से पुलिस आयुक्त कार्यालय सै0 21सी फरीदाबाद में, सेना शाखा से संपर्क करें। पुलिस उपायुक्त मुख्यालय श्री नीतीश अग्रवाल, चेयरमैन भर्ती कमेटी की अध्यक्षता में भर्ती की जाएगी।

**भर्ती के इच्छुक उम्मीदवार निम्नलिखित सेवा शर्तों /नियमों के अनुसार आवेदन कर सकते है।**

1. उम्मीदवार पास-पोर्ट साईज के 4 फोटो, शिक्षा, सेवानिवृत से संबंधित सर्टिफिकेट, मुल प्रमाण पत्र व सेवानिवृत्ति के समय प्रदान किया गया मेडिकल फिटनैस सर्टिफिकेट इत्यादि दस्तावेज के साथ लेकर आए आवेदक उपरोक्त सभी दस्तावेजों की मूल प्रति भी साथ लेकर आयें।
2. भर्ती किए लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की शैक्षणिक योग्यता 10+2 होनी चाहिए
3. सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए यह आवश्यक है उनकी आयु 25 से कम व 50 साल से अधिक ना हो और उन्हें अनुशासनहीनता या मेडीकल के आधार पर न हटाया गया हो। सेना में सेवा कम से कम 5 वर्ष तक की होनी चाहिए।
4. SPO को एक वर्ष की अवधि के लिए 18,000/- रुपये के मासिक मानदेय पर रखें जाऐंगे। इस राशि को विशेष पुलिस अधिकारी को नकद न देकर उनके बैंक खाते में जमा किया जायेगा।
5. SPO को, उनके ग्रह पुलिस थानों में तैनात नही किया जायेगा, लेकिन यह ध्यान में रखा जायेगा कि उनकी तैनाती उनके नजदीकी पुलिस थानों में हो जो कि उनके निवास स्थान के निकट हो, में की जाए। यदपि जो इच्छुक होगें उन्हे अन्य जिला में भी तैनात किया जा सकता है।
6. SPO को भर्ती के समय दो जोड़ा वर्दी, एक जोड़ा जूते और अन्य आवश्यक वर्दी से संबंधित वस्तुओं के लिए 3000 रुपये केवल एक बार दिए जाएंगे।
7. जब सरकारी दौरे पर होंगे तो उसके लिए 150 रुपये दैनिक भत्ता टी.ए.डी.ए दिया जाऐगा।
8. उन्हें आकस्मिक अवकाश जो हरियाणा पुलिस के सिपाही के लिए लागू है, प्रदान किया जाऐगा। वह निम्नलिखित अनुग्रह राशी के लिए भी पात्र होगें-

(क) ड्युटी के दौरान मत्यु होने पर -10 लाख रूपये व ड्यूटी के दौरान नेचुरल मृत्यु पर 3 लाख रूपये।
(ख) स्थाई विकलांता पर -1 लाख से 3 लाख रूपयें तक।
(ग) गंभीर चोट पर -1 लाख रुपये तक।

9. Ex-Service men का भर्ती के समय कोई लिखित परीक्षा तथा शारीरिक मापतोल नही होगा।
10. राज्य सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार अनुसूचित जाति तथा पिछड़े वर्ग उम्मीदवारों को उचित प्रतिनिधित्व दिया जाऐगा।
11. विशेष आधिकारियों को आपातकालीन स्थिति में थोडे समय के लिए हरियाणा राज्य के किसी भी जिले में तैनात किया जा सकता है।
12. विशेष पुलिस अधिकारियों को 15 दिन का पुलिस ड्यूटीओं बारे में विशेष प्रशिक्षण पुलिस लाइन फरीदाबाद में दिया जाएगा ताकि इनको कानून व्यवस्था, गार्ड ड्यूटी, पैट्रोलिंग, यातायात, और पुलिस से संबंधित अन्य ड्यूटीओं पर तैनात किया जा सके।
13. चयन के लिए साक्षात्कार में आने के लिए उम्मीदवारों को कोई यात्रा भत्ता तथा दैनिक भत्ता (टी.ए.डी.ए) नही दिया जाएगा।
14. अनुशासनहीनता एवं अन्य विभागीय अनियमितताएं पाए जाने पर तुरंत नौकरी से निकाल दिया जाएगा, कोई अपील नहीं सुनी जाएगी
15. 14 अक्टूबर 2022 के बाद आवेदन फार्म की जांच उपरांत भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी

पुलिस प्रवक्ता,
फरीदाबाद पुलिस।

### शहर का तापमान

- अधिकतम 28.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 23.00 डिग्री सेल्सियस

### शहर में आज

- बल्लभगढ़ स्थित श्रीगोपाल मंदिर में राम कथा का आयोजन: दोपहर 3 बजे और रात्रि 8 बजे।
- बीपीटीपी स्थित पार्क फ्लोर दो में प्रदर्शन जारी: सुबह 10 बजे।
- बीके सिविल अस्पताल में ओपीड़ी शुरू : सुबह 8 बजे।
- शहर में जगह-जगह वैक्सीनेशन कैम्प: सुबह 9 बजे।

### निवेश गुरु

**मिड** कैप शेयरों का वैल्यूएशन इस समय सस्ता नहीं है, लेकिन लार्ज कैप से तुलना करने पर यह निवेश के लिए अधिक बेहतर विकल्प दिखते हैं। देश में ब्याज दरों में कमी के इस माहौल में मिडकैप आपके निवेश पर रिटर्न के हिसाब से बेहतरीन दांव साबित हो सकते हैं। इसके लिए जरूरी है कि आप उन मिड कैप म्यूच्यूअल फंड में निवेश करें जो मझोले आकार की तेजी से वृद्धि करने वाली कंपनियों पर दांव लगाती है।

### यूटीलिटी न्यूज

## जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप कल से

**फरीदाबाद।** एथलेटिक्स हरियाणा मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार हरियाणा राज्य जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन राजीव गांधी खेल परिसर रोहतक में 7 अक्तूबर से 9 अक्तूबर तक किया जा रहा है। जिला एथलेटिक संघ सचिव एडवोकेट ओमवीर सिंह ने बताया कि राज्य एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 12 से 14 साल, 14 से 16 साल, 16 से 18 साल, 18 से 20 साल आयु वर्ग के लड़का और लड़की रनिंग इवेंट, जंप इवेंट और थ्रो इवेंट कराए जाएंगे। सभी इवेंट एथलेटिक्स फैडरेशन आफ इंडिया (एएफआई) के बनाए गए उचित मापदंडों के अनुसार होगा। एडवोकेट ओमवीर सिंह ने कहा कि राज्य प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों का एथलेटिक्स फैडरेशन आफ इंडिया के नियमानुसार 37वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप ( आसाम )गोवाहटी में आयोजित हो रही नेशनल चैंपियनशिप में 11 नवम्बर से 15 नवम्बर तक भाग लेंगे।

### क्विक न्यूज

## युवा उत्सव कार्यक्रम 14 अक्टूबर से

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में नेहरू युवा केंद्र संगठन, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की हिदायतों के अनुसार इस वर्ष पूरे भारत के सभी जिलों के नेहरू युवा केन्द्रों द्वारा जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में नेहरू युवा केंद्र, फरीदाबाद द्वारा आगामी 14 अक्टूबर 2022 को जेसी बोस/वाईएमसीए विश्वविद्यालय में जिला युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस उत्सव में चित्र फोटोग्राफी, कविता लेखन, भाषण प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता युवा संवाद का आयोजन किया जाएगा। डीसी विक्रम ने आह्वान करते हुए कहा कि इस सांस्कृतिक कार्यक्रम के जूरी मेंबर के रूप में 14 अक्टूबर 2022 को दो बजे जरूर उपस्थित हो।

# रावण दहन तो हुआ पर भ्रष्टाचार रूपी जानलेवा गड्ढों का अंत कब होगा?

### आठ वर्ष पूर्व बेटे को खो चुके पिता दे रहे गड्ढे रूपी बुराई के अंत का संदेश

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**बुराई** पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के तौर पर हर वर्ष रावण दहन किया जाता है, लेकिन दशहरा के बाद इस त्योहार के संदेश को भी भूल जाते हैं। वर्तमान में सबसे बढ़ी बुराई भ्रष्टाचार के रूप में नजर आ रही है। सरकार के दावें और नए-नए उपाय करने के बावजूद भ्रष्टचार पर पूरी तरह अंकुश नहीं लग पा रहा है।

ऐसा नहीं है कि भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों पर कार्रवाई नहीं हो रही है। पिछले दिनों भ्रष्टाचार के आरोप में नगर निगम के कर्मचारियों से लेकर बड़े अधिकारियों तक को विजिलेंस ने गिरफ्तार किया था, लेकिन निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार टस से मस नहीं हो रहा है। इसी वजह से शहर की हालत बद से बदतर होती जा रही है। जिसके परिणाम स्वरूप लोगों को रोज परेशानी झेलनी पड़ रही है। सरकार द्वारा शहर की सड़कों पर अरबों रुपये खर्च किये जा चुके हैं। लेकिन निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार से सड़क के गड्ढों के कारण लोगों की जान जा रही है। आठ साल पूर्व हाइवे पर बाटा मोड़ के पास गड्ढों के कारण हुई दुर्घटना में तीन साल के बच्चे पवित्र की जान चली गई थी। पवित्र के पिता तभी से गड्ढों के खिलाफ कानून बनाने की मांग को लेकर लड़ाई लड़ रहे हैं।



बाटा चौक पर अपने साथियों के साथ जागरुक कर रहे मनोज वधवा।



एनएच दो की इस सड़क पर निगम को है शायद किसी बड़े हादसे का इंतजार।

### सख्त कानून बनाने की मांग

**बुधवार** को जब लोग अपने परिवारों के दशहरा पर्व मना रहे थे, उस समय मनोज अपने साथियों के साथ हाइवे पर सड़क के गड्ढों के कारण होने वाले हादसों को लेकर संदेश दे रहे थे कि आज रावण दहन का मतलब है बुराई पर अच्छाई की जीत। रावण का पुतला तो हर साल दहन कर लेंगे। लेकिन जो सड़कों पर गड्ढे रूपी असली रावण हैं, जो कई मासूमों की जान ले रहा है! इन गड्ढों के जिम्मेदार ठेकेदारों और अधिकारियों (इंजीनयरों) के खिलाफ सख्त सजा का कानून कब बनेगा? मनोज ने बताया कि उन्होंने अपने वकील के साथ मिलकर गड्ढों की शिकायत और इनके लिए जिम्मेदार ठेकेदारों और अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने वाले कानून का प्रारूप बनाया है। वे चाहते हैं कि देश के विधायक, सांसद इस मुद्दे को विधानसभा और लोकसभा में उठाएं। ताकि सड़कों के गड्ढे और अन्य खामियों की वजह से होने वाली दुर्घटनाओं को लेकर सख्त कानून बनाया जा सके। इसे लेकर केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी से भी सोशल मीडिया के जरिये गुहार लगा चुके हैं।

### करोड़ों खर्च फिर भी गड्ढे



जानलेवा हो सकते हैं बड़खल-अनखीर रोड के गड्ढे।

**राष्ट्रीय** राजमार्ग के निर्माण में अरबों रुपये खर्च हो चुके हैं। लेकिन आज भी हाइवे पर मौजूद अनेक खामियों की वजह से सड़क दुर्घटनाएं होती रहती है। जरा सी बरसात आते ही हाइवे पर जगह जगह बुरी तरह पानी भर जाता है। बाटा चौक पर आज भी सड़क पर गड्ढे बने हुए हैं। वहीं शहर की सड़कों का निर्माण करने वाले नगर निगम और अन्य एजेंसियों द्वारा मजबूती का दावा करते हुए तारकौल के मुकाबले दस गुणा ज्यादा महंगी आरएमसी सड़कों का निर्माण पिछले कई सालों से करवाया जा रहा है। लेकिन अनके स्थानों पर निर्माण के कुछ दिनों बाद आरएमसी सड़कों पर दरारें आने लगती हैं। दरारों के कारण धीरे धीरे सड़के टूटने लगती है और वहां जानलेवा गड्ढे बन जाते हैं। शहर की कई प्रमुख सड़कों पर ऐसी स्थिति आम देखी जा सकती है। करोड़ों की लागत से बनी सेक्टर 23-24 की मैनरोड और गौंछी ड्रेन रोड इसका जीता जागता उदाहरण है। सरकार का पैसा खर्च होने के बावजूद अब लोग परेशानी झेलने को मजबूर हो रहे हैं। लेकिन भ्रष्टाचार के कारण ही संबंधित अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं होती।

### हाईकोर्ट में विचाराधीन केस

**टेलीकॉम** इंजीनियर मनोज वाधवा 10 फरवरी 2014 की रात करीब 10 बजे पत्नी टीना और तीन साल के बेटे पवित्र के साथ स्कूटर पर बल्लभगढ़ से लौट रहे थे। हाईवे पर बाटा मोड़ के नजदीक गड्ढों के कारण स्कूटर का संतुलन बिगड़ गया और तीनों सवार सड़क पर गिर गए। सड़क के नुकीले पत्थर से चोट लगने पर मासूम पवित्र की मौत हो गई थी। जबकि एक अज्ञात ट्रक द्वारा पैरों को कुचलने से टीना गंभीर रूप से घायल हो गई थी। उन्हें 23 दर्दनाक ऑपरेशनों के बाद बचाया जा सका था। मनोज वधवा का कहना है कि गड्ढों में पानी भरा होने और सड़क पर लाइट न होने से यह हादसा हुआ था। मनोज तब से ही बेटे की मौत के जिम्मेदार अफसरों और ठेकेदारों को सजा दिलाने के लिए कोर्ट में लम्बी कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्हें विश्वास है कि गड्ढों के लिए जिम्मेदार लापरवाह अधिकारियों को सजा जरूर होगी। घटना की जांच हाईकोर्ट द्वारा गठित एसआइटी द्वारा की गई थी। पुलिस ने भी दो ठेकेदार कंपनियों के अधिकारियों को दोषी माना था।

### विचार करना जरूरी



**सड़क** दुर्घटना के लिए जिम्मेदार खामियों के खिलाफ पिछले करीब आठ साल से कानूनी लड़ाई लड़ रहे मनोज वधवा का कहना है कि सरकार को इस गंभीर विषय पर गहनता के साथ विचार करना चाहिए। गड्ढों और सड़कों की अन्य खामियों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों की जिम्मेदारी तय करने और दोषियों को सजा दिलवाने के लिए जल्दी ही सख्त कानून बनाने की जरूरत है।

# अपराधियों की सम्पति पर चला पीला पंजा

### सेक्टर 31 इलाके में सरकारी जमीन पर बनी इमारतों को गिराया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



अवैध कब्जे को ढहाती जेसीबी मशीन।

**सरकार** द्वारा नशा तस्करी और अपराधिक गतिविधियों में शामिल अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने के दिए गए निर्देश पर जिला प्रशासन और फरीदाबाद पुलिस ने नशा तस्कर आसमा खातून के खिलाफ फिर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। आज से 20 दिन पहले एत्मादपुर सब्जी मंडी में बनाए गए अवैध दूकान को ध्वस्त किया गया था।

आरोपित महिला द्वारा राजीव नगर में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की जमीन पर अवैध रूप से बनाए दो मकान को अब ध्वस्त कर नशा तस्करों को कड़ी चोट पहुंचाई है। सेक्टर 31 एरिया राजीव नगर में आसमा खातून ने गांजा तस्करी करती थी, और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की जगह पर अवैध बिल्डिंग का निर्माण किया हुआ था जिसमे 1103 व 1105 नंबर दो मकान थे। मकान नंबर 1103 में 1 दुकान तथा पीछे 2 कमरे बनाए गए थे। आरोपित महिला व उसकी 2 बेटियां अफसाना और शबाना मकान में नशे का अवैध व्यापार करती थी। मकान नंबर 1105 आसमा खातून की बेटी शबाना खातून के पास था। आरोपित महिला और उसके परिवार के खिलाफ अवैध नशा तस्करी के 11 मुकदमे दर्ज है जिसमें 7 मुकदमे आसमा खातून तथा 2-2 मुकदमे उसकी दो बेटियों के खिलाफ दर्ज हैं। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा आसमा खातून को 26 सितंबर और 3 अक्टूबर को कब्जा खाली करने का नोटिस दिया गया था। जिसके पश्चात आज आरोपित महिला द्वारा बनाई गई इन दुकानों को भी फरीदाबाद पुलिस तथा जिला प्रशासन की टीमों ने मिलकर ध्वस्त कर दिया गया है। तोड़फोड़ के दौरान एचएसवीपी के अधिकारी, जिला उपायुक्त विक्रम द्वारा नियुक्त ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में डीसीपी सेंट्रल, मुकेश मल्होत्रा की देखरेख में मौके पर मौजूद पुलिस बल के साथ तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि फरीदाबाद पुलिस द्वारा अवैध रूप से संपत्ति अर्जित करने वाले अपराधियों की लिस्ट तैयार की जा रही है।

# महाविद्यालय में चलाए गए स्वच्छता अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**राजकीय** महिला महाविद्यालय फरीदाबाद की एनएसएस ईकाई के द्वारा एक दिवसीय कैम्प व ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कैम्प के दौरान एनएसएस स्वयं सेवकों ने महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। इसमें विभिन्न परिसरो में जैसे साइंस ब्लाक बीए ब्लाक, रूसा ब्लाक तथा स्पोर्टस ग्राउंड में साफ सफाई की।

इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राजकीय कन्या महाविद्यालय नचैली की प्राचार्या डॉ सुनिधि रहीं। उन्होनें छात्राओं को सम्बोधित करते हुए एनएसएस के विषय में बताया कि इससे राष्ट्र के प्रति सेवा की भावना का विकास हमारे हदय में आता है। राजकीय महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नरेन्द्र कुमार ने भी बताया कि एनएसएस में आने के पश्चात सभी छात्राओं का व्यक्तित्व का विकास होता है उन्होने अपने क्तव्य में कहा कि एनएसएस के द्वारा भावी राष्ट्र के निर्माता का निर्माण होता है।



राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रमाण पत्र देते हुए।

इस कार्यक्रम के दौरान गतवर्ष की एनएसएस गतीविधियों के विषय में जानकारी दी। तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों कविता, योगा तथा छात्राओं में अपने अनुभव सभी के साथ साझा किया। एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डॉ रचना सैनी ने छात्राओं को एनएसएस के विषय में बताते हुए सभी को जागरुक किया। इस मौके पर डॉ रीतिका गुप्ता व एनएसएस के सदस्य श्रीमती मोनिका, डॉ रमन कुमार, डॉ वर्षा शर्मा, शीतल रानी, सोनिया, पूनम शर्मा, नेहा विज आदि मौजूद रहे। वही दूसरी तरफ ईको क्लब तथा समाजशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में भी स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्राचार्य डॉ नरेन्द्र कुमार ने सफाई के महत्व को बताया। छात्राओं ने महाविद्यालय में सफाई करके नेक उदाहरण प्रस्तुत किया।

# पेंशन बहाली को लेकर किया बैठक का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**पेंशन** बहाली संघर्ष समिति, हरियाणा जिला फरीदाबाद के प्रधान राजेश भाटी के अनुरोध पर शिक्षा विभाग फरीदाबाद की समस्त यूनियनों की मीटिंग राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक (कन्या) विद्यालय, बल्लभगढ़ में हुई।

इस मीटिंग में हसला जिला फरीदाबाद के प्रधान संदीप चौहान, हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ,जिला फरीदाबाद के प्रधान भीम सिंह, हरियाणा मास्टर वर्ग एसोसिएशन जिला फरीदाबाद के प्रधान उदयवीर सिंह गिल, हजरस के जिला फरीदाबाद के प्रधान समय सिंह, राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ, जिला फरीदाबाद के प्रधान विजय मुदगिल, हरियाणा प्राईमरी टीचर एसोसिएशन, जिला फरीदाबाद के प्रधान चतर सिंह ने भाग लिया व समस्त प्रधानों ने सर्वसम्मति से कहा कि वर्ष 2004 के बाद लगे सभी कर्मचारी साथियों को पुरानी पेंशन मिलनी चाहिए व पुरानी पेंशन सभी कर्मचारियों का संविधानिक अधिकार है। एक कर्मचारी 30 साल अपनी सेवा देता है और उन्हे इतनी राजकीय सेवा करने के बाद पुरानी पेंशन मिलनी चाहिए। पुरानी पेंशन कर्मचारी का मान-सम्मान है। इस अवसर पर पेंशन बहाली संघर्ष समिति हरियाणा की राज्य सचिव डाक्टर प्रतिभा चौहान ने सभी प्रधानों से एक नवम्बर, 2022 को होने वाली वादा याद दिलाओ,रैली हिसार में जाने के लिए तन-मन-धन से सहयोग व समर्थन मांगा। सभी प्रधानों ने सर्वसम्मति से पेंशन बहाली संघर्ष समिति, हरियाणा जिला फरीदाबाद को अपना पूरा समर्थन दिया व पूर्ण आश्वासन दिया कि फरीदाबाद जिले से हजारों की संख्या के साथ हम इस रैली में हिस्सा लेंगे।



बल्ल्भगढ़ के सरकारी स्कूल में पुरानी पेंशन की बहाली का लेकर आयेजित बैठक में भाग लेते हसला के पदाधिकारी।

# परिवार पहचान पत्र से लिंक करवाएं नल कनेक्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जन** स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के वासो के जिला सलाहकार दीपक कुमार ने पुंडरी खंड के सक्षम युवाओं के साथ समीक्षा बैठक की। दीपक कुमार ने बताया कि कैथल शहरी क्षेत्र के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के बिश्वास पोर्टल पर 40 हजार 569 कनेक्शन स्वीकृत है, जिनमें से 5 हजार 371 कनेक्शन परिवार पहचान पत्र से ऑटोमेटिक लिंक किए जा चुके हैं। 35 हजार 172 पेयजल कनेक्शन परिवार पहचान पत्र से लिंक करना शेष था।

जिला सलाहकार ने बताया कि नोडल अधिकारी कार्यकारी अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडल नंबर 1 कैथल, अरविंद रोहिल्ला के दिशा-निर्देशानुसार शहरी क्षेत्रों के पेयजल कनेक्शनों को पीपीपी से लिंक करने का काम शुरू किया गया है। कैथल शहर में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के बिश्वास पोर्टल पर 24 हजार 225 कनेक्शन स्वीकृत है, जिनमें से 3 हजार 55 कनेक्शन परिवार पहचान पत्र से ऑटोमेटिक लिंक किए जा चुके हैं। 21 हजार 170 पेयजल कनेक्शन परिवार पहचान पत्र से लिंक करना शेष था। पुंडरी शहर में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के बिश्वास पोर्टल पर 3 हजार 237 कनेक्शन स्वीकृत है, जिनमें से 373 कनेक्शन परिवार पहचान पत्र से ऑटोमेटिक लिंक किए जा चुके हैं। 2 हजार 838 पेयजल कनेक्शन परिवार पहचान पत्र से लिंक करना शेष था। वहीं पुंडरी में आज 26 पेयजल कनेक्शनों को परिवार पहचान पत्र से लिंक किया गया। चीका शहर में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के बिश्वास पोर्टल पर 7 हजार 461 कनेक्शन स्वीकृत है, जिनमें से 1 हजार 293 कनेक्शन परिवार पहचान पत्र से ऑटोमेटिक लिंक किए जा चुके हैं। 6 हजार 168 पेयजल कनेक्शन परिवार पहचान पत्र से लिंक करना शेष था। कलायत शहर में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के बिश्वास पोर्टल पर 3 हजार 715 कनेक्शन स्वीकृत है, जिनमें से 447 कनेक्शन परिवार पहचान पत्र से ऑटोमेटिक लिंक किए जा चुके हैं। 3 हजार 268 पेयजल कनेक्शन परिवार पहचान पत्र से लिंक करना शेष था। राजौंद शहर में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के बिश्वास पोर्टल पर 1 हजार 931 कनेक्शन स्वीकृत है, जिनमें से 203 कनेक्शन परिवार पहचान पत्र से ऑटोमेटिक लिंक किए जा चुके हैं। 1 हजार 728 पेयजल कनेक्शन परिवार पहचान पत्र से लिंक करना शेष था।



### पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मोबाइल नंबर- 9255029919
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103

### नज़रिया



**दिनेश रघुवंशी, कवि**

पसीना खेत में बोता हूं जिससे फ़स्ल खिलती है
मेरे इस हौंसले से झूठ की बुनियाद हिलती है
मेरे मन में जो हिम्मत है मेरे ईश्वर ने दी मुझको
मेरे तन में जो ताक़त है ये धरती-माँ से मिलती है

# शिक्षा में नवाचार की भूमिका पर प्रकाश डाला

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**राष्ट्रीय** शिक्षा नीति-2020 के अनुपालना में नवाचार युक्त शिक्षा शास्त्र पर एक सामान्य प्रदर्शन सत्र का आयोजन जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान, पाली (फरीदाबाद) द्वारा राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर-28 (उत्कृष्टता केंद्र) में किया गया।

इस सत्र की अध्यक्षता जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य, राजेश कुमार द्वारा की गई। इस कार्यक्रम के दौरान फरीदाबाद जिले के सभी संकुल संसाधन केंद्रों के मुखिया, एबीआरसी, बीआरपी, वरिष्ठ प्रवक्तागणों ने शिरकत की। इस विशेष प्रदर्शन सत्र के दौरान डाइट फरीदाबाद की वरिष्ठ प्रवक्ता, डॉ. सीमा शर्मा द्वारा एक प्रस्तुति के माध्यम से शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के दिशा निर्देश निर्देशानुसार शिक्षा में नवाचार की भूमिका पर विशेष प्रकाश डाला गया। उन्होंने भविष्य में होने वाली गतिविधियों का लेखा-जोखा व रूपरेखा उपस्थित श्रोता गणों के साथ साझा की। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 के नोडल कोऑर्डिनेटर, दीपेंद्र चौहान ने कक्षा कक्ष में होने वाले विभिन्न नवाचारों पर शिक्षकों की भूमिका पर अपने विचार साझा किए । डाइट प्राचार्य राजेश कुमार जी द्वारा शिक्षा में नवाचार को आधुनिक काल की विशेष आवश्यकता बताया गया। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षकों द्वारा कक्षा कक्ष में नवाचार युक्त शिक्षा आधुनिक काल में विद्यार्थियों को भविष्य के लिए तैयार करती है। डॉ ऋषि पाल शर्मा, सुषमा रोहिल्ला व अनिल यादव द्वारा राज्य अनुसंधान परिषद की नवाचारों से संबंधित विभिन्न योजनाओं को साझा किया गया।



सेक्टर 28 स्थित राजकीय माडल वरिष्ठ मध्यामिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते प्राचार्य राजेश कुमार।

गौरतलब है शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा शिक्षा पर्व 2020 से मनाया जा रहा है। यह शिक्षक दिवस 5 सितंबर 2020 से आरंभ हुआ । राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु विद्यालय शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों की शुरुआत की गई है। शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के दूसरे वर्ष में समग्र शिक्षा एवं पीएम पोषण को एकीकृत किया गया है । सभी स्टेकहोल्डर्स ने इन कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

शिक्षक पर्व को मनाने के लिए सभी स्टेकहोल्डर्स व संकुल संसाधन समन्वयकों ने बेहतरीन भूमिका निभाई है। विभिन्न नवाचार शिक्षा शास्त्र से संबंधित विभिन्न गतिविधियों को एक नियोजित प्रकार से आयोजित करने के लिए इस प्रदर्शन सत्र के दौरान चर्चा की गई। इस सत्र में यह भी नियोजित किया गया कि आने वाले समय में विभिन्न विद्यालयों में कक्षा कक्ष में नवाचार को सुनिश्चित किया जाएगा । शिक्षण शास्त्र व सीखने के अधिगम से संबंधित विभिन्न विषयों मे फाउंडेशन से सेकेंडरी स्तर तक अलग-अलग विषयों पर प्रश्नावली तैयार की जाएंगी । इन सभी प्रश्नावलीओं का संकलन कर खंड स्तर पर चार बेहतरीन प्रश्नों को जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान के साथ साझा किया जाएगा।

### गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 26/09/2022 को मुदई निलेश निवासी नियर शनि मंदिर, हरि विहार आदर्श नगर बल्लभगढ़ फरीदाबाद बाबत अपनी पत्नी प्रियंका उम्र 22 वर्ष का दिनांक 24/09/2022 को अपने घर से बिना बताए अपनी मर्जी से चली गई। जिस बारे में मुकदमा नंबर 483 दिनांक 26/09/2022 धारा 346 भा0द0स0 थाना आदर्श नगर बल्लभगढ़ फरीदाबाद में दर्ज रजिस्टर है। हुलिया - रंग गोरा, गोल चेहरा हष्ट-पुष्ट शरीर, कद 5 फुट उम्र 22 साल काले रंग की साड़ी, पैरों में लेडीज हवाई चप्पल पहने हुए है। इस गुमशुदा औरत के बारे में सूचित करें।

**मोबाइल -129-2211033, 9582200169, 870066912**

### गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 02/09/2022 को एक औरत जिसका नाम संगीता उम्र 27 साल जिसका हुलिया रंग गेहुंआ, गोल चेहरा, कद 5 फुट जिसने पीले रंग का सूट सलवार, पैरों में सैंडल पहने हुए है। अपले घर से बिना बताए अपनी मर्जी से कहीं चली गई है। इस बारे में मुकदमा नंबर -452 यू/एस दिनांक 08/09/2022 घारा 346 भा0द0स0 थाना आदर्श नगर बल्लभगढ़ में दर्ज रजिस्टर है। यदि इस गुमशुदा औरत संगीता के बारे में कोई पता चले तो इन नंबरों पर सूचित करें।

**मोबाइल -129-2211033, 9582200169, 9897242209**

### गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 18/09/2021 को एक औरत जिसका नाम शीला उम्र 53 साल जिसका हुलिया रंग सांवाला, लम्बूतरा चेहरा, जिसके चेहरे के दाएं तरफ चोट का निशान कद 5 फुट जो गुलाबी कलर की साड़ी पैरों में लाल चप्पल पहने हुए है। अपले घर से बिना बताए अपनी मर्जी से कहीं चली गई है। इस बारे में मुकदमा नंबर 278 02/06/2022 यू/एस धारा 346 भा0द0स0 थाना आदर्श नगर बल्लभगढ़ में दर्ज रजिस्टर है। किसी को मिले तो इन नंबरों पर सूचित करें।

**मोबाइल नंबर- 9582200169, 129-2211033, 8377990475**

पायनियर
हरियाणा, शुक्रवार, 07 अक्टूबर, 2022



# दशहरा : राम-भरत मिलाप मेले में बच्चों की जमकर मस्ती

कविता। फरीदाबाद


दशहरा ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में गले मिलते राम व भरत।


शिव पार्वती के नृत्य का आनंद लेते दर्शक।


निशाना लगाते बच्चे व लोग।

**शहर** के विभिन्न हिस्सों में बुधवार की देर शाम बुराई के प्रतीक रावण, कुंभकरण व मेघनाद के पुतलों का दहन किया गया। जिसके बाद बृहस्पति को दशहरा ग्राउंड में आयोजित राम-भरत मिलाप मेले में बच्चों ने जमकर मौज-मस्ती की। बच्चों ने मेले में ऊंट, घुड़सवारी, झूलों के साथ साथ विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का भी स्वाद चखा। बीती शाम रावण दहन कार्यक्रमों में राजनेताओं और उद्योगपतियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इस दौरान प्रभु श्रीराम ने अहंकारी रावण के पुतले पर बाण चलाया, जिससे रावण, कुंभकरण और मेघनाद के पुतले धूमधड़ाके के साथ धूं-धूं कर जल उठे और परिसर जय श्रीराम के जयघोष आसमान गुंजाएमान हो गया। वहीं बृहस्पतिवार को भरत मिलाप के दिन दशहरा मैदानों में घरों के लिए सामान खरीदने हजारों की संख्या में लोग पहुंचे, जहां बच्चों और लोगों ने मेले में ऊंट, घुडसवारी और झुलों का आनंद लिया।

## भरत मिलाप का रंगारंग कार्यक्रम

रावण दहन के बाद बृहस्पतिवार को राम-भरत मिलाप कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस मौके पर राम व भरत के मिलन को देख कर श्रद्धालुओं की आंखें भर आई। इस दौरान भगवान श्रीराम व भरत मिलन का दृश्य देखने को लोग आतुर रहे। जगह-जगह चल रहे विविध रंगारंग कार्यक्रमों का लोगों ने भरपूर आनंद उठाया। इस दौरान दशहरे की तरह ही मेला लगा रहा। दिनभर दुकानदार अपनी दुकानों के सामान की बिक्री करते नजर आए।

## नृत्य देख दर्शक अचंभित

इस मौके पर प्रशासन की देखरेख में संस्थाओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें भगवान शिव व माता पार्वती के नृत्य ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसे देखकर लोगों ने दातों तले उंगली दबा ली। दशहरें के बाद यहां ऐसा पहली बार हुआ, जिसमें झांकियों के दौरान नृत्य प्रस्तुत किया गया।

## बच्चों ने की जमकर मौज मस्ती

दशहरा जहां बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतिक है, वहीं उत्साह और उमंग से मनाए जाने वाले पर्व पर लगने वाला मेला बच्चों के लिए खास है। मेले में दो दिन बच्चों के साथ बड़ों ने भी जमकर मस्ती की। बच्चों के लिए मेले में तरह तरह के खेल-खिलौने, राम और रावण की पौशाके उपलब्ध थी। एनआईटी के दशहरा मैदान में बच्चों के मनोरंजन के लिए भरपूर साधन थे। यहां दूर-दूर से लोग खरीदारी के लिए पहुंचे। इस





बार सबसे अधिक भीड़ किस्मत अजमाने के लिए बने स्टॉलों पर देखने को मिला।

स्टॉल पर हजारों बच्चे व युवा अपनी किस्मत अजमाते नजर आए। वहीं मेले में बच्चों के खिलौने गदा, तलवार, धनुष बाण, राम-रावण की पोशाक, सीटी वाली टोपियां, बाजे, गुब्बरे, मिट्टी के खिलौने, मूर्तियां आदि खूब बिकी। स्टिक से बने जीआईजो, सुपरमैन और बेटमैन, सुपरहीरो के जरिए खिलौने की दुकानें बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी रही। बच्चों ने बैटरी वाली कार और स्पिन मास्टर की हवाई रक्षा सिस्टम से हेलिकॉप्टर हवा में उड़ता है।

# पीएम की डिजिटल इंडिया की नीति को किया सीएम ने क्रियान्वित : गुर्जर

## सरकार ने स्कूली विद्यार्थियों के बीच से मिटाया गरीबी-अमीरी का अंतर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, विधायक सीमा त्रिखा, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव अजय गौड, डीसी विक्रम व अन्य गणमान्य व्यक्ति छात्राओं को टेब बांटते हुए।

**भारत** सरकार के भारी उद्योग और ऊर्जा विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने आज वीरवार को सेक्टर-12 के हेलीपैड ग्राउंड में जिला फरीदाबाद के छह विधानसभा क्षेत्रों की 1500 छात्राओं को आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में स्कूली छात्राओं को टैबलेट वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने अपने संबोधन में उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश के विकास में शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण है। किसी भी देश का विकास शिक्षा के बिना संभव नहीं हो सकता। हरियाणा सरकार ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशा निर्देशों अनुसार टेबलेट के जरिए टेक्नोलॉजी शिक्षा का विस्तार किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की 2020 की शिक्षा नीति को के बेहतर क्रियान्वयन के लिए टैब एक जरूरी साधन है। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले गरीब परिवारों के विद्यार्थियों को हरियाणा सरकार ने मुफ्त में दिए हैं। जो कि विद्यार्थियों को व्यावहारिक, किताबी और टेक्नोलॉजी शिक्षा प्रदान करेगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकार द्वारा ढाई लाख विद्यार्थियों को टैब वितरित किए जा चुके हैं और सरकार का लक्ष्य है कि 600000 विद्यार्थियों को टेब मिले जो आधुनिक 2020 की शिक्षा नीति का बेहतर तरीके से क्रियान्वित कर अच्छी पढ़ाई करके देश को विकसित बनाने में विद्यार्थी पढ़ लिखकर भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि गत मई माह में जिला में लगभग 22000 टैब 10वीं व 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों और उनके अध्यापकों को वितरित किए थे। अब अब यह टैब 11वीं के विद्यार्थियों को वितरित किए जा रहे हैं। आज 5100 छात्राओं को यह टैब वितरित किए गए हैं।

बड़खल की विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल को इस विशेष दिन के लिए मैं उनका तहे दिल से धन्यवाद करना चाहती हूँ कि बच्चे अपनी डिक्शनरी से गरीबी शब्द मिटा दे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सोच को लेकर आगे बढ़ना है और अपने देश, शहर और परिवार के नाम को आगे बढ़ाना है। देश में हरियाणा सरकार ने सरकारी स्कूल के 10वी, 11वीं और 12वीं कक्षाओं के बच्चों के लिए नई क्रांति के दिन से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में बीते दो साल में लगभग साढ़े चार लाख से अधिक बच्चों ने सरकारी स्कूल में एडमिशन लिया है। इतनी संख्या में बच्चे जब सरकारी स्कूलों में पढ़ने के लिए आते है तो वह सरकार के प्रति अपना विश्वास जता रहे है और वह सरकार की शिक्षा नीति से संतुष्ट हैं। सरकार जब बच्चों के भविष्य की चिंता करने लगे तो समझ लीजिये की इन बच्चों का भविष्य बहुत सुनहरा और सुरक्षित है।

डीसी विक्रम ने कहा कि 70 से 80 प्रतिशत सरकारी अधिकारी और राजनेता सरकारी स्कूलों से ही शिक्षा ग्रहण करके आज इस मुकाम पर पहुचे हैं। जहां तक आर्थिक स्तिथि की बात है, तो माता-पिता के पास भले ही कम पैसा हो सकता है पर सरकार द्वारा बच्चों के भविष्य निर्माण में पैसे की कोई कमी नही होने दी जाएगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल की प्रगतिशील सोच बहुत बड़ी है जिसका प्रणाम है की आज जिला में 10वीं से 12वीं तक लर्निंग टेबलेट स्कूली बच्चों को बाटे जा रहे है। अब सरकारी स्कूल के बच्चे भी प्राइवेट स्कूल के बच्चों के साथ कदम से कदम मिलकर देश ही नही विदेशों की जानकारियाँ ले सकेंगे। टेबलेट किसी राजनैतिक दृष्टि से नही बल्कि देश के भविष्य को सुंदर बनाने व बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त कर डिजिटल इंडिया से जुड़ सके। जिला शिक्षा अधिकारी मुनेश चौधरी ने बताया कि जिला फरीदाबाद में गत मई माह में 24050 टैब बांटे गए थे। जिला की फरीदाबाद, बड़खल, एनआईटी, तिगांव, बल्लभगढ़ और पृथला विधानसभा क्षेत्रों की 11वीं कक्षा की 1500 छात्राओं को टैब बांटे गए हैं।

# रिश्वत लेने के आरोप में एमसीएफ के जेई समेत दो कर्मी गिरफ्तार


रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार नगर निगम के जेई व कर्मचारी।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

## फुटपाथ पर फड़ लगाने वाली महिला से हर महीने वसूल रहे थे रकम

**सेक्टर** तीन में फुटपाथ पर कपड़े की फड़ लगाने वाली एक महिला से 12 हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में स्टेट विजिलेंस की टीम ने नगर निगम के एक जेई और एक क्लर्क को रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला का आरोप है कि दोनों सड़क पर दुकान लगाने के बदले में हर महीने से उससे 15 हजार रुपये वसूल रहे थे। विजिलेंस टीम ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक सेक्टर 56 के निकट स्थित एक कालोनी में रहने वाली एक महिला ने इस संदर्भ में स्टेट विजिलेंस के अधिकारियों से शिकायत की थी। जिसमें उसने कहा था कि वह सेक्टर तीन में फुटपाथ पर कपड़े की दुकान लगा कर परिवार का गुजारा चला रही है। नगर निगम के कार्यरत जेई नसीम और क्लर्क ओमवीर उसे पिछले काफी समय से परेशान कर रहे हैं। आरोपी फुटपाथ पर दुकान लगाने के बदले में उससे हर महीने 15 हजार रुपये वसूल रहे थे। अब पिछले कुछ समय उसका काम ठीक नहीं चल रहा था। जिसके कारण उसने दोनों आरोपियों के सामने रुपये देने में असमर्थ जता दी है। दुकान बंद करवाने की धमकी देने पर उसके द्वारा मिन्नते कीं। इसपर दोनों 12 हजार रुपये मांगने लगे। शिकायत पर स्टेट विजिलेंस के अधिकारियों ने तुरंत टीम गठित कर छापा मारने के आदेश दे दिया।

# अवैध रूप से बसी जमाई कालोनी में चला निगम का पीला पंजा

## सरकारी जमीन पर बने करीब 400 मकानों को तोड़ा गया, आज शुक्रवार को भी होगी तोड़फोड़

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


जमाई कालोनी में अवैध निर्माण ढहाती प्रशासन की जेसीबी।

**बड़खल** झील की पहाड़ी क्षेत्र में स्थित जमाई कालोनी में स्थित सरकारी जमीन पर हजारों लोगों ने अपने मकान, दुकान और गोदाम बनाए हुए हैं। पिछले दिनों नगर निगम और पुलिस द्वारा यहां कुछ अवैध निर्माणों को तोड़ था। बृहस्पतिवार को निगम का तोड़फोड़ दस्ता फिर कार्रवाई के लिए जमाई कालोनी पहुंच गया। इस दौरान निगम के दस्ते ने करीब 400 अवैध निर्माणों को तोड़ दिया। तोड़फोड़ की कार्रवाई शुक्रवार को भी जारी रहेगी।

जानकारी के मुताबिक बड़खल झील की पहाड़िया भी वन क्षेत्र का हिस्सा लेकिन नगर निगम और अन्य संबंधित विभागों की लापरवाही से पिछले कई सालों से लोग यहां कब्जे कर रहे हैं। पहाड़ पर बसी जमाई कालोनी में हजारों की संख्या में मकान बन चुके हैं। अब निगम ने अपनी इस जमीन को खाली करवाने के लिए रणनीति तैयार की थी। निगम द्वारा बुधवार को जमाई कालोनी में मकान खाली करवाने के लिए मुनादी करवाई थी। बृहस्पतिवार सुबह निगम का तोड़फोड दस्ता दस जेसीबी मशीन, एक पॉकलैंड मशीन और 500 पुलिस कर्मचारियों से साथ जमाई कालोनी पहुंच गया।

# सीवरेज में हुई मौत के मामले में एनएचआरसी ने जारी किया नोटिस

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**राष्ट्रीय** मानव अधिकार आयोग, एनएचआरसी, भारत ने 05 अक्टूबर, 2022 को हरियाणा के फरीदाबाद जिले के एक निजी अस्पताल में सीवर टैंक की सफाई के दौरान जहरीले धुएं से चार लोगों की मौत होने की मीडिया रिपोर्ट का स्वत: संज्ञान लिया है।

आयोग ने मुख्य सचिव और हरियाणा सरकार के पुलिस महानिदेशक को चार सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट देने के लिए नोटिस जारी किया है। रिपोर्ट में उन उपायों, जो हरियाणा सरकार पहले ही ले चुकी है या गरीबों के इस तरह के मानवाधिकारों के उल्लंघन को रोकने के लिए उठाए जाने वाले संभावित कदमों और वंचित लोग, जो सार्वजनिक/निजी संगठनों द्वारा बिना किसी यांत्रिक उपकरण के इस प्रकार की मैला ढोने या सीवेज की सफाई के लिए नियोजित होने की संभावना रखते हैं, को शामिल करना अपेक्षित है।

अधिकारियों को इस मामले में दर्ज प्राथमिकी की स्थिति और मृतक व्यक्तियों के निकटतम सम्बन्धी को दिए गए मुआवजे, यदि कोई हो, के बारे में सूचित करने का भी निर्देश दिया गया है। नोटिस जारी करते हुए, आयोग ने पाया है कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए विशिष्ट निर्णयों और विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के बावजूद, सीवेज सफाई कर्मचारियों को अभी भी अत्यधिक खतरे का सामना करना पड़ रहा है और उन्हें अपमानित होना पड़ रहा है। आयोग ने 24 सितंबर, 2021 को सेप्टिक टैंक की खतरनाक सफाई में लगे व्यक्ति के मानव अधिकार संरक्षण पर एक परामर्शी भी जारी की, जिसे सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों / प्रशासकों और केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालयों, आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय और सचिव, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग को उपचारात्मक कार्रवाई करने के लिए परिचालित किया गया था।

# भ्रष्ट अधिकारी अस्पताल को दे रहे हैं संरक्षण : विधायक शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

## क्यूआरजी अस्पताल में सीवर से हुई चार लोग की मौत को लेकर विधायक ने लिखा पत्र


विधायक नीरज शर्मा।

**एनआईटी** फरीदाबाद से विधायक नीरज शर्मा ने दशहरे के दिन क्यूआरजी अस्पताल सेक्टर-16 फरीदाबाद में सीवर सफाई करने वाले चार व्यक्तियों की मृत्यु को लेकर मुख्यमंत्री हरियाणा को लिखा पत्र। विधायक नीरज शर्मा ने मुख्यमंत्री एवं अन्य अधिकारियों को लिखे पत्र में कहा की विधानसभा सत्र के दौरान अतारांकित प्रश्न सख्या 187 के द्वारा अनिल विजजी, स्वास्थ्य मंत्री हरियाणा सरकार से पूछा गया था की क्या क्यूआरजी अस्पताल सै-16 फरीदाबाद सरकार के नियमों के अनुसार सभी नियमों और कानूनों को पूरा करता है। क्या इस अस्पताल को सरकार द्वारा अनुपालना प्रमाण पत्र तथा व्यवसाय प्रमाणा पत्र जारी किया गया है तथा इसका ब्यौरा क्या है। जिसपर अनिल विज, स्वास्थ्य मंत्री हरियाणा सरकार ने इस महान सदन को बताया गया था की क और ख हां श्रीमानजी, जबकि मेरे इस अस्पताल का ब्यौरा मांग गया था। जोकि उपलब्ध नहीं करवाया गया। यह मामला सदन की अवेहलना का भी बनता है परन्तु बड़े दुख के साथ कहना पड रहा है कि सरकार में कुछ भ्रष्टाचारी इस अस्पताल को अवैध कार्य करने को स्पोर्ट करते हैं। सदन को गुमराह करते हैं। जिससे की ऐसे दर्दनाक हादसे होते हैं। इसके साथ-2 विधायक नीरज शर्मा ने बताया की उनके कार्यालय के पत्र क्रमांक एफबीडी/21-22/169/ 03/04/2021, जोकि सचिव हरियाणा विधानसभा को प्रेषित किया गया था उसके द्वारा इस अस्पताल का ब्यौरा उपलब्ध करवाने बारे कहा गया था। जिसपर सचिव हरियाणा विधानसभा के कार्यालय के पत्र से 02 सितंबर 2021 के द्वारा, जो क्यूआरजी अस्पताल के बारे में एक नोट उपलब्ध करवाया गया है। जिस पर किसी अधिकारी के हस्ताक्षर नहीं है तथा जो अनुपालना प्रमाण पत्र तथा व्यवसाय प्रमाणा उपलब्ध करवाया गया है वह विवेकानंन्द अश्राम सोसायटी का है, जबकि मेरे द्वारा क्यूआरजी हस्पताल सेक्टर-16 फरीदाबाद का मांगा गया था एवं जो अनुपालना प्रमाण पत्र तथा व्यवसाय प्रमाणा उपलब्ध करवाया गया है वह 2009 का जबकि 2009 में क्यूआरजी हस्पताल था ही नहीं।

विधायक नीरज शर्मा ने पुन: सवाल संख्या 18 पूछा तो उसमें भी सवाल को गोलमोल घुमा दिया गया है। इसमें भी बताया गया है कि अनुपालना प्रमाण पत्र तथा व्यवसाय प्रमाणा पत्र विवेकानंन्द अश्राम सोसायटी का है।

जबकि मेरे द्वारा क्यूआरजी हस्पताल सेक्टर-16 फरीदाबाद का मांगा गया था। बार-2 सवाल को घुमाया जा रहा है क्योंकि क्यूआरजी अस्पताल के पास अपना अनुपालना प्रमाण पत्र तथा व्यवसाय प्रमाणा पत्र है ही नही। विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि मैं इस हस्पताल के बारे में सरकार को काफी समय से जगाने की कोशिश कर रहा हूँ लेकिन कोई कार्यवाही नही की गई क्या सरकार इससे भी बडे हादसे का इंतजार कर रही है।

## पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंपे शव

**फरीदाबाद।** क्यूआरजी अस्पताल में सिवर सफाई के दौरान चार कर्मचारियों की मृत्यु के मामले में पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों के हवाले किया। पुलिस द्वारा इस मामले में क्यूआरजी हस्पताल और संतुष्टि एलाइड सर्विसेज के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके पुलिस जांच शुरू कर दी है। लापरवाह व्यक्तियों के खिलाफ कानूनन सख्त कार्रवाई की जाएगी। परिजनों की मांग पर जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त एसडीएम के साथ उनकी वार्ता रही सकारात्मक, परिजन हुए सहमत। वहीं श्रम विभाग तथा एससी एसटी एक्ट व सरकार की पॉलिसी के तहत मृतक रोहित, रवि, विशाल तथा रवि गोलदार के परिजनों को मुआवजा दिया जाएगा।

# संक्षिप्त समाचार

## रावण को आतंक लिखने की ब्राह्मण सभा द्वारा निंदा



**फरीदाबाद।** हरियाणा के जिला अंबाला शहर में दशहरे पर दशानन रावण के नाम के आगे आतंकी शब्द लिखने को लेकर अखिल भारतवर्षीय ब्रह्ममण महासभा के जिलाध्यक्ष शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने कड़ी निन्दा व्यक्त की है। वशिष्ठ ने कहा, अंबाला शहर के साथ साथ पूरे हरियाणा में ब्राह्मण संगठनों ने इस मामले में षड्यंत्र के तहत धार्मिक भावनाएं से आहत करने का केस दर्ज करने ने की मांग की है। भवानी आर्ट्स के संचालक गगन भवानी ने आनलाइन वीडियो जारी करते हुए इस मामले में सार्वजनिक रूप से माफी मागना एक ड्रामा है। वशिष्ठ ने कहा कि माफ़ी मांगने से काम नहीं चलेगा तुरंत पुलिस को इस होर्डिंग पर आंतकी रावण लिखने वाले गगन भवानी नाम व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए। वशिष्ठ ने कहा की महाराज रावण समस्त वेदों के ज्ञाता थे और सभी 36 बिरादरियों में पूज्य भी। ऐसे में उनको आतंकी लिखकर धार्मिक भावनाओं को आहत करने की साज़िश रची गई अगर आज कानूनी कार्रवाई की जाती है तो भविष्य में कोई भी व्यक्ति ऐसी हिमाकत करने की कोशिश नही करेगा।

## दशहरे पर वीर पर्व मनाया



**फरीदाबाद।** गुरुकुल इन्द्रप्रस्थ आर्य नगर, फरीदाबाद में दशहरे के शुभ अवसर पर दशहरे पर वीर पर्व मनाया गया। जिसमें प्रतियोगिताएं (कुश्ती, कबड्डी, दौड़, रस्साकसी, मलखंभ आदि) आयोजित हुईं। प्रतियोगिताओं में आर्यवीरों व आर्य वीरांगनाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में आचार्य ऋषिपाल आर्य, होतीलाल आर्य, व्यायाम शिक्षक हरिओम आर्य, शिव कुमार टुटेजा, आशा पण्डित, संजय खट्टर आर्य, ब्रह्माचारी राज सिंह, आर्य समाज सेंट्रल सेक्टर 15 के प्रधान सत्य प्रकाश अरोरा। देशबंधु आर्य माता रुक्मणि टुटेजा, डॉ प्रेम सागर, ओम प्रकाश सोलंकी व आर्य समाज नम्बर 4 से भी कई आर्य बंधु व, राष्ट्रकवि धर्मेश अविचल (मुख्याध्यापक गुरुकुल इंद्रप्रस्थ), मनीष डंगवाल, मनोज डंगवाल इत्यादि उपस्थित रहे।

## द्वितीय श्रीश्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन



**फरीदाबाद।** द्वितीय श्रीश्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन महाराज श्याम सिंह चौहान व देवानंद शास्त्री के पवन सानिध्य में ओल्ड फरीदाबाद लक्ष्मी विला निकट क्यूआरजी अस्पताल सेक्टर-18 में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत खाटू श्यामजी की पूजा अर्चना से हुई। जिसमें मुख्यमंत्री के राजनैतिक सचिव अजय गौड, विधायक नरेन्द्र गुप्ता, पूर्व मंत्री विपुल गोयल, जिला खजाना अधिकारी संजय ठाकुर, पूर्व विधायक शारदा राठौर, लखन सिंगला, बलजीत कौशिक, गुलशन बगा, कृपाल सिंह, विरेन्द्र सिंह असिस्टेंट खजाना कार्यालय ने खाटू श्यामजी की आरती करके उनसे आशीर्वाद लिया और परिवार के लिए मंगल कामना की। इस मौके पर गायक मुस्कान आनन्द , मोनू वर्मा और यशिंका सिंह द्वारा गाए गए सुन्दर-सुन्दर भजनों पर भक्त खूब नाचे। भक्तों ने भी भजन दुखों की धूप में तू छांव बनकर आया है, मेरी तकलीफ को तूने हर बार अपनाया है। कैसे करूं तेरा शुक्रिया मेरे श्याम बाबा, तूने ही तो मुझ कंकर को हीरा बनाया है, गाकर पूरे वातावरण को श्याममय बना दिया। इस कार्यक्रम के आयोजक दिनेश कुमार थे। जिन्होंने अपने पुत्र आदित्य और पुत्री यशिका के जन्मदिवस पर इतने सुन्दर और मनमोहक श्रीश्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया।

## सब जूनियर बैंडमिंटन चैम्पियनशिप शुरू

**फरीदाबाद।** सेक्टर-14 स्थित मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल में बृहस्पतिवार से चार दिवसीय 55वीं हरियाणा स्टेट सब जूनियर बैंडमिंटन चैम्पियनशिप का आगाज हो गया। इस अवसर पर जिला फरीदाबाद बैंडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. अमित भल्ला बतौर मुख्य अतिथि तथा एसोसिएशन के पैटर्न आनन्द मेहता, मानव रचना यूनिर्वसिटी के महानिदेशक एनसी वाधवा, मानव रचना स्पोर्ट्स एकाडमी के निदेशक सरकार तलवाड, सचिव हेमंत शर्मा व अलका चुघ बतौर विशेष अतिथि मौजूद थे। फरीदाबाद जिला बैंडमिंटन एसोसिएशन के महासचिव संजय सपरा ने आए हुए अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर देश के अंडर-19 वर्ग में तीसरे नम्बर के बैंडमिंटन खिलाड़ी मनराज सिंह व अनमोल खरब को 21-21 हजार की सम्मान राशि भी भेंट की गई। इसके अलावा इन दोनों खिलाडियों को मानव रचना स्पोर्ट्स साईंस सैन्टर द्वारा पांच लाख रूपए का पैकेज भी दिया गया। 6 से 9 अक्टूबर तक चलने वाली इस स्टेट बैंडमिंटन चैम्पियनशिप में प्रदेश के सभी जिलों से 400 के करीब प्रतिभागी शिरकत कर रहे है।

## श्रीगोपाल मंदिर में राम कथा शुरू



**बल्लभगढ़।** श्रीगोपाल मंदिर ट्रस्ट जगदीश कॉलोनी 44वें वार्षिकोत्सव संगीतमय राम कथा का आयोजन 6 से 9 अक्टूबर रविवार तक आकाश सिनेमा पार्क में बड़ी धूमधाम से किया जा रहा है। जिसमें वृंदावन से पधारे कार्ष्णि स्वामी सुमेधानंद महाराज ने रामकथा के महत्व पर प्रकाश डाला महाराज ने अपने सुंदर मुखारविंद से राम कथा का वर्णन करते हुए राम कथा सुनने से पुण्य आत्मा धर्मात्मा का उद्धार तो होता ही है साथ ही बड़े से बड़े पापी भी तर जाते हैं। राम कथा सुनने से परम सुख की प्राप्ति होती है। जीवन में जिस सुख का अनुभव ना हो वह भी प्राप्त होता है। प्रेत आत्मा अपनी योनि से मुक्त होकर प्रभु में लीन हो जाती है। उसका भी उद्धार हो जाता है। राम कथा सुनने से आयु की वृद्धि धन की वृद्धि मन की प्रसंता रामकथा के तिहु अधिकारी जिनकी सत्संग अति प्यारी। पहले जन्म में राम कथा सुनी तो मानव बने मानव बनकर राम कथा श्रीप्रभु धाम की प्राप्ति हुई इसलिए मानव जीवन में रामकथा का विशेष महत्व है। मंदिर के प्रधान जनक राज शर्मा द्वारा महाराज का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मंच का संचालन ठाकुर दास दिनकर द्वारा किया गया। विजय अरोड़ा द्वारा सभी सत्संग प्रेमियों के लिए सुंदर प्रसाद की व्यवस्था की गई।

## बैंक कर्मी बन ठगने वाले 11 आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** आज के समय बैंक में पैसे को रखना सबसे सुरक्षित उपाय है परंतु जागरूकता के अभाव में कुछ भोले-भाले लोग अपने बैंक या क्रेडिट कार्ड संबंधित सारी जानकारी साइबर ठगों को आसानी से उपलब्ध करवा देते हैं जिसकी वजह से साइबर अपराधी इन्हें साइबर ठगी का शिकार बनाकर उन्हें आर्थिक रूप से बहुत नुकसान पहुंचाते हैं। फरीदाबाद साइबर पुलिस इन अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में साइबर अपराध फरीदाबाद के नोडल अधिकारी डीसीपी नीतीश कुमार अग्रवाल के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए साइबर थाना एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर बसंत व उनकी टीम ने साइबर ठगी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए क्रेडिट कार्ड के माध्यम से धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के 11 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए गिरफ्तार किए गए आरोपियों में साहिल, खालिद, देवेंद्र, जतिन, इरफान, नसीम, आसिम, अमित उर्फ सोनू, सचिन, सोनू तथा मोहम्मद कैफ उर्फ सान उर्फ जाट उर्फ अल हबीबी का नाम शामिल है। आरोपी देवेंद्र फरीदाबाद के पल्ला का रहने वाला है और बाकी सभी अन्य आरोपी दिल्ली के निवासी हैं। आरोपी देवेंद्र नोएडा में कोटक बैंक के क्रेडिट कार्ड डिपार्टमेंट में थर्ड पार्टी के तहत काम करता है जो बैंक से नया क्रेडिट कार्ड बनवाने वाले ग्राहकों की जानकारी अपने साथियों को उपलब्ध करवाता था।

# जिला परिषद के चुनाव सिंबल पर लड़ें या नहीं, फैसला जिला इकाई करेगी

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष धनखड़ ने कहा आदमपुर उपचुनाव को लेकर अभी उम्मीदवार का नाम तय नहीं किया गया

### आदमपुर उपचुनाव के उम्मीदवार का फैसला मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष पर छोड़ा



आदमपुर उप-चुनाव व पंचायत चुनावों को लेकर भाजपा की बैठक में मौजूद सीएम मनोहर लाल, हरियाणा प्रभारी बिप्लब देब, प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ व अन्य।

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़/गुरुग्राम

**पंचायत** चुनाव और आदमपुर उपचुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी हरियाणा की अहम बैठक प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ और मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में गुरुवार को पंचकूला स्थित पंचकमल प्रदेश कार्यालय में हुई। जिला परिषद के चुनाव सिंबल पर लड़े जाए या नहीं इसका फैसला जिला इकाईयों पर छोड़ दिया गया।

बैठक में सेवा पखवाड़ा के दौरान किए गए कार्यों की भी समीक्षा की गई। आदमपुर उपचुनाव को लेकर अभी उम्मीदवार का नाम तय नहीं किया गया है। मीटिंग के बाद पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने यह साफकिया कि आदमपुर उपचुनाव में प्रत्याशी का फैसला जल्द ही मुख्यमंत्री के साथ बैठक करके ले लिया जाएगा। बैठक में सबसे अहम निर्णय लिया गया कि बीजेपी नवंबर माह के तीसरे सप्ताह में प्रदेश सरकार के आठ साल के विकास कार्यों को लेकर एक विराट रैली करेगी। बैठक में प्रदेश प्रभारी बिप्लब देब, संगठन मंत्री रविन्द्र राजू, प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष बराला, कुलदीप बिश्नोई, मीडिया प्रभारी डा. संजय शर्मा व जिला प्रभारी तथा जिला पंचायत चुनाव प्रभारियों ने बैठक में भाग लिया।

प्रदेश अध्यक्ष ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि पंचायत चुनाव के लिए जिन नेताओं को अलग-अलग जिलों का इंचार्ज बनाया गया था, आज उनकी एक सामूहिक बैठक हुई। इसके अलावा प्रदेश की चुनाव समिति की भी बैठक संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि 27 अक्टूबर को सरकार के 8 साल पूरे हो रहे हैं। उसी दिन डा. मंगलसेन की जयंती है। भाजपा बूथ स्तर पर डा. मंगलसेन की जयंती मनाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार के आठ सालों में कराए गए काम को लेकर पार्टी जनता के बीच जाएगी। एक निर्णय यह भी हुआ है कि 8 साल के उपलक्ष्य में एक बड़ी रैली हरियाणा में की जाएगी। आदमपुर उपचुनाव और पंचायत चुनाव बीच में आ रहे हैं इसलिए यह रैली नवंबर के तीसरे सप्ताह में किए जाने का फैसला लिया गया है।

धनखड़ ने कहा कि जो पंचायत चुनाव संपन्न होने जा रहे हैं उसके बारे में चुनाव समिति ने निर्णय लिया है कि पंच, सरपंच और ब्लॉक समिति चुनाव सिंबल पर पार्टी नहीं लड़ेगी। उन्होंने बताया कि जिला परिषद के चुनाव सिंबल पर लड़ा जाए या नहीं, इसका फैसला चुनाव समिति ने जिला इकाईयों पर छोड़ा है। उन्होंने बताया कि बैठक में सिंबल पर चुनाव लड़ने और नहीं लड़ने के दोनों तरह के मत आ रहे थे। सिंबल पर चुनाव लड़ने या नहीं लड़ने का स्वतंत्र रूप से निर्णय जिला इकाईयों का रहेगा।

आदमपुर विधानसभा उपचुनाव में उम्मीदवार के सवाल पर धनखड़ ने कहा कि इसका फैसला मुझ पर और मुख्यमंत्री पर छोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही उम्मीदवार की घोषणा कर दी जाएगी। पीएम मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में मनाए गए सेवा पखवाड़ा के बारे में बोलते हुए धनखड़ ने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में अच्छा काम किया गया है। बड़ी मात्रा में जल बचाने के लिए टोंटियां लगाई गई, पौधारोपण किया गया। उन्होंने कहा कि रक्तदान शिविरों में कार्यकर्ताओं ने उत्साह से भाग लिया। दिव्यांगों के लिए अंग व उपकरण प्रदान किए गए।

उन्होंने बताया कि सेवा के लिए पूरे प्रदेश में हेल्थ मेले, टीबी के मरीजों को गोद लिया गया। सेवा पखवाड़ा सफल रहा और कार्यकर्ताओं ने खूब मेहनत की है।

## बूथ जीता, चुनाव जीता: बिप्लब देव

**त्रिपुरा** के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा हरियाणा प्रभारी बिप्लब देव ने कहा कि मेरे लिए गर्व की बात है कि मुझे हरियाणा प्रदेश का प्रभारी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि उत्तर-पूर्व के कार्यकर्ता को किसी प्रदेश का प्रभारी बनाया गया है, यह पहली बार हुआ है। बिप्लब देव ने बैठक में बूथ जीता, चुनाव जीता का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि मैं हरियाणा के हर बूथ तक प्रवास करूंगा, क्योंकि बूथ की मजबूती से ही चुनाव में सफलता मिलती है। इसलिए, बूथ को मजबूत करना मेरा लक्ष्य है। हरियाणा प्रदेश प्रभारी बिप्लब देव गुरुवार को चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पहुंचे तो उनका भव्य स्वागत किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### हाई टेंशन लाइन से टकराने पर 28 वर्षीय युवक की मौत



मृतक सलीम की फाइल फोटो।

**सोहना।** नगर परिषद के गांव रायपुर में 28 वर्षीय युवक की बिजली हाई टेंशन लाइन से टकराने पर मौत हो गई। मृतक के शव कि पुलिस ने पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मृतक के साथ चल रहा युवक की शिकायत पर बिजली निगम कर्मचारी तथा अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। रायपुर निवासी साकिर ने पुलिस को बताया कि वह और सलीम के साथ-साथ पैदल रेल लाइन के नीचे अपने घर को जा रहे थे। सलीम उससे थोड़ी आगे चल रहा था। रेल लाइन के साथ बिजली के नंगी तारों की लाइन जा रही है। बिजली की तार जमीन से करीब पांच फुट की ऊंचाई पर लटका हुए हैं। सलीम का सिर बिजली की लाइन से भिड़ गया। जिससे सलीम को जोरदार झटका लगा। उसकी बिजली का जोरदार करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। जिसकी सूचना शहर थाना पुलिस को दी गई। गुरुवार को ही पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों सौंप दिया। यहां के निवासी रफीक ने बिजली की लटक रही तारों की कई बार शिकायत निगम अधिकारी को की जाती रहीं हैं।

### किरायेदार का सत्यापन ना करवाने पर मकान मालिक गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** मुजेसर एरिया में किराए पर रह रहे एक व्यक्ति ने चुन्नी से गला घोट कर पत्नी की हत्या कर मौके फरार हो गया था। जिस संबंध में थाना मुजेसर में मुकदमा दर्ज किया गया था। क्राइम ब्रांच व थाना पुलिस की दो टीम आरोपी की तलाश में जुटी है और जल्द गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं पुलिस जांच में सामने आया कि मकान मालिक धर्मबीर ने किराए पर मकान देते समय पत्नी के हत्यारे यूपी निवासी श्रवण कुमार की पुलिस वेरिफिकेशन नहीं करवाई थी इसलिए मकान मालिक के खिलाफ भी सरकारी आदेशों की अवहेलना करने के जुर्म में धारा 188 के तहत मुकदमा दर्ज करके मकान मालिक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि मुजेसर के कोहली मोहल्ला एरिया में धर्मबीर का मकान है जहां पर 20 दिन पहले ही आरोपी पति श्रवण कुमार और उसकी पत्नी पूजा ने किराए पर मकान लिया था।

# स्वच्छता रैंकिंग में गुरुग्राम को 19वां स्थान मिलने पर नवीन गोयल ने निगमायुक्त को दी बधाई

### निगमायुक्त ने पर्यावरण सुधारने के नवीन गोयल के प्रयासों को सराहा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**इस** बार स्वच्छता रैंकिंग में गुरुग्राम को 19वां स्थान मिला है। इसकी बधाई देने के लिए गुरुवार को पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने निगमायुक्त मुकेश कुमार आहुजा से मुलाकात करके उन्हें बधाई दी। साथ ही कहा कि हम सब मिलकर अपने गुरुग्राम को टॉप-10 में शामिल करने के लिए और भी अधिक मेहनत से काम करेंगे।



गुरुग्राम निगमायुक्त से मुलाकात करते नवीन गोयल।

निगमायुक्त मुकेश कुमार आहुजा को स्वच्छता के क्षेत्र में उनके प्रयासों के लिए नवीन गोयल ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम की स्वच्छता के लिए श्री आहुजा लगातार सक्रियता से काम कर रहे हैं। स्वयं भी फील्ड में जाकर सफाई की जमीनी हकीकत जानते हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता रैंकिंग में अभी हम 19वें स्थान पर आए हैं। इसे और कम करके टॉप10 सूची में आना हमारा टारगेट है। निगमायुक्त मुकेश कुमार आहुजा ने भी नवीन गोयल के हर स्तर पर स्वच्छता और पर्यावरण में सुधार के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने नवीन गोयल से कहा कि आप भी काम कर रहे हैं। स्वच्छता और पर्यावरण में सुधार के लिए लगातार काम कर रहे हैं। पौधारोपण आदि करके इस दिशा में बेहतर काम किया जा रहा है।



गुरुग्राम में श्रीदुर्गा रामलीला कमेटी की ओर से श्रीराम के राजतिलक को लेकर निकाली गई शोभा यात्रा में शामिल झांकी।

# नियम तोड़ने पर 8 लाख से अधिक वाहनों पर पौने 9 करोड़ रुपये जुर्माना

### यातायात के नियम तोड़ने वालों पर यातायात पुलिस हो रही है सख्त

### हर जगह पर लगा दिए गए हैं सीसीटीवी कैमरों से भी हो रही निगरानी

### सबसे ज्यादा गलत दिशा में चलते वाहनों का हुआ चालान

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**मिलेनियम** सिटी गुरुग्राम में यातायात में सुधार के लिए भले ही यातायात पुलिस लाख प्रयास कर रही हो, लेकिन यहां यातायात के नियमों तो तोड़ने वालों की भी कमी नहीं है। जनवरी-2022 से अगस्त 2022 के बीच यहां 8 लाख से अधिक वाहनों के चालान किए गए, जिन पर पौने 9 करोड़ रुपये जुर्माना ठोंका गया।

गुरुग्राम में जनवरी से अगस्त माह के दौरान पोस्टल (ऑनलाइन) व मैन्युअल (ऑफलाइन) प्रक्रिया के माध्यम से 8 लाख 39 हजार 454 वाहनों के चालान कर 8 करोड़ 81 लाख 26 हजार 160 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसमें सबसे अधिक चालान गलत दिशा में वाहन चलाने वाले लोगों के किए गए हैं। इस अवधि में मैन्युअल आधार से गलत दिशा के 29,548 चालान, ट्रैक्टर-ट्रॉली के 154, बिना अनुमति के सायरन के 72, नो एंट्री के 1267, अधिक सीटिंग कैपेसिटी के 3651, ब्लैक फिल्म 307, प्रेशर हॉर्न के 137, बिना हाई सिक्योरिटी प्लेट के 17076, खतरनाक ड्राइविंग के 1195, स्कूल बस के 93, बिना नंबर प्लेट के 3679 चालान सहित अन्य ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन के 4,29,111 चालान कर कुल 7 करोड़ 49 लाख 62 हजार 700 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। वहीं उपरोक्त अवधि में ही पोस्टल चालान के माध्यम से 3 लाख 53 हजार 164 वाहनों का चालान कर 1 करोड़ 31 लाख 63 हजार 460 रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

### आम नागरिक भी भेज सकते हैं वीडियो

**पुलिस** आयुक्त ने कहा है कि जिला में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों पर कार्रवाई के लिए अब आमजन भी अपने सहयोग दे सकते हैं। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि आपको जिला में किसी भी स्थान पर कोई व्यक्ति यातायात नियमों का उल्लंघन करता मिले तो आप उसका वीडियो (जिसमें स्थान व समय अंकित हो) बनाकर गुरुग्राम पुलिस के ट्वीटर हैंडल व फेसबुक पेज पर अपनी शिकायत भेज सकते हैं। वीडियो मिलने के बाद गुरुग्राम पुलिस द्वारा संबंधित वाहन मालिक पर नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी। रामचंद्रन ने बताया कि समय के साथ साइबर सिटी की पुलिस ने भी अपनी चालान प्रणाली को हाईटेक करते हुए ऑनलाइन चालान की प्रक्रिया शुरू की है।

### मुख्य स्थलों पर लगे हैं 1100 सीसीटीवी कैमरे

**नई** व्यवस्था के तहत गुरुग्राम में मुख्य सड़कों, चौक चौराहों व रेडलाइट पर 1100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिन्हें पुलिस मुख्यालय के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के द्वारा संचालित किया जा रहा है। यातायात नियमों को ताक पर रखकर चलने वालों का पोस्टल चालान कर, उसके साथ तीड़े गए यातायात नियम की फोटो भी वाहन मालिक के स्थाई पते पर भेजी जा रही है। वहीं मैन्युअल आधार पर यातायात नियमों की उल्लंघना करने वालों पर शिकंजा कसते हुए नियमानुसार उनके चालान किए जा रहे हैं।

# आज से लेजरवैली मैदान पर शुरू होगा राष्ट्रीय सरस आजीविका मेला





गुरुग्राम के सेक्टर-29 लेजरवैली मैदान में सजा सरस मेले का मुख्य द्वार।

### सरस आजीविका मेले की सभी तैयारियां पूरी

**गुरुग्राम।** शुक्रवार से यहां लेजरवैली मैदान सेक्टर-29 में राष्ट्रीय स्तर का सरस आजीविका मेला शुरू हो रहा है। ग्रामीण महिलाओं और शिल्पकारों के लिए अपनी प्रतिभा प्रदर्शन करने का यह शानदार प्लेटफार्म साबित होगा। महिला सशक्तिकरण की अनूठी पहल सरस मेला है। सरस आजीविका से लाखों महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार हुआ है।

इस मेले में अलग-अलग राज्यों से 500 से अधिक महिलाएं भाग लेंगी। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय वर्ष 1999 से देश भर में सरस मेले आयोजित कर रहा है। ग्रामीण महिला स्वंय सहायता समूहों को मार्केटिंग का प्लेटफॉर्म उपलब्ध करवा रहा है। स्वदेशी मिशन को मजबूत करने का यह सशक्त अभियान है। देश के 30 राज्यों के प्रसिद्ध हस्तनिर्मित उत्पाद और व्यंजन भी यहां उपलब्ध होंगे। ग्रामीण मंत्रालय जल्द ही इन उत्पादों के लिए ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म की शुरुआत भी करेगा। मेले में रोज अलग-अलग विषयों पर कार्यशालाएं भी होंगी। मनोरंजन के लिए रोजाना शाम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। मेले में मिनी इंडिया की झलक नजर आएगी। अलग अलग राज्यों के लोकप्रिय व्यंजनों की भी 30 लाइव फूड स्टॉल लगाई जाएंगी।

# टूटी सड़कों, ओवरफ्लो सीवरेज को विधायक ने तुरंत सही करने के दिए आदेश

### सेक्टर-15 पार्ट-2 क्षेत्र में विधायक सुधीर सिंगला ने किया औचक निरीक्षक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



सेक्टर-15 पार्ट-2 क्षेत्र में टूटी सड़कों का जायजा लेते विधायक सुधीर सिंगला।

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने गुरुवार को सेक्टर-15 पार्ट-2 क्षेत्र में औचक निरीक्षण करके सड़कों व सीवरेज के हालत का जायजा लिया। इस दौरान टूटी सड़कों व सीवरेज लीकेज को देखकर उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों से नाराजगी जाहिर की। साथ ही कहा कि तुरंत प्रभाव से इन समस्याओं का समाधान करें।

टूटी सड़कों और सड़कों पर बने गड्ढों में भरे पानी में से विधायक सुधीर सिंगला स्वयं निकले। अधिकारियों को उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि बिना देरी किए इन सड़कों के साथ अपने अधिकार क्षेत्र में अन्य सड़कों का भी सुधार करें। जनता का टैक्स सरकार के खाते में जाता है। उसी से विकास के काम होते हैं। टैक्स देकर भी जनता परेशान हो, ऐसी स्थिति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सड़कों चाहे किसी भी क्षेत्र में टूटी हों। उस अधिकार क्षेत्र से संबंधित नगर निगम, जीएमडीए, पीडब्ल्यूडी को तुरंत उन्हें ठीक कर देना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने सीवरेज के हालात भी मौके पर मौजूद अधिकारियों को दिखाए। सेक्टर की बदहाल स्थिति पर लोगों ने भी अधिकारियों के खिलाफ विधायक को शिकायत की। अधिकारियों से विधायक सुधीर सिंगला ने हर समस्या के जल्द समाधान के आदेश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि मीडिया के माध्यम से उजागर होने वाली समस्याओं पर भी ध्यान दिया जाए। किस क्षेत्र में क्या समस्या है। कहां पर सड़कें टूटी हैं। कहां पानी भरा है। यह सब अखबारों में छपता है। अधिकारियों की यह ड्यूटी है कि वे स्वत: ही ऐसी समस्याओं को दूर करने के लिए कदम उठाएं। इस दौरान नगर निगम के संयुक्त आयुक्त, एक्सईएन, एसडीओ, जेई के अलावा भारत भूषण यादव, अशोक यादव, विनोद यादव आदि मौजूद रहे।

### पुलिस और अस्पताल कर्मियों पर जानलेवा हमले करने वालों हुआ केस दर्ज

**सोहना।** पुलिस कर्मियों पर जान लेवा हमला करने वाले रिठौज निवासी आरोपियों पर दोहरा मुकदमा चलेगा। निजी अस्पताल संचालक ने भी आरोपियों पर दो कर्मचारियों को पिटना अस्पताल में तोड़फोड़ करना और खरीदी गई दवाइयों के पैसे न देने का आरोप लगाया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम गठित कर दी गई है।

रिठौज में निजी अस्पताल संचालक सुनील तंवर ने पुलिस को बताया कि मंगलवार की देर रात में दवाई लेने आए 4 या 5 युवकों ने काउंटर से 220 रुपये की दवाई लेने पर बिना पैसे अपने घर को जाने लगे। अस्पताल कर्मचारी भवानी ने रिठौज निवासी मनीष को पैसे देने को कहा। इसी बात को लेकर मनीष और उसके साथ आए 3 या 4 अन्य युवक काउंटर की तरफ शोर सुनकर आए। जिन्होंने अपने हाथों में डंडे लिए हुए थे। अस्पताल के कर्मचारी मुन्न व राम नरेश को भी पीटा। भवानी ने अमरजेंसी रिस्पोंस व्हीकल से शिकायत की। आरोपियों ने पुलिस कर्मियों पर हमले कर दिए। मामले की जांच कर रहे सहायक थाना प्रभारी एसआई मुकेश कुमार ने बताया कि आरोपियों पर दोहरा मामला चलाया जाएगा।

# अमेजन डॉट इन सुपर वैल्यू डेज के दौरान ग्रॉसरी पर महाबचत का फायदा उठाएं

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

### फेस्टिव सीजन में पैकेज्ड फूड, स्नैक्स व बेवरिजस, उपयोगी वस्तुओं पर 5 फीसदी तक की छूट पाएं

**पूरा** भारत अपने फेस्टिव सीजन का स्वागत करने के लिए तैयार है। यह समय आपकी रसोई को फेस्टिव व्यंजनों से महकाने, और अपने प्रियजनों को फेस्टिव गिफ्ट पैक, स्नैक्स, चॉकलेट और बेवरिजस और अन्य उपहार में देने का है।

इस सीजन में 7 अक्टूबर तक सुपर वैल्यू डेज और अमेजन डॉट इन पर ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के दौरान ग्रॉसरी पर सुपर बचत का आनंद लें। ग्रॉसरी और घर के जरूरी सामान, पैकेज्ड फूड, स्नैक्स व बेवरिजस, उपयोगी वस्तुओं पर 50 फीसदी तक की छूट पाएं। कस्टमर्स सिंगल ऑनलाइन डेस्टिनेशन से सुविधाजनक डिलीवरी विकल्पों के साथ दावत, टाटा संपन्न, फॉर्च्यून, निविया, कैडबरी, डेटॉल, डाबर, मदर डेयरी, और आशीर्वाद सहित अन्य लोकप्रिय ब्रांडों से ग्रेट प्राइस और फ्रेश ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं।

अमेजन के ग्राहक अक्टूबर, 2022 तक ग्रॉसरी और घर के जरूरी सामान, पैकेज्ड फूड, स्नैक्स व बेवरिजस, उपयोगी वस्तुओं पर 50 फीसदी तक की छूट पाएं। सभी प्राइम मेंबर्स के लिए फ्री डिलीवरी और फ्लैट 200 रुपये का कैशबैक पाएं। 1 से 3 अक्टूबर, 2022 तक एसबीआई क्रेडिट कार्ड और क्रेडिट ईएमआई पर अतिरिक्त 10 फीसदी की बचत दी गई। बजाज फिनसर्व ईएमआई कार्ड, अमेजॅन पे लेटर और सलेक्ट डेबिट और क्रेडिट कार्ड पर नो-कॉस्ट ईएमआई और 4 से 7 अक्टूबर 2022 तक सिटी बैंक के क्रेडिट और डेबिट कार्ड, आरबीएल बैंक रुपे, वनकार्ड पर 10 फीसदी का इंस्टेंट डिस्काउंट मिल रहा है।

कस्टमर्स 1 से 3 अक्टूबर 2022 तक 2,500 रुपये के मिनिमम ट्रांजेक्शन पर एसबीआई बैंक के डेबिट और क्रेडिट कार्ड और क्रेडिट ईएमआई पर 10त्न के इंस्टेंट डिस्काउंट और 300 रुपये तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं, और 4 से 7 अक्टूबर 2022 तक सिटी बैंक के क्रेडिट और डेबिट कार्ड, आरबीएल बैंक रुपे, वनकार्ड पर 10त्न इंस्टेंट डिस्काउंट पा सकते हैं।

# गुरुग्राम में होलैंड की तर्ज पर बनेगी ग्लोबल स्तर की फूल मंडी




हॉलैंड में फूल मंडी के बारे में जानकारी लेते कृषि मंत्री जेपी दलाल।

**गुरुग्राम/लोहारू।** कृषि एवं पशुपालन तथा मत्स्य मंत्री जेपी दलाल डेलीगेशन के साथ बागवानी तथा कृषि क्षेत्र में नई-नई तकनीकी जानकारी लेने के लिए यूरोपीय देशों के दौरे पर गए हुए हैं। वहां हॉलैंड में उन्होंने गुरुवार को सुबह 6 बजे अलसमीर फ्लोरा हॉलैंड मार्केट का दौरा करने के बाद इससे प्रेरित होकर उन्होंने कहा कि हरियाणा के गुरुग्राम में भी इसी तकनीक पर आधुनिक ग्लोबल फूल मंडी बनाई जाएगी। इस मंडी से यहां के फूल विदेशों में निर्यात किए जाएंगे। इससे हरियाणा सहित एनसीआर के फूल उत्पादक किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी। जेपी दलाल के साथ कृषि विभाग की एसीएस सुमिता मिश्रा सिंह भी हॉलैंड दौरे पर हैं। कृषि मंत्री ने हॉलैंड की इस मंडी के बारे में बताया कि इस मंडी में रोजाना 440 लाख फूल आते हैं। इनमें 30 फीसदी फूल स्थानीय तथा 70 फीसदी फूल अन्य देशों से बिक्री के लिए आते हैं। इनकी सुबह 6 से 9 बजे तक आनलाइन बोली लगती है।

# बीएएसएफ ने रखा अपने प्रोडक्ट्स के उत्पादन में सस्टेनेबिलिटी का लक्ष्य : गौतम बंसल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली





**बीएएसएफ** एक रासायनिक कंपनी है, जो एक स्थायी भविष्य के लिए केमिस्ट्री बनाने का प्रयास करती है। आर्थिक सफलता के उनके लक्ष्य पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी के अनुरूप हैं। हालांकि उनके व्यवसाय का मुख्य फोकस उनके परफॉर्मेंस मैटेरियल पर है।

बीएएसएफ के सीनियर जनरल मैनेजर परफॉर्मेंस मैटेरियल्स, कंज्यूमर इंडस्ट्री के गौतम बंसल ने आगे बताया कि बीएएसएफ ने अपने ऑपरेशन्स में सस्टेनेबिलिटी शामिल किया है ताकि भविष्य में सबके लिए और सस्टेनेबिलिटी प्राप्त कर सकें। प्लास्टिक वैल्यू चैन में स्टेकहोल्डर्स के बीच सहयोग पर जोर देने वाली एक नई एप्रोच की आवश्यकता है। कंपनी के परफॉर्मेंस मैटेरियल्स अर्थव्यवस्था के निर्माण और विस्तार में योगदान करते है। उदाहरण के लिए, हल्के प्लास्टिक ऊर्जा दक्षता में सुधार करते हैं रिन्यूएबल मैटेरियल्स का विकास एक फॉसिल फ्री भविष्य को लक्षित करता है और बायोमास बैलेंस प्रोडक्ट्स लाइफसाइकिल को लम्बा खींच सकते हैं। कंपनी मैकेनिकल रीसाइक्लिंग का भी काम करती है, जो फॉर्स्टाक्स में सुधार करती है। परफॉर्मेंस मैटेरियल्स डिवीजन सारे बीएएसएफ के सभी मैटेरियल्स को एक साथ लाता है, जिसमें इनोवेटिव, कस्टमाइज्ड प्लास्टिक के बारे में जानकारी रहती है। यह डिवीजन चार प्रमुख इंडस्ट्री सेक्टर्स-ट्रांसपोर्टेशन, कंज्यूमर गुड्स, इंडस्ट्रियलएप्लिकेशंस और कंस्ट्रक्शन में सक्रिय है। इसने एप्लिकेशन-ओरिएंटेड सिस्टम सॉल्यूशंस की गहरी समझ के साथ प्रोडक्ट्स और सर्विसेज का मजबूत पोर्टफोलियो बनाया है। उदाहरण के लिए बीएएसएफ द्वारा पॉलीयूरेथेन सोलूशन्सए जीवन को न केवल अधिक सुखद और आरामदायक बनाते हैं, बल्कि सुरक्षित भी बनाते हैं। साथ ही साथ एनर्जी बचाने में भी मदद करते हैं। कंपनी बायोडिग्रेडेबल को.पॉलिएस्टर जैसे विशेष प्लास्टिक भी बनाती है।

# अब रफ्तार से गाड़ी चलाने वालों को करनी होगी जेब ढीली

### दशहरा पर वाहन चालक ट्रैफिक पुलिस के सामने गिड़गिड़ाते हुए नजर आए

**पायनियर समाचार सेवा।** मेवात

**राष्ट्रीय** राजमार्ग 248ए सहित जिले के किसी भी मार्ग पर रफ्तार से गाड़ी चलाने वालों की अब जेब ढीली होने लगी है। ट्रैफिक पुलिस ने अब और स्पीड में गाड़ी चलाने वाले लोगों के चालान काटने शुरू कर दिए हैं। दशहरा पर्व के दिन इस अभियान की शुरुआत जिले भर में की गई है। ट्रैफिक पुलिस ने सड़क हादसों में कमी लाने के लिए यह बड़ा कदम उठाया है। चालान के माध्यम से राजस्व में भी बढ़ोतरी होना लाजिमी है।



आपको बता दें कि इससे पहले नूंह जिले में ओवर स्पीड के चालान सिर्फ कुंडली मानेसर पलवल एक्सप्रेसवे पर ही किए जाते थे, लेकिन दशहरा पर्व के दिन ट्रैफिक

### इंटरसेप्टर गाड़ी दूर से ही तेज रफ्तार वाहनों की स्पीड को भांप कर कटवा रही चालान

पुलिस ने धुलावट केएमपी थाना से एक इंटरसेप्टर गाड़ी मंगवाई है, जो दूर से ही तेज रफ्तार से चलने वाले वाहनों की स्पीड को भांप लेती है और ऐसे वाहनों को रुकवाकर ट्रैफिक पुलिस उनके चालान काटती है। ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक ओवर स्पीड वाहनों के प्रतिदिन तकरीबन 70-80 चालान काटे जा रहे हैं। ध्यान रहे कि नूंह जिले में केएमपी मार्ग को छोड़कर किसी भी मार्ग पर ओवर स्पीड के चालान इससे पहले नहीं किए जाते थे। दशहरा पर्व के दिन जब पहले दिन इंटरसेप्टर गाड़ी के माध्यम से ट्रैफिक पुलिस ने चालान काटने शुरू किए तो अधिकतर वाहन चालक ट्रैफिक पुलिस के सामने चालान काटने को लेकर गिड़गिड़ाते हुए नजर आए।



# नाराज मिड डे मील वर्करों ने किया प्रदर्शन

### मिड डे मील वर्कर्स यूनियन हरियाणा की प्रधान सरोज ने कहा स्कूलों को मर्ज करना बंद किया जाए

### ज्ञापन देने के बाद प्रदर्शन तो जरूर टला, लेकिन नाराजगी मीडिया के सामने आई

**पायनियर समाचार सेवा।** मेवात





**मिड** डे मील वर्कर सरकार से नाराज हैं। उनकी नाराजगी की वजह समय पर वेतन नहीं मिलना व कुछ महिला कर्मचारियों को हटाने का पत्र जारी करना के अलावा न्यूनतम वेतन, पक्का कर्मचारी घोषित करने जैसी मुख्य वजह बताई जा रही है। मिड डे मील कर्मचारी गुरुवार को अनाज मंडी नूंह में एकत्रित होकर लघु सचिवालय नूंह तक प्रदर्शन की तैयारी कर ही रही थी कि जिला प्रशासन ने उनके गुस्से को भांपते हुए अनाज मंडी नूंह में ही पहुंचकर उनका ज्ञापन लिया। उनको भरोसा दिलाया कि उनकी जो भी मांगें हैं उस पर गंभीरता से विचार कर उनका समाधान किया जाएगा। इसके बाद प्रदर्शन तो जरूर टल गया, लेकिन महिलाओं की नाराजगी मीडिया के सामने खुलकर आ गई। मिड डे मील वर्कर्स यूनियन हरियाणा की प्रधान सरोज ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि स्कूलों को मर्ज करना बंद किया जाए, जिन वर्कर्स को हटाया जा रहा है। उन्हें काम पर वापस लिया जाए। मिड डे मील वर्कर का मानदेय 7000 तुरंत जारी होना चाहिए।

मानदेय प्रत्येक महीने की 7 तारीख तक मिल जाना चाहिए, मानदेय 10 महीना के बजाय 12 महीने का साल में मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि मिड डे मील वर्कर की रिटायरमेंट 65 साल होनी चाहिए और 2 लाख रिटायरमेंट लाभ भी मिलना चाहिए। इसके अलावा मिड डे मील वर्कर्स की बेगार बंद हो, खाना पकाने-खिलाने के बाद उन्हें घर जाने देना चाहिए। सरोज ने कहा कि पहले से लगी मिड डे मील वर्कर को 65 साल की उम्र से पहले न हटाया जाए और जो हटाई गई हैं, उनको काम पर रखा जाए। वर्दी भत्ता कम से कम 2000 रुपये सालाना मिलना चाहिए। सभी मिड डे मील वर्कर को ईएसआई व पीएफ दिया जाना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मिड डे मील वर्कर्स का मेडिकल निःशुल्क हो, इसके अलावा सभी वर्करों को पक्का कर्मचारी बनाया जाए और न्यूनतम वेतन वेतन तकरीबन 24 हजार रुपये दिया जाना चाहिए। सरोज ने कहा कि यूनियन अपनी लड़ाई लड़ने के लिए सक्षम है। उन्होंने मिड डे मील वर्कर का वेतन पीछे बढ़वाया है और आगे भी अगर लड़ाई लड़ने की आवश्यकता पड़ी तो मजबूती से यूनियन मिड डे मील वर्कर्स की लड़ाई लड़ेगी। दस दिन में समस्या के समाधान का भरोसा महिलाओं को दिया गया है।

## गुरुग्राम महाविद्यालय गया युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**तावडू।** उपमंडल के गांव गुरनावट से अपने साथियों के साथ गुरुग्राम महाविद्यालय में पढ़ने गए एक युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है।सदर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गुरनावट निवासी वकील ने बताया कि उसका छोटा भाई मकसूद गुरुग्राम डीएसडी महाविद्यालय का छात्र है, जो बीते मंगलवार सुबह 9:00 बजे हर रोज की तरह महाविद्यालय जाने के लिए घर से निकला था।

मकसूद के साथ में गांव का भी एक युवक गया था। देर शाम मकसूद घर नहीं लौटा तो उनके नंबर पर संपर्क किया, लेकिन वह बंद था। जिसके बाद उन्होंने साथ में गए अन्य साथियों से भी संपर्क किया। लेकिन मकसूद कोई सुराग नहीं मिला। पीड़ित वकील के बयान पर पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दशहरा उत्सव स्थलों पर जाकर लोगों को साइबर अपराध के प्रति किया जागरुक

### पुलिस ने कहा, साइबर क्राइम होने पर टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 193 व डायल 112 डायल करें

**पायनियर समाचार सेवा।** मेवात

**पुलिस** प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बतलाया कि जिला नूंह पुलिस द्वारा लोगों को साइबर अपराधों के प्रति जागरुक करने के लिए अक्टूबर माह में विशेष तौर पर साइबर अपराधों के प्रति जागरुकता अभियान चलाया गया जा रहा है। इस दौरान नूंह पुलिस लगातार विभिन्न जगहों पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को साइबर अपराधों के प्रति जागरुक कर रही है और साइबर अपराधों से बचाव हेतु एडवाइजरी भी जारी कर रही हैं।

दशहरा के पावन पर्व पर जिला नूंह पुलिस ने जिला में दशहरा के कार्यक्रम स्थलों पर जाकर साइबर अपराध जागरूकता स्टॉल लगाकर व लाऊड स्पीकर द्वारा लोगों को साइबर अपराधों के प्रति जागरुक किया। इस दौरान साइबर थाना नूंह से उप-निरीक्षक सुधीर, साइबर सैल नूंह प्रभारी एएसआई सुरेश कुमार व दशहरा पर्व रावण दहन करने वाले क्षेत्रों के सम्बंधित थाना प्रबंधकों ने लोगों को बताया गया कि वह किन-किन सावधानियों को ध्यान में रखकर होने वाले संभावित साइबर अपराध से अपने आप को सुरक्षित रख सकते हैं । इन सावधानियों में ऑनलाइन शॉपिंग साइट से



खरीददारी करना, किसी भी अज्ञात एप्लीकेशन को डाउनलोड न करना, एटीएम से पैसे निकालते समय अज्ञात व्यक्तियों से सावधान रहना, अपनी व्यक्तिगत जानकारी किसी को शेयर ना करना, क्रेडिट या डेबिट कार्ड के कार्ड नंबर, सीवीवी नंबर व ओटीपी किसी को शेयर ना करने व फोन पर प्राप्त होने वाले अज्ञात लिंकों पर क्लिक ना करने जैसी सावधानियां बरतने बारे जागरुक किया गया। जागरुक करते हुए कहा कि इस तरह की छोटी-छोटी सावधानियां बरतकर प्रत्येक व्यक्ति अपने आप को आर्थिक व मानसिक तौर पर साइबर अपराधों से सुरक्षित रख सकता है ।

इस दौरान दशहरा का त्योहार देखने आए करीब 12000 लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही साइबर अपराध का शिकार होने पर तुरंत डायल 1930 या 112 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज कराने और भारत सरकार के साइबर क्राइम पोर्टल के माध्यम से जिसका यूआरएनएचटीटीपीएसस्लेससाइबरक्राइमडॉटगोवडॉटइन पर पर शिकायत करने के बारे में भी गहनता से जानकारी दी गई।

# अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस : वरिष्ठ नागरिकों का जांचा स्वास्थ्य

### डिप्टी सिविल सर्जन डॉ अरविंद कुमार ने कहा, विशेष पखवाड़ा चलाया जा रहा

**पायनियर समाचार सेवा।** मेवात

**अंतरराष्ट्रीय** वृद्धजन दिवस पर अल आफिया सामान्य अस्पताल मांडीखेड़ा में विशेष वृद्ध जन स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में वरिष्ठ नागरिक बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं।

मांडीखेड़ा प्रांगण में लगाए जा रहे स्वास्थ्य जांच शिविर में बुढ़ापे की उम्र में होने के बावजूद भी पूरी तरह स्वस्थ बुजुर्गों को सर्दी के मौसम को देखते हुए कंबल इत्यादि इनाम स्वरूप भेंट किए गए और उनसे अपने स्वस्थ रहने के बारे में लोगों को जागरूक करने की अपील भी स्वास्थ्य विभाग नूंह की तरफ से की गई। डिप्टी सिविल सर्जन डॉ अरविंद कुमार ने स्वास्थ्य जांच शिविर के अवसर पर बुजुर्गों को



कंबल वितरित करते हुए कहा कि 1-14 अक्टूबर तक अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर पर विशेष पखवाड़ा चलाया जा रहा है। जिसमें स्पेशल वरिष्ठ नागरिकों का स्वास्थ्य जांचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन शिविरों में ऐसे लोग भी आ रहे हैं, जिनको 70-80 साल की उम्र होने के बावजूद भी ब्लड प्रेशर तथा शुगर जैसी बीमारी नहीं है। ऐसे बुजुर्गों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा सम्मानित किया जा रहा है। इन बुजुर्गों को स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ दवाइयां पूरी तरह से निशुल्क दी जा रही हैं। शिविर में फिजिशियन, सर्जन, आंख, स्त्री रोग, फिजियोथेरेपी, दंत रोग, मानसिक रोग, इत्यादि की जांच की जा रही है। डिप्टी सिविल सर्जन अरविंद कुमार ने कहा कि बुजुर्गों ने जांच शिविर में पूरा उत्साह दिखाया है।

दोपहर तक 40-50 से अधिक बुजुर्गों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई है और वरिष्ठ नागरिकों के आने का सिलसिला लगातार जारी है। उन्होंने जिले के लोगों से अपील की कि इस पखवाड़े में वरिष्ठ नागरिकों का स्वास्थ्य चेकअप जरूर करवाएं। किसी प्रकार की कोई बीमारी पाई जाती है तो उसका इलाज स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूरी तरह से निशुल्क किया जाएगा।

# हरियाणा सरकार के बुल्डोजर के खौफ से मोस्टवांटेड जैकम ने किया सरेंडर

### जिले में बाजिदपुर, महूं, पल्ला, शिकारपुर व पचगांव सहित पांच जगहों पर चलाया है बुल्डोजर

**पायनियर समाचार सेवा।** मेवात

**जिला** प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा मोस्टवांटेड बदमाशों एवं संगीन वारदातों को अंजाम देने वाले कुछ आरोपियों द्वारा अवैध रूप से बनाए गए निर्माणों पर बुल्डोजर चलाने के खौफ से महूं गांव के मोस्टवांटेड जैकम ने बुधवार को नूंह पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। ये जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि प्रशासन एवं पुलिस की कार्यवाही से अपराधियों में खौफ बैठने लगा है।

बता दें कि जिला प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों ने पिछले कुछ दिनों से संगीन वारदातों को अंजाम देने वाले बदमाशों की अवैध संपत्तियों पर बुल्डोजर चलाना शुरू कर दिया



है। जिले में बाजिदपुर, महूं, पल्ला, शिकारपुर व पचगांव सहित पांच जगहों पर बुल्डोजर से बदमाशों द्वारा अवैध रूप से अवैध कब्जा कर बनाई अवैध संपति को ध्वस्त किया जा चुका है। जबकि काफी बदमाशों की अवैध संपत्ति की सूची जिला प्रशासन एवं पुलिस अधीक्षक नूंह द्वारा तैयार करवाई जा रही है। जिला प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों की इस कार्रवाही से बदमाशों में खौफ बैठने लगा है। जिला प्रशासन एवं पुलिस अधिकारी कहीं बुल्डोजर से और संपत्ति को ना ध्वस्त कर दें। इसी खौफ की वजह से महूं गांव के मोस्टवांटेड अपराधी जैकम ने 05 अक्टूबर बुधवार को नूंह पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। डीएसपी फिरोजपुर झिरका सतीश वत्स ने बताया कि अपराधी जैकम पुत्र मम्मल निवासी महु के खिलाफ अवैध हथियार के बल पर महूं गांव से डंपर को लूटने के आरोप में फिरोजपुर झिरका पुलिस ने 10 अगस्त 2013 को मामला दर्ज किया था। जबकि एक और डंपर को लूटने के आरोप में जैकम के खिलाफ तीन मई 2021 को फिरोजपुर झिरका थाना में मामला दर्ज किया गया। दोनों ही मामलों में जैकम काफी दिनों से फरार चल रहा था।

अदालत ने जैकम को उद्घोषित अपराधी भी घोषित कर दिया था। उन्होंने बताया जैकम के खिलाफ रेप करने के आरोप में राजस्थान के अलवर जिला के रामगढ़ पुलिस थाना में भी मामला दर्ज है। इस मामले में भी अदालत ने जैकम को उद्घोषित अपराधी घोषित किया हुआ है।

### जैकम का 30 सितंबर को ढहाया था अवैध मकान

**डीएसपी** फिरोजपुर झिरका सतीश वत्स ने आगे बताया कि जैकम को आज अदालत में पेश किया गया। अदालत ने जैकम को न्यायिक हिरासत में नूंह जेल में भेज दिया। बता दें जिला प्रशासन एवं जिला नूंह पुलिस ने जैकम की पंचायत की भूमि पर बने अवैध मकान को 30 सितंबर शुक्रवार को बुल्डोजर से ध्वस्त कर दिया था।

# जिला बाल कल्याण परिषद : 18 से 21 अक्टूबर तक होंगी विभिन्न प्रतियोगिताएं

### पहली कक्षा से लेकर 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थी प्रतियोगिताओं का लाभ उठा सकेंगे

**मेवात।** उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद चंडीगढ़ के निर्देशानुसार पहली कक्षा से लेकर बारहवीं कक्षा तक के बच्चों के लिए 18 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जाएगा।

जिला स्तर पर विजेता विद्यार्थी मंडल स्तरीय व राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। उपायुक्त एवं जिला बाल कल्याण परिषद के अध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में विजेता बच्चों को 14 नवम्बर को आयोजित जिला स्तरीय समारोह में पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए जिला बाल कल्याण परिषद बाल भवन नूंह नियर पुरानी सब्जी मंडी से संपर्क करें। जिला बाल कल्याण अधिकारी कमलेश शास्त्री ने बताया कि जिला स्तरीय बाल महोत्सव- 2022 हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद चंडीगढ़ की मानद महासचिव रंजीता मेहता के कुशल मार्गदर्शन में पूरे हरियाणा प्रदेश में किया जा रहा है। जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का शेड्यूल इस प्रकार से होगा। 18 अक्टूबर को ग्रुप डांस, 6 से 8 मिनट और 6 से 9 मिनट का समय सिर्फ ग्रुप 4 के लिए, इस प्रतियोगिता में किसी भी प्रकार के अभद्र गीत या नृत्य को स्वीकार नहीं किया जाएगा। ग्रुप 3 और 4 में थाली पूजन, कलश सजावट समय 30 मिनट , ग्रुप 2 में दिया/कैंडल डेकोरेशन, समय 30 मिनट, ग्रुप 1 एवं 2 में क्ले मॉडलिंग, समय 1 घंटा । ग्रुप 1 में कार्ड मेकिंग समय 30 मिनट होगा। 19 अक्टूबर को एकल नृत्य ग्रुप 1, 2, ग्रुप के लिए समय 3 से 5 मिनट, ग्रुप 3, 4, के लिए समय 4 से 6 मिनट होगा, बेस्ट ड्रामेबाज ग्रुप 1 एवं 2 के लिए समय 3 से 5 मिनट होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**तावडू।** उपमंडल के अंतर्गत राठीवास-भिवाड़ी रोड पर एक तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राठीवास निवासी संजय शर्मा ने बताया कि बीती रात 8 बजे के करीब उनके 57 वर्षीय पिता महाबीर राठीवास से भिवाड़ी रोड पर घूमने निकले थे, इसी दौरान वह भी उनके पीछे पीछे आ रहा था, तभी भिवाड़ी की तरफ से बड़ी तेज गति और लापरवाही से एक कार आई। जिसने पैदल चल रहे उनके पिताजी को टक्कर मार दी। टक्कर मारते ही रात के अंधेरे का फायदे उठाते हुए अज्ञात चालक कार सहित मौके से फरार हो गया। वह किसी तरह घायल पिता को भिवाड़ी निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे जहां पर सड़क दुर्घटना में लगी चोटों के कारण चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक महाबीर के शव का पोस्टमार्टम कराने को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचा दिया गया। तावडू सदर थाना पुलिस ने पीड़ित संजय शर्मा के बयान पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दिव्यांग विद्यार्थियों से छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**मेवात।** दिव्यांगजन सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांग विद्यार्थियों के लिये संचालित प्री-मेट्रिक, पोस्ट मेट्रिक और टॉप क्लास छात्रवृत्ति योजना में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। छात्र-छात्राएं राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूस्कॉलरशिपडॉटगोवडॉटइन पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्री-मेट्रिक छात्रवृत्ति के लिये आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितम्बर और पोस्ट मेट्रिक तथा टॉप क्लास छात्रवृत्ति के लिये 31 अक्टूबर 2022 है। सभी छात्रवृत्तियों के लिये सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा जारी 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता का प्रमाण-पत्र अनिवार्य है। डीसी ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा 9वीं एवं 10वीं के छात्र-छात्राओं के लिये प्री-मेट्रिक छात्रवृत्ति में अभिभावक की वार्षिक आय ढ़ाई लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए। गैर छात्रावासियों के लिये 500 रुपये प्रतिमाह और छात्रावासियों के लिये 800 रुपये प्रतिमाह छात्रवृत्ति के साथ प्रतिवर्ष 1000 रुपये पुस्तक अनुदान और 2 से 4 हजार रूपये तक दिव्यांगता भत्ता दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 11वीं से स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा के छात्र-छात्राओं के अभिभावक की वार्षिक आय भी ढाई लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। विभिन्न विषयों में डिप्लोमा, डिग्री से संबंधित स्नातकोत्तर, स्नातक, डिप्लोमा, व्यावसायिक पाठ्यक्रम के लिये रख-रखाव भत्ते की दरें भी अलग-अलग हैं। छात्रावासियों के लिये 900 से 1600 रुपये, गैर छात्रावासियों के लिये 550 से 750 रुपये प्रतिमाह सहित ट्यूशन शुल्क अधिकतम डेढ़ लाख रुपये, पुस्तक भत्ता 1500 रूपये और दिव्यांगता भत्ता 2 हजार से 4 हजार रुपये प्रतिवर्ष दिया जाएगा। टॉप क्लास छात्रवृत्ति योजना में उत्कृष्टता के 240 अधिसूचित संस्थानों में स्नातक/स्नातकोत्तर डिग्री अथवा डिप्लोमा दिव्यांग छात्रों को लाभान्वित किया जाएगा। इसमें अभिभावक की वार्षिक आय 6 लाख रुपये से कम होनी चाहिए। छात्रावासियों के लिये 3 हजार रुपये, गैर छात्रावासियों के लिये 1500 रुपये मासिक रखरखाव भत्ता, 2 हजार रुपये प्रतिमाह दिव्यांगता भत्ता, 5 हजार रुपये प्रति वर्ष पुस्तक अनुदान और 2 लाख रूपये प्रति वर्ष ट्यूशन फीस देय होगी। राज्य स्तर पर प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग द्वारा इन छात्रवृत्ति योजनाओं का अनुश्रवण किया जा रहा है। अधिक जानकारी के लिये केन्द्र सरकार की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडॉटडिसएबिलिटीअफैयर्सडॉटगोवडॉटइन राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडॉटस्कालरशिप डॉटगोवडॉटइन और विभागीय वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडॉटसोशियलजस्टिसडॉटएमपीडॉटगोवडॉटइन प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने बताया कि दिव्यांग छात्रों के लिए प्री मैट्रिक छात्रवृति कक्षा 9 वीं और 10 वीं के 408 का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार दिव्यांग छात्राओं के लिए पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृति कक्षा 11 वीं से मास्टर डिग्री, डिप्लोमा तक के लिए 346 का लक्ष्य रखा गया है। स्नातकोत्तर डिग्री अथवा डिप्लोमा उत्कृष्टता के 241 अधिसूचित संस्थानों से 6 का लक्ष्य रखा गया है।

### सीएम राहत कोषः वित्तीय सहायता को सरल पोर्टल पर जाएं

**मेवात।** उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि हरियाणा सरकार ने लोगों को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने की कड़ी में एक और कदम बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता प्राप्त करने वालों को सरल पोर्टल पर सुविधा प्रदान की है। इससे यह प्रक्रिया और अधिक सरल एवं आसान हो जाएगी। बताया कि अब आर्थिक सहायता के लिए प्रार्थी आवेदक सरल पोर्टल के माध्यम से सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री राहत कोष से मिलने वाली आर्थिक सहायता की राशि सीधे आवेदक या लाभार्थी के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी। डीसी अजय कुमार ने बताया कि आवेदक अपनी पीपीपी यानी परिवार पहचान पत्र आईडी के माध्यम से सरल पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। इस प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए आवेदकों को अपने चिकित्सा बिल, ओपीडी बिल आदि जैसे अन्य संबंधित दस्तावेजों को अपलोड कर मुख्यमंत्री राहत कोष (सीएमआरएफ) से चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता के लिए आवेदन कर सकते हैं। उपायुक्त ने कहा कि योजना में किए गए बदलावों के तहत यदि कोई बीमारी आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना में कवर नहीं हो रही है, तो आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को भी इस योजना के तहत लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री राहत कोष के अंतर्गत आर्थिक सहायता के लिए जिला स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें संबंधित एमपी, संबंधित एमएलए, उपायुक्त, सिविल सर्जन, नगर परिषद व नगर पालिकाओं के अध्यक्ष, जिला परिषद के चेयरमैन, पंचायत समिति के चेयरमैन को सदस्य और नगराधीश को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

### अभ्यर्थियों को नहीं काटने होंगे एचपीएससी के चक्कर

**गुरुग्राम।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयह्योग से संबंधित समस्या के समाधान के लिए अभ्यर्थी अब व्हाट्सएप नंबर पर शिकायत कर सकेंगे। इसके लिए आयोग द्वारा व्हाट्सएप नंबर-9872723100 जारी किया है। डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि अब अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की जानकारी और समस्या के समाधान के लिए आयोग कार्यालय के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बाकायदा एचएसएससी ने इसके लिए तीन कर्मचारियों को नियुक्त किया है, साथ ही शिकायत निवारण कमेटी का भी गठन किया है। यह कमेटी व्हाट्सएप पर आने वाली शिकायतों, सुझावों और जानकारी की समीक्षा करेगी। नियुक्त कर्मचारी तय समय में संबंधित अभ्यर्थियों को जवाब भी देंगे। एचएसएससी की ओर से व्हाट्सएप पर आई तमाम शिकायतों को प्राथमिकता के साथ निपटाया जाएगा। साथ ही अभ्यर्थियों को समय पर जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

पायनियर क्लासीफाइड

◆ नाम परिवर्तन ◆

I, muskan D/o Dinesh Yadav R/o H.no, 1102, SPR imperial estate, tower 1, sector 82, kheri Kalan, Faridabad have changed my name to muskan Kumari for all future purposes.

I, Prativa Kumari w/o Pankaj Kumar Gupta R/o G-521,Gali No.4 ,SGM Nagar, NIT Faridabad have changed my name to Pratibha Gupta (after marriage on 24-06-07) for all purposes.

◆ बेदखली-सूचना ◆

मैं संजय पासवान पुत्र श्री रामचरित्र पासवान व श्रीमति सोनामती देवी पत्नी श्री संजय पासवान मकान नं. 3339, नेहरू कालोनी, फरीदाबाद हाल निवासी उत्तम नगर डबुआ पाली रोड-डबुआ कालोनी फरीदाबाद का रहने वाला हूं। ब्यान करता हूं मेरा बेटा कुणाल पासवान व उसकी पत्नी सपना हमारे व हमारे परिवार के अन्य लोगों के कहने से बाहर हैं हमारी कोई बात नहीं मानते आए दिन लड़ाई-झगड़ा, गाली-गलौच व मारपीट करते हैं। इसलिए हमने अपने उक्त पुत्र व पुत्रवधू से अपने सभी संबंध समाप्त कर लिए हैं। व चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद कोई उनसे किसी प्रकार का कोई लेन-देन करता है तो उसका वह स्वयं जिम्मदार होगा। मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## होसबोले का भाषण

### स्पष्ट सरोकार

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ-आरएसएस के नेता दत्तात्रेय होसबोले ने अपने भाषण में गरीबी, बेरोजगारी तथा बढ़ती असमानता पर चिन्ता प्रकट की है। वैसे जब भी भारत के बारे में असहज करने वाली खबरें आती हैं, उनमें खराब मानव विकास सूचकांक, भूख, प्रेस पर नियंत्रण, आदि चीजें शामिल होती हैं। लेकिन ऐसे लेखकों व संबंधित प्रकाशकों के प्रति सरकार तथा भारतीय जनता पार्टी संतुलित दृष्टिकोण नहीं अपनाती है। अक्सर उनके इरादों व क्रियाविधि पर सवाल उठाए जाते हैं और कभी-कभी ऐसी खबरों की फौरन निन्दा की जाती है। लेकिन आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबोले के भाषण पर ऐसी प्रतिक्रिया नहीं हो सकती है। रविवार को उन्होंने सरकार व भाजपा के सामने विचारार्थ ऐसे मुद्दे रखे जिनको वे ज्यादा पसंद नहीं करते हैं। इनमें देश में बढ़ रही गरीबी, बेरोजगारी तथा बढ़ती असमानता है। उन्होंने कहा कि देश में गरीबी हमारे सामने एक भयानक राक्षस की तरह खड़ी है और इस राक्षस का वध करना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि देश में लगभग 20 करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचे हैं तथा 4 करोड़ बेरोजगार हैं। उन्होंने कहा कि देश में बेरोजगारी दर 7.6 प्रतिशत है। स्पष्ट है कि होसबोले के विचारों को 'खान मार्केट गैंग' या 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' की लफ्फाजी बता कर खारिज नहीं किया जा सकता है। वे संघ परिवार के केन्द्र आरएसएस के वरिष्ठ नेता हैं। यदि वे कुछ कहते हैं तो उनकी बात सुनी जानी चाहिए। यह भी देखा जाना चाहिए कि उन्होंने क्या कहा है और क्या नहीं तथा इसके गहन निहितार्थ क्या हैं।



हालांकि नरेन्द्र मोदी सरकार ने अनेक मामलों में बहुत अच्छा काम किया है जिसमें ढांचागत विकास, राजकोषीय घाटे का प्रबंधन व कुछ उद्यमों का निजीकरण शामिल है, लेकिन कुछ अन्य मामलों में उसका प्रदर्शन इतना संतोषजनक नहीं रहा है। तटस्थ दृष्टिकोण से देखा जाए तो व्यक्तिगत व नागरिक स्वतंत्रताओं के मामले में भी उसका प्रदर्शन मानकों से पीछे है, लेकिन यह आरएसएस की ज्यादा चिन्ता का विषय नहीं है। लेकिन गरीबी और बेरोजगारी दिखाई देते हैं और वे सुखद नहीं हैं। केवल कट्टर भाजपा समर्थक ही कह सकते हैं कि बेरोजगारी या गरीबी बड़े मुद्दे नहीं हैं और शायद होसबोले का दृष्टिकोण आलोचनात्मक है। इसलिए समय आ गया है कि सरकार इन मुद्दों का समाधान पूरी गंभीरता से निकालने का प्रयास करे। सबसे पहले तो उसे समस्या के अस्तित्व से इनकार करना बंद करना चाहिए और उनको स्वीकार करना चाहिए। उसे अपने उस आत्ममुग्धता वाले दायरे से बाहर निकलना चाहिए जिसे उसने स्वयं तैयार किया है। इसमें चौबीसों घंटे काम करने वाली प्रचार मशीनरी तथा मीडिया के बड़े हिस्सों का योगदान शामिल है जो लगातार उसे प्रसन्न करने में लगे रहते हैं। इस दायरे से बाहर निकलने के बाद सरकार को उचित कदम उठाते हुए सप्लाई पक्ष को सुधारने का प्रयास करना चाहिए ताकि अर्थव्यवस्था वर्तमान गतिरोध से निकल सके। वर्तमान समय में शायद बड़ी-बड़ी घोषणाओं व प्रतीकवादी उपायों को ही गंभीर अर्थनीति मान लिया गया है। जहां तक होसबोले का सवाल है, अर्थव्यवस्था की समस्याओं के बारे में उनकी स्पष्टवादिता आश्चर्यजनक है, लेकिन हम नहीं जानते कि उनके या उनके संगठन आरएसएस के पास इसके क्या समाधान हैं। होसबोले ने ये टिप्पणियां आरएसएस से जुड़े संगठन स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित वेबिनार में की हैं। वह 'भारतीय आर्थिक माडल' प्रस्तुत करता रहा है जिसमें अनेक चीजें शामिल हैं। वर्तमान युग में आर्थिक नीति संभवतः इन फार्मूलों से आगे निकल चुकी है जिसे सरकार व आरएसएस को स्वीकार करना चाहिए।

# नए अवसर देता कौशल संवर्धन

**संस्थानों के कौशल संवर्धन से हम ऐसे समय अनेक खोए अवसर प्राप्त कर सकते हैं, जब भारत नई संभावनाओं के द्वार पर दस्तक दे रहा है।**



**विरजेश उपाध्याय**
(लेखक, एक स्तम्भकार हैं।)



देश में पहला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान-आईटीआई 1950 में स्थापित हुआ था। इसके बाद अगले सात दशक में देश में लगभग 10,000 आईटीआई खुल चुके हैं। लेकिन आईटीआई छात्रों का पहला दीक्षान्त समारोह होने में 72 साल लग गए। तथ्य यह है कि इस उदाहरण से सिद्ध होता है कि भारत में कौशल संवर्धन नीति-निर्माताओं की कितनी भयंकर अनदेखी का क्षेत्र है। केवल ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना में कौशल विकास पर एक अध्याय था। लेकिन इसके बाद से इसक महत्व पर लगातार जोर दिया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पद पर आने के बाद से इस मामले में नाटकीय परिवर्तन आया है। पिछले आठ सालों में विश्वस्तरीय कौशल प्रशिक्षण पर व्यापक रूप से जोर दिया जा रहा है। इससे भारतीय कामगारों की रोजगार पाने की क्षमता में बढ़ोतरी हुई है। यदि हम कौशल संवर्धन के प्रति प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण पर गंभीरता से गौर करें तो इससे तीन मुख्य आयाम उभरते हैं। पहला, कौशल विकास को नीति-निर्माण के केन्द्र में रखा जाए। 2014 में उपलब्ध वर्तमान कौशलों पर नजर रखने के लिए एक अलग मंत्रालय का गठन किया गया।

इसके साथ ही सरकार का एक शुरुआती फ्लैगशिप कार्यक्रम 'स्किल इंडिया' शुरू किया गया। इन प्रयासों का नतीजा निकला। पिछले आठ साल में देश में लगभग 5,000 नए आईटीआई खोले गए तथा चार लाख से अधिक सीटें बढ़ीं। हर साल एक करोड़ से अधिक नौजवान 'स्किल इंडिया' कार्यक्रम में शामिल होते हैं और इससे लाभ उठाते हैं। इसके पीछे मंत्रालय का लक्ष्य नौजवानों को बेहतर आजीविका के लिए उपयुक्त कौशल से लैस करना है। पीएमकेवीवाई के अंतर्गत 1.3 करोड़ से अधिक उम्मीदवारों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। निश्चित रूप से भविष्य में यह संख्या बढ़ेगी क्योंकि सरकार ने भारत में कौशल विकास को गति देने के लिए 5,000 से अधिक नए 'स्किल हब' खोलने का निर्णय किया है।
कौशल विकास के महत्वाकांक्षी मूल्य को बढ़ावा देना तथा उसे औपचारिक शिक्षा से जोड़ना प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण का दूसरा आयाम है। अनेक अवसरों पर यह बात सामने आई है कि ज्ञान केवल अकादमिक योग्यता तक सीमित नहीं है। कौशल प्राप्त करना समान रूप से महत्वपूर्ण है और कौशल को अन्य योग्यताओं के समकक्ष समझा जाना चाहिए। यह विचार सर्वोत्तम रूप से राष्ट्रीय शिक्षा नीति में अभिव्यक्त हुआ है जिसमें अनुभव आधारित सीखने को प्रोत्साहित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कौशल विकास को भविष्य के लिए कार्यबल तैयार करने का एक तरीका समझते हैं और इससे उनके दृष्टिकोण का तीसरा आयाम स्पष्ट होता है। इसका अर्थ शोध के माध्यम से यह समझना है कि दुनिया कैसे बदल रही है तथा नीतियां बनाने में काम व सक्रियता को महत्व दिया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री के हालिया भाषणों व खासकर राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन को उनके संबोधन पर गौर किए जाए तो स्पष्ट होगा कि उन्होंने न केवल उद्योग-4, बल्कि रोबोटिक्स का उल्लेख किया है जो परिवर्तनशील काम के घंटों के अनुसार दुनिया में कहीं से भी काम करने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने इन परिवर्तनों को महिला श्रमशक्ति सहभागिता के अनुकूल बताया है।
उन्होंने श्रम मंत्रालय से इस पर जोर देने को कहा है जो 'अमृत काल' में विज़न-2047 पर पहले से ही ध्यान दे रहा है। इसका उद्देश्य यह पता लगाना है कि देश में उभरते नए क्षेत्रों में महिलाओं को कैसे शामिल किया जा सकता है। इस दृष्टिकोण से देखने पर प्रधानमंत्री द्वारा आईटीआई के 'कौशल दीक्षान्त समारोह' को एक प्रकार का फालोअप समझा जा सकता है। राष्ट्रीय श्रम सम्मेलनों के उलट इस बार प्रधानमंत्री एक असमान समूह से बात कर रहे थे जिसमें छात्र व नीति-निर्माता, दोनों शामिल थे। इसलिए प्रधानमंत्री ने इस बार दोनों के बारे में बातें कीं। उन्होंने देश में रोजगार सृजन का उल्लेख करते हुए कहा कि तकनीक परिष्करण की संभावनायें उजागर हो रही हैं। उन्होंने छात्रों से अपना भावी कौशल बढ़ाने के लिए 'स्किलिंग, रिस्किलिंग व अपस्किलिंग' का मंत्र दिया जिसमें सभी क्षेत्रों में नवीनतम बदलावों पर ध्यान देना जरूरी है।

इसके साथ ही उन्होंने जोर दिया कि भारत नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र, सौर ऊर्जा व बिजली वाहनों के मामले में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। रोजगार तलाशने वालों की सुविधा के लिए अनेक आईटीआई में इस संबंध में पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं। यदि स्वतंत्रता के बाद भारत की यात्रा पर गौर करें तो यह दु:खद स्थिति हमारे सामने आती है कि कुछ उल्लेखनीय संस्थान स्थापित करने और शोध में विश्व नेतृत्व की स्थिति प्राप्त करने के बावजूद हम दुनिया में चल रही शोध व विकास की संस्कृति विकसित करने में विफल रहे हैं। विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, बिजनेस व नीतिगत मामलों में ऐसा ही हुआ। प्रधानमंत्री ने शुरुआत से ही इस मामले को संबोधित करने का प्रयास किया है तथा केवल इसी उद्देश्य से नीति आयोग का गठन किया गया है। इसके साथ ही पीएम-ईएसी का गठन किया गया है जो प्रधानमंत्री को आर्थिक मामलों पर सलाह देती है। लेकिन विभिन्न मंत्रालयों व संस्थानों के स्तर पर ऐसी ही व्यवस्थाओं को और मजबूत करने की जरूरत है जो न केवल प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण समझ कर उसका विश्लेषण करें, बल्कि उसे जनादेश के अनुकूल विस्तार दे सकें। श्रम मंत्रालय हमारी जनसंख्या के सबसे बड़े हिस्से पर ध्यान देता है तथा कामकाज की बदलती दुनिया को देखते हुए उसके मुद्दों को संबोधित करता है।

उसके पास श्रम बाजार शोध के लिए दो संस्थान हैं-वीवी गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान तथा दत्तोपंत ठेंगड़ी नेशनल बोर्ड आफ वर्कर्स एजुकेशन एंड डेवलपमेंट-डीटीएनबीडब्लूडी। इन संस्थानों ने दूसरी और तीसरी औद्योगिक क्रांति के कालखंड में देश की अच्छी सेवा की है। हम पहली तीन औद्योगिक क्रांतियों में पिछड़े रहे, पर उद्योग-4 के मामले में नेतृत्वकारी भूमिका अदा कर रहे हैं। डिजिटल ढांचागत संरचना में अनेक विकसित देशों से आगे हैं और कम से कम निकट भविष्य में यह स्थिति बनी रहेगी। हमें श्रम बाजार विनियमनों व कार्यबल की रोजगार योग्य क्षमता में ऐसे ही नेतृत्व की जरूरत है। श्रम कानून, खासकर सामाजिक सुरक्षा से जुड़े कानून बहुत ढीलेढाले हैं, जबकि इनका दृष्टिकोण गिग व प्लेटफार्म इकोनोमी को देखते हुए भविष्योन्मुखी होना चाहिए। डीटीएनबीडब्लूडी ने मोतीलाल नेहरू इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलोजी-एमएनएनआईटी के साथ संसाधनों का साझा करने तथा इंदिरा गांधी नेशनल ओपेन युनिवर्सिटी-इग्नू से एमओयू पर हस्ताक्षर कर इस दिशा में कदम बढ़ाए हैं। इससे श्रमिकों को डिप्लोमा व प्रमाणपत्र देने में आसानी होगी। इन पाठ्यक्रमों का उद्देश्य डिजिटल साक्षरता, नए युग की ट्रेड यूनियनों, श्रम कानूनों पर प्रमाणीकृत विशेषज्ञ तैयार करना तथा क्षमता निर्माण है। लेकिन उभरते क्षेत्र में रोजगार क्षमता की संभावनाओं को आगे बढ़ाने के लिए बहुत कुछ करना बाकी है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन-आईएलओ ने कहा है कि उद्योग-4 में सफलता का बड़ा हिस्सा इस बात पर निर्भर करेगा कि कामगारों को नए उभरते क्षेत्रों के बारे में पहले से क्या जानकारी है और वे नए रोजगारों के मामले में कितने कुशल हैं। इसके उनको बेहतर शिक्षा व प्रशिक्षण सुविधाओं में चयन का अवसर मिलेगा तथा देश को कौशल व मानव विकास पूंजी का लाभ मिलेगा। भावी कौशल विकास आवश्यकताओं की पहचान व उनको लागू करने के लिए विभिन्न संस्थानों के बीच समन्वय, व्यावहारिकता तथा मूलभूत शोध की आवश्यकता है। हम संस्थानों की सहायता तथा इस उद्देश्य से लागू योजनाओं के माध्यम से असंगठित कामगारों के कौशल को ई-श्रम के माध्यम से प्रमाणित करने के प्रयास भी कर रहे हैं। उद्योग-4 का युग एकदम अलग होगा। नई चुनौतियों का सामना करने तथा नेतृत्वकारी स्थिति बनाए रखने के लिए न केवल श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, बल्कि उसके संस्थानों को भी तत्काल भविष्य के लिए अपना पुन: मूल्यांकन करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि 'चौथी औद्योगिक क्रांति' के लिए त्वरित निर्णय लेने तथा उनका तेजी से क्रियान्वयन करने की आवश्यकता होगी।

# फेफड़ों के लिए घातक वायु प्रदूषण

**"वायु प्रदूषण को अब दुनिया का सबसे बड़ा स्वास्थ्य खतरा माना जाता है, जिससे हर साल दुनिया भर में 70 लाख मौतें होती हैं।"**

**सूर्यकांत**
(लेखक केजीएमसी लखनऊ में प्रोफेसर हैं।)



जैसा कि हम जानते हैं कि फेफड़े श्वसन के लिए प्राथमिक अंग हैं। वे शरीर को ऑक्सीजन की आपूर्ति करने और कार्बन डाइऑक्साइड को बाहर निकालने के लिए अथक प्रयास करते हैं। सांस लेने से बोलने और गाने की क्षमता में भी मदद मिलती है। जीवन पहली सांस से शुरू होता है और आखिरी सांस पर खत्म होता है। यह न्यूनतम कोशिकीय स्तर तक शरीर और उसके सभी अंगों के कामकाज के लिए महत्वपूर्ण है। 350 लीटर ऑक्सीजन पाने के लिए हम रोजाना 10,000 लीटर हवा में सांस लेते हैं। हम भोजन के बिना तीन सप्ताह तक जीवित रह सकते हैं, बिना पानी के तीन दिन, लेकिन ऑक्सीजन के बिना हम तीन मिनट से अधिक नहीं रह सकते। कोविड-19 महामारी ने ऑक्सीजन, फेफड़े और फेफड़ों के विशेषज्ञों के महत्व को प्रकट किया। वातावरण में मौजूद विभिन्न प्रकार के हानिकारक एजेंटों या प्रदूषकों के संपर्क में आने से श्वसन प्रणाली लगातार प्रभावित होती है। यह अनुमान है कि दुनिया भर में कम से कम दो अरब लोग बायोमास ईंधन के दहन से उत्पन्न ज़हरीले धुएं के संपर्क में हैं। सात अरब से अधिक लोग प्रदूषित हवा में सांस लेते हैं।

वायु प्रदूषण के कारण श्वसन तंत्र और फेफड़े सबसे अधिक प्रभावित मानव अंग हैं। कुछ सामान्य प्रभाव खांसी, घरघराहट, सांस की तकलीफ, अस्थमा, निमोनिया और बच्चों में फेफड़ों की क्षमता में कमी, वायुमार्ग में रुकावट, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी), फेफड़े का कैंसर और कई अन्य हैं।

वायु प्रदूषण को अब दुनिया का सबसे बड़ा पर्यावरणीय स्वास्थ्य खतरा माना जाता है, जिससे हर साल दुनिया भर में 70 लाख मौतें होती हैं। वायु प्रदूषण के कारण भारत में हर साल 17 लाख लोगों की मौत होती है। वायु प्रदूषण अस्थमा, फेफड़ों के कैंसर, फेफड़ों के अन्य रोगों को बढ़ाता है, जबकि हृदय रोग जैसी कई बीमारियों को भी बढ़ाता है। लगभग सभी भारतीय हवा में सांस लेते हैं जो विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशानिर्देशों से अधिक है। इसकी 2021 की रिपोर्ट में बताया गया है कि मध्य और दक्षिण एशिया के 15 सबसे प्रदूषित शहरों में से 11 भारत के थे। भारत में लगभग 16.7 लाख मौतें वायु प्रदूषण के कारण हुईं, जो 2019 में देश में हुई कुल मौतों का 17.8 प्रतिशत थी। इसका मतलब है कि, भारत में प्रति मिनट तीन मौतें वायु प्रदूषण के कारण हुईं।

2019 में उच्च रक्तचाप, तंबाकू और खराब आहार के बाद वैश्विक स्तर पर जल्दी मौत के जोखिम वाले कारकों में वायु प्रदूषण चौथे स्थान पर है। वैश्विक स्तर पर, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज से होने वाली मौतों में से लगभग 40 प्रतिशत, कम श्वसन संक्रमण से होने वाली मौतों में से 30 प्रतिशत और फेफड़ों के कैंसर से होने वाली 19 प्रतिशत मौतों का कारण वायु प्रदूषण था। भारत में, वायु प्रदूषण के कारण होने वाली फेफड़ों की बीमारियों से लगभग 45 प्रतिशत मौतें होती हैं और 40 प्रतिशत नुकसान अस्वस्थता, विकलांगता या जल्दी मृत्यु के कारण होता है। वायु प्रदूषण से निपटने और बदलाव लाने के लिए तत्काल और उचित कार्रवाई की आवश्यकता है।

श्वसन रोगों के प्रभाव में सीओपीडी जैसी पुरानी स्थितियों और निमोनिया जैसी गंभीर बीमारियों या निचले श्वसन पथ के संक्रमण दोनों शामिल हैं। 2019 में निमोनिया से 2.5 मिलियन से अधिक लोगों की मृत्यु हुई, जिससे यह दुनिया में सबसे अधिक प्रचलित तीव्र बीमारियों और मृत्यु के कारणों में से एक बन गया। यह 65 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों और पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए भी मृत्यु का सबसे बड़ा कारण है, जो नवजात नहीं हैं।

इसके अतिरिक्त, सार्स-सीओवी-2 मृत्यु दर उन वयस्कों में कोविड-19 के परिणामस्वरूप नाटकीय रूप से बढ़ गई, जिनमें अंतर्निहित सहवर्ती रोग थे, विशेष रूप से उन लोगों में जिन्हें श्वसन रोग या निमोनिया विकसित किया, 6.3 मिलियन से अधिक व्यक्तियों की मौत हो गई, ज्यादातर श्वसन कारणों से। 2020 में, टीबी से 1.5 मिलियन लोगों की मृत्यु हुई, जिससे यह कोविड-19 महामारी के बाद सबसे अधिक प्रचलित घातक संक्रामक रोग बन गया। दुनिया भर में, 10 मिलियन से अधिक व्यक्तियों ने टीबी का अनुबंध किया, जबकि भारत में 2.6 मिलियन लोग प्रभावित हुए। जीर्ण श्वसन रोग की शुरुआत को ऐसे तीव्र श्वसन संक्रमण और अन्य आनुवंशिक-पर्यावरणीय अंत:क्रियाओं से भी जोड़ा जा सकता है, जिसमें बचपन की बीमारी खराब स्वास्थ्य के लिए एक विकासात्मक प्रक्षेपवक्र स्थापित करती है। विश्व स्तर पर, अनुमानित 544.9 मिलियन लोग 2017 में पुरानी श्वसन स्थिति से पीड़ित थे। दुनिया में, सीओपीडी लगभग 200 मिलियन लोगों, या चार प्रतिशत आबादी को प्रभावित करता है, और सालाना 3.2 मिलियन लोगों को मारता है, जिससे यह मृत्यु दर का तीसरा सबसे बड़ा कारण बनता है। . अस्थमा दुनिया भर में 350 मिलियन लोगों (भारत में 35 मिलियन) को प्रभावित करता है और बच्चों में सबसे अधिक बार होने वाली पुरानी बीमारी है।

बच्चे विशेष रूप से आसानी से प्रभावित होते हैं क्योंकि वे अभी भी बढ़ रहे हैं और उनके फेफड़े, दिमाग और प्रतिरक्षा प्रणाली विकसित हो रही हैं। कम उम्र में वायु प्रदूषण के संपर्क में आने से फेफड़ों के विकास में बाधा आ सकती है, मस्तिष्क के विकास में बाधा आ सकती है और अस्थमा जैसी स्थितियों का खतरा बढ़ सकता है। दमा से पीड़ित बच्चों के फेफड़े और वायुमार्ग आसानी से फूल जाते हैं, जिसके परिणामस्वरूप परेशान करने वाले दैनिक लक्षण होते हैं जो खेल, खेल, स्कूल और नींद में बाधा डालते हैं।

5 जून, 2022 को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाइफ (पर्यावरण के लिए जीवन) आंदोलन शुरू किया गया था। उन्होंने कहा कि लाइफ का दृष्टिकोण एक ऐसी जीवन शैली जीना है जो हमारे ग्रह के अनुरूप हो और इसे नुकसान न पहुंचाए। ऐसा जीवन जीने वालों को 'प्रो-प्लेनेट पीपल' के रूप में जाना जाता है। मिशन लाइफ अतीत से उधार लेता है, वर्तमान में काम करता है, और आगे देखता है। हमारा जीवन कम करने, पुन: उपयोग करने और रीसायकल करने की अवधारणाओं से बुना गया है।

## आप की बात

### हृदयविदारक घटना

उत्तर प्रदेश के भदोही शहर में एक धार्मिक आयोजन में लगी आग में 6 लोगों की मृत्यु एवम 50 श्रद्धालुओं का घायल होना अत्यंत दुखदाई एवम हृदय विदारक घटना है। इससे पूर्व भी कानपुर में श्रद्धालुओं से भरी लेकर जा रहे ट्रैक्टर ट्रॉली दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसमें करीब 23 लोगों की मृत्यु हो गई थी और बड़ी संख्या में लोगों को गंभीर चोट आई है. धार्मिक अनुष्ठान के आयोजकों को ध्यान रखना चाहिए कि किसी तरह की दुर्घटना ना हो। यदि हो भी जाए तो रोकने के पुख्ता इंतजाम करने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। धार्मिक अनुष्ठानों के आयोजकों के द्वारा स्थानीय शासन प्रशासन की अनुमति, वॉलिंटियर्स, ट्रैफिक, पर्यावरण, एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होती है जिसके कारण यदि कोई दुर्घटना होती है तो बचाव के कार्य में सरकार को भारी मशक्कत का सामना करना पड़ता है और जानमाल का नुकसान भी होता है इसलिए ऐसे आयोजनों पर सरकार को भी निगरानी रखनी होगी। धार्मिक आयोजनों में उत्सवों में और यात्राओं में श्रद्धालुओं को भी सावधानी बरतनी होगी। जान-माल का भारी नुकसान बेहद दर्दनाक होता है केवल सरकार के ऊपर जिम्मेदारी डाल देना किसी भी तरह से उचित नहीं है।

**- वीरेंद्र कुमार जाटव,** नई दिल्ली

### पाप का अंत कब ?

वर्षों से चली आ रही परम्परा दशहरे पर रावण दहन गांवों से लेकर अंचलों, नगरों, महानगरों व पूरे देश में बुराई पर अच्छाई की जीत हेतु किया जाता है। और दहन पश्चात एक दूसरे को शुभकामनाएं, बधाई दी जाती है! रावण के पुतले के दहन के बाद विजयी पताका का इतना जोश, उत्साह होता है कि हमने हमेशा-हमेशा के लिए बुराई का अंत कर दिया, दहन कर दिया! परन्तु विडंबना है कि वर्तमान दौर में देश को खोखला करने वाले अर्थपिशाचों व संस्कार, संस्कृति को धूमिल करने वाले, सभ्यता को कलंकित करने वाले इन भ्रष्टाचारी व दुष्कर्मी रावणों का दहन कब होगा? क्या इन कलयुगी रावणों में बुराई नहीं है? आये दिन मासूमों का बलात्कार, महिलाओं से छेड़छाड़, महिलाओं के साथ बलात्कार, जघन्य हत्याएं, क्या यह अपराध या बुराई नहीं? फिर इनका खात्मा करने के लिए कौन सा राम जन्म लेगा? देश में घोटाले व आर्थिक अनियमितता की खबरों से व रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ने की खबरें सुर्खियों में होती हैं! क्या अर्थ पिपासी रावण के खात्मे के लिए कोई कारगर व ठोस नीति नहीं है..? देश में यह कृत्य आखिर सीमा क्यों लांघ रहे हैं!

**- योगेश जोशी,** बड़वाह, मप्र

### ग्लोबल वार्मिंग के खतरे

जब जब भी प्रकृति करवटें बदलती है और देश में अनहोनी होती है तब तब हर कोई जलवायु परिवर्तन पर बहस करता है। सब के अपने तर्क होते हैं और हर कोई उसे श्रेष्ठ जताता है। सब का फोकस ग्लोबल वार्मिंग पर ही होता है जो आज बड़ी चिंता का विषय बनता जा रहा है। अध्ययन और शोध पर विश्वास करें तो आने वाले सालों में मानव जीवन के लिए मुसीबतें ही पैदा होना है। वास्तव में ग्लोबल वार्मिंग बड़े संकट का संदेश है। ग्लेशियरों का पिघलना, मौसम में गर्मी बढ़ना और हीटवेव का एक निर्धारित अंतराल के बाद नियमित चलना कुछ ऐसी चेतावनी या हैं जिन पर गौर जरूरी है। गर्मी के मौसम में असहनीय गर्मी और अचानक मौसम का बदलना, बरसात होना या ठंड का चमकना शोधकर्ताओं की निगाहों में सब कुछ ठीक-ठाक नहीं है। 2010 के ऊंचे तापमान को आधार मानकर सामने आए निष्कर्ष एक चेतावनी है जो हर तीसरे साल हीटवेव चलने की आशंका व्यक्त करते हैं। मौसम का मिजाज अगर अनुकूल होता तो दशकों के बाद निर्मित होने वाली असहनीय गर्मी की स्थिति साल दर साल न बढ़ती।

**- अमृतलाल मारू,** इंदौर

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
**pioneerhry@gmail.com**
पर भी भेज सकते हैं।

## फरमाया



"**राजस्थान** में नए मुख्यमंत्री के नाम पर विधायकों के भड़कने का नया मामला था।
**- अशोक गहलोत**
राजस्थान के मुख्यमंत्री

**ऊर्जा** संकट व मुद्रास्फीति के मामले में हमारे पास आगे बढ़ने की स्पष्ट योजना है।
**- लिज ट्रस**
ब्रिटिश प्रधानमंत्री





**सत्तारूढ़** लोगों द्वारा महात्मा गांधी की विरासत पर कब्जा करना आसान है, पर उनके रास्ते पर चलना कठिन।
**- राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता"

# नशे से दूर रहकर खेलों में जोर आजमाइश करें युवा : दिग्विजय चौटाला

## कैथल के रजत ने जीती कुश्ती प्रतियोगिता

गुरजोत दुग्गल। कुरुक्षेत्र

**जजपा** के वरिष्ठ नेता दिग्विजय चौटाला ने कहा है कि हरियाणा के गाबरूओं ने विश्व भर में भारत का नाम रोशन करने का काम किया है। प्रदेश के खिलाड़ी हर खेल में आगे बढ़कर शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। वे गांव लुखी में श्री बद्रीनाथ सेवा समिति द्वारा आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने पहुंचे थे। उनके साथ शुगरफेड हरियाणा के चेयरमैन व शाहाबाद विधायक रामकरण भी मौजूद रहे। यहां पहुंचने पर युवा नेता डॉ. जसविंद्र खैहरा व समिति के अध्यक्ष आचार्य चंद्रकांत शास्त्री के नेतृत्व में ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया व गदा भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया।

दिग्विजय चौटाला ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खिलाड़ी देश की शान होते हैं। युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों में जोर आजमाइश करनी चाहिए। खेल में सफल हुआ युवा जहां देश की झोली में मेडल जीत कर डालेगा वहीं स्वस्थ समाज का भी गठन करेगा। इसलिए आवश्यकता है कि हम पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी आगे बढ़ें। लुखी गांव में कुश्ती दंगल का आयोजन सराहनीय कार्य है। सरकार द्वारा खेलों व खिलाड़ियों के बारे में विशेष रूप से सोच रही है। इस दौरान दिग्विजय चौटाला ने गांव लुखी में ई-लाइब्रेरी खोलने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला युवा सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं। पूरे प्रदेश में ई-लाइब्रेरी खोली जा रही हैं ताकि युवा वर्ग सही से पढ़ाई कर सकें।

आदमपुर चुनाव पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि उनका गठबंधन भाजपा के साथ है और वे गठबंधन नियम का पालन करेंगे। शुगरफैड हरियाणा के चेयरमैन व शाहाबाद विधायक रामकरण काला ने कहा कि इस क्षेत्र में बहुत विकास कार्य किए जा रहे हैं। भविष्य में भी विकास कार्यों के लिए धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। डॉ. जसविंद्र खैहरा के प्रयासों से इस क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं का निपटान किया जा चुका है। इस मौके पर जजपा के जिलाध्यक्ष कुलदीप जखवाला, जोगधायान लाडवा, जगबीर मोहड़ी, योगेश शर्मा, होशियार सिंह किरमच, सुनील राणा, नरेंद्र घराड़सी, सुशील राणा, नीरज भारद्वाज, बल्ली राणा, अनिल राणा, अजय राणा, सलिंद्र कुमार, सतपाल कुरड़ी, राजपाल चिब्बा, बलकार चिब्बा, भोपाल राणा, गजेंद्र शर्मा, गुरलाल वडैच, ईश्वर सिंह, हर्ष शर्मा, धीरज नैन, राजेश पायलट, बबलू काजल, हनी दहिया, सतीश मडाड सहित गणमान्यजन व खिलाड़ी मौजूद रहे।




दिग्विजय चौटाला को सम्मानित करते गांववासियों के साथ रामकरण व डॉ जसविन्द्र खैहरा। दंगल में कुश्ती खेलते पहलवान।

### विजेता ने जीता 71 हजार का इनाम

**कुश्ती** दंगल के दौरान कैथल निवासी रजत ने बाजी मारी और प्रथम 71 हजार के इनाम को अपने नाम किया। दूसरे नंबर पर चंडीगढ़ निवासी बलविंद्र सिंह रहे। बलविंद्र सिंह को दूसरे इनाम के रूप में 51 हजार रुपये नकद राशि भेंट की गई। वहीं नरेश कुमार ने तृतीय स्थान के साथ 41 हजार इनाम प्राप्त किया व मोनू भाखला ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया जिसे इनाम स्वरूप 21 हजार रुपये नगद राशि भेंट की गई। सभी विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि ने स्मृति चिह्न भी भेंट किये।



रिबन काटकर विकास कार्यों का शुभारंभ करते मेयर व विधायक।

# ननि के गांवों में मूलभूत सुविधाएं कराना मुख्य प्राथमिकता : मदान

## विकास कार्यों का शुभारम्भ करने राठधाना पहुंचे मेयर निखिल मदान

**सोनीपत।** नगर निगम सोनीपत वार्ड नं 9 के गांव राठधना में वीरवार को विधायक जयवीर वाल्मीकि, नगर निगम मेयर निखिल मदान ने नगर निगम द्वारा बनाये जा रहे सामुदायिक केंद्र में निर्माणाधीन बहुउपयोगी हॉल का शुभारम्भ किया।

मेयर निखिल मदान ने कहा कि ग्रामीणों की काफी समय से यही मांग थी कि उनके गांव की आबादी को देखते हुए गांव के सामुदायिक केंद्र में बड़े हॉल का निर्माण किया जाए। इस विषय पर उन्होंने और स्थानीय पार्षद ने ग्रामीणों की मांग का संज्ञान लेते हुए नगर निगम हॉउस बैठक में सामुदायिक केंद्र हॉल के कार्य को पारित करवाया था, जिसका निर्माण कार्य अब शुरू हो गया है। इस सामुदायिक केंद्र हॉल एवं शौचालय को नगर निगम द्वारा 45 लाख रुपये की धनराशि से बनाया जाएगा। विधायक जयवीर वाल्मीकि ने कहा कि उनके हल्के खरखौदा के कुछ गांव नगर निगम क्षेत्र में आते है, जिनके निरन्तर विकास के लिए वो लगातार प्रयत्नशील है। धीरे-धीरे वहां सभी मूलभूत सुविधाएं प्रदान करवाना ही उनकी प्राथमिकता है।

इस मौके पर प्रिंस सरोहा, अत्तर सिंह प्रधान, रामतीर्थ सरोहा, रमेश सरोहा, राजू सरोहा, विनोद सरोहा, सतीश सरोहा, रामपथ, रणधीर सरोहा, पंडित श्रीनिवास, कृष्ण, सोनू, तरसिम नम्बरदार, रणजीत, सुरेंद्र पहलवान, सुल्तान सरोहा और देवेंद्र सरोहा आदि लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त-समाचार

### जिला कारागार में किया गया लोक अदालत का आयोजन

**सोनीपत।** मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव रमेश चन्द्र ने कहा कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला के निर्देशानुसार तथा जिला व सत्र न्यायधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रमोद गोयल के मार्गदर्शन में जिला कारागार में लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस लोक अदालत में एक बंदी को गुरुवार को रिहा कर दिया गया। मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी ने कहा कि जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा जिला कारागार में हर महीने में दो बार लोक अदालत का आयोजन किया जाता है, जिसमें छोटे अपराधों में बंद बंदियों के केसों की सुनवाई कर उनका त्वरित निपटान किया जाता है।

### पेड़-पौधे मानव जीवन की अनमोल धरोहर हैं : शीतल सिंह



**कुरुक्षेत्र।** आकाश बायजूस ने पौधारोपण अभियान के तहत वीरवार को 208 जगहों पर 208 पौधे रोपित किए। अभियान का शुभारंभ डीएसपी मुख्यालय शीतल सिंह धारीवाल ने किया। इस दौरान आकाश बायजूस के स्टेट हैड इंद्रजीत कुमार, ब्रांच हैड अक्षत शर्मा व राघव विशेष तौर पर मौजूद रहे। डीएसपी शीतल सिंह धारीवाल ने आकाश बायजूस द्वारा चलाए गए पौधारोपण अभियान की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पेड़, पौधे प्रकृति मानव जीवन की अनमोल धरोहर हैं तथा इनके बिना प्राणी मात्र का जीवन संभव नहीं है। प्रकृति का संरक्षण हम सब का प्रथम दायित्व है। पौधों का रोपण कर देना ही काफी नहीं, बल्कि इनकी लगातार देखरेख संवर्धन किया जाना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ता प्रदूषण पर्यावरण को हो रही भारी क्षति आज विश्व की सबसे बड़ी समस्या हैं, लगातार हो रहे औद्योगिक विकास के परिणाम स्वरूप पर्यावरण पर गहरा प्रभाव पड़ा है। पर्यावरण संरक्षण के लिए यह अत्यंत अनिवार्य है कि वनों एवं जंगलों की सुरक्षा के साथ-साथ अधिक से अधिक वृक्षों का रोपण तथा उनकी सतत सुरक्षा के प्रबंध किये जाने की दिशा में ईमानदारी के साथ कार्य किए जाए।

### सेवा ट्रस्ट यूके कर रहा है समाज के लिए सराहनीय कार्य



**कुरुक्षेत्र।** सेवा ट्रस्ट यूके कुरुक्षेत्र जिला में समाज सेवा एवं शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों से अन्य संस्थाओं के लिए भी प्रेरणा बनता जा रहा है। ट्रस्ट द्वारा विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र में सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। स्वस्थ भारत, स्वस्थ समुदाय अभियान के अंतर्गत सेवा ट्रस्ट यूके के द्वारा राजकीय प्राथमिक विद्यालय धनीरामपुरा में काफी संख्या बच्चों को, मिड डे मील वर्कर्स, सफाई कर्मचारी तथा आशा वर्कर्स को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के मुख्य शिक्षक सुभाष आर्य ने की। उन्होंने कहा कि सेवा ट्रस्ट द्वारा विद्यालय के बच्चों, आंगनबाड़ी वर्कर्स, सफाई कर्मचारियों आदि को सम्मानित करने की जो मुहिम चलाई जा रही है, वह प्रशंसनीय है। सेवा ट्रस्ट यूके के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने बताया की ट्रस्ट समाज में शिक्षा, रक्तदान, पौधारोपण, स्वास्थ्य और कैरियर काउंसलिंग के कार्य करने में हमेशा तत्पर है। इस अवसर पर खंड प्रधान विक्रम वड़ैच, मेघा गुप्ता, कुलदीप सिंह, निर्मला, आरती आदि मौजूद रहे।

### प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आगे बढ़ने का जज्बा पैदा करती हैं



**करनाल।** डीएवी पीजी कॉलेज करनाल के रेड रिबन क्लब के विद्यार्थियों ने जिला एड्स कंट्रोल सोसायटी द्वारा आयोजित जिला स्तरीय क्विज कंपटीशन में अपनी बुद्धिमत्ता से श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में चौथा स्थान प्राप्त किया है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रामपाल सैनी ने दोनों विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को कहा कि विद्यार्थियों को प्रतियोगिताओं में निरंतर भाग लेना चाहिए, क्योंकि प्रतियोगिताओं में भाग लेने से विद्यार्थियों में आगे बढ़ने का जज्बा पैदा होता है, जिससे सफलता मिलती है। प्राचार्य ने रेड रिबन क्लब की संयोजक डॉ. अंशु गुप्ता, सह-संयोजक डॉ. रेखा चौधरी को भी बधाई दी। इस मौके पर सभी स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

# पेट्रोल पंप पर लूट करने के तीन आरोपित काबू

## दशहरा पर जश्न मनाने के लिए ममेरे भाई के साथ बनाई थी लूट की योजना

**कुरुक्षेत्र।** जिला पुलिस ने पेट्रोल पम्प पर लूट करने के तीन आरोपियों राहुल पुत्र रमेश चन्द वासी धनौरी, जिला अम्बाला, अजय पुत्र जोगिन्द्र वासी सिद्धपुरा जिला यमुनानगर व विकास पुत्र हुकम चन्द वासी फतेहगढ़ तुम्बी जिला यमुनानगर को मात्र 24 घंटे में गिरफ्तार कर 12 हजार रुपये और वारदात में प्रयोग चाकू बरामद किया है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कर्ण गोयल ने बताया कि संदीप कुमार पुत्र मंगत राम वासी नारायणगढ़ माजरा थाना साहा जिला अंबाला ने थाना शाहबाद पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह साहा शाहाबाद रोड पर पेट्रोल पम्प पर सेल्समैन की नौकरी करता है। रात के समय वह अपने साथी सेल्समैन राहुल पुत्र रमेश वासी धनौडी थाना सदर अंबाला अपनी ड्यूटी पर पेट्रोल पंप के कमरे में बैठा हुआ था। सुबह करीब 3 बजे दो नौजवान लड़के मुंह पर कपड़ा बांधकर पेट्रोल पंप के पीछे से आए और आकर कमरे में घुस गए और उनको चाकू दिखाकर मारपीट करने लगे और करीब 25000 रुपये छीनकर मौका से फरार हो गए। पुलिस ने मामले के आरोपितों को काबू किया। अपराध अन्वेषण शाखा-1 के प्रभारी निरिक्षक मलकीत सिंह ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस जांच से पता चला है कि आरोपी राहुल पुत्र रमेश चन्द वासी धंनौडी जिला अम्बाला ने ही लूट की योजना बनाई थी। रिमांड अवधि के दौरान आरोपी राहुल ने बताया कि उसने दशहरे पर जश्न मनाने के लिए अपने ममेरे भाई अजय के साथ पेट्रोल पम्प पर लूट की योजना बनाई थी।

# गांजा फूल पत्ती की सप्लाई करते एक आरोपी गिरफ्तार

**करनाल।** जिला पुलिस करनाल की स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट (सीआईए टू) की टीम द्वारा एक आरोपी को गांजा फूल पत्ती की सप्लाई करते हुए गिरफ्तार किया है। इस संबंध में 5 अक्टूबर को एएसआई विकास कुमार स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट की अध्यक्षता में टीम अपराध रोकथाम के लिए थाना रामनगर के एरिया कैथल रोड पर मौजूद थी। उसी समय टीम को सूचना प्राप्त हुई कि अनिल वासी गली नंबर 1 शास्त्री नगर जिला करनाल गांजा फूल पत्ती बेचने के लिए ग्राहक के इंतजार में डब्ल्यूजेसी नहर पर बने रजबाहे के पास से शास्त्री नगर जाने वाले मोड़ पर खड़ा है। सूचना के आधार पर टीम द्वारा मौके पर दबिश देकर आरोपी अनिल उपरोक्त को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक पॉलीथिन में से एक किलो 600 ग्राम गांजा फूल पत्ती बरामद की गई। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना रामनगर में मामला दर्ज किया गया।

# विश्व मुक्केबाजी प्रतियोगिता के लिए वंशज चौहान का भारतीय टीम में चयन

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**गुवाहाटी** में विश्व मुक्केबाजी प्रतियोगिता के लिए ट्रायल का आयोजन किया गया। जिसमें लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी के चार बॉक्सर्स 49 किलोभार वर्ग में विशेष दहिया, 54 किलोभार वर्ग में अक्षत कादयान, 63.5 किलोभार वर्ग वंशज व 80 किलोभार वर्ग में अंकुश चहल ने इस ट्रायल में हिस्सा लिया।

सभी बॉक्सर फाइनल मुकाबले में जगह बनाने में कामयाब रहे। वंशज ने 63.5 किलोभार वर्ग में फाइनल मुकाबले में आर्मी के प्रीत मलिक को हराकर 13 नवंबर, से 27 नवंबर, 2022 तक एलिकेंट, स्पेन में आयोजित होने वाली विश्व मुक्केबाजी प्रतियोगिता के लिए अपना नाम अंकित किया। वंशज के इस प्रदर्शन से एकेडमी और विद्यालय में खुशी का माहौल है। विद्यालय की प्रधानाचार्य आशा गोयल ने कहा कि यह हमारे विद्यालय व राज्य के लिए लिए बड़े ही गर्व की बात है कि लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेड्मी से बड़े स्तर के लिए बॉक्सर तैयार हो रहे हैं। कोच रोहतास कुमार ने बताया कि अहमदाबाद, गुजरात में चल रहे 36वीं नेशनल गेम्स में लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी के चार बॉक्सर्स इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं। जिसमें अंकित शर्मा ने धमाकेदार जीत के साथ आगाज किया। पहले ही मुकाबले में सर्विसेज के साई कुमार को 4-1 के स्कोर से हरा, क्वार्टरफाइनल राउंड में प्रवेश किया।

विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व विद्यालय की प्रधानाचार्य आशा गोयल ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी व उनको भविष्य में होने वाली विश्व मुक्केबाजी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी।



कोच के साथ चयनित खिलाड़ी वंशज चौहान।

# सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य जांच के लिए लगवाएं कैंप

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**उपायुक्त** अनीश यादव ने मेनुवल स्कवैन्जर रोकथाम एवं उनके पुनर्वास अधिनियम 2013 के तहत गठित जिला स्तरीय कमेटी के सदस्यों की लघु सचिवालय के सभागार में बैठक ली और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि इस अधिनियम की जिला में सख्ती से पालना हो, दोषी के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी तथा पीड़ित व्यक्ति के परिजनों को सरकार की ओर से दी जाने वाली आर्थिक मदद दी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सफाई कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य जांच के समय-समय पर कैम्प लगवाएं जाएं तथा इनकी मुफ्त में स्वास्थ्य जांच करवाएं। इस कार्य में लगे कर्मचारियों के लिए सुरक्षा औजार उपलब्ध करवाने की भी व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों को अपना व्यवसाय चलाने हेतु अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम से आसान शर्तो पर ऋण दिलवाने की भी व्यवस्था की जानी चाहिए।

जिला कल्याण अधिकारी कृष्णा भारद्वाज ने बताया कि यह अधिनियम स्वास्थ्य के लिए हानिकारक सीवर या सेफटिक टैंक की सफाई को निषेध करता है तथा ऐसी कम्पनी जो यह कार्य कराती है, वे इस अधिनियम के तहत दोषी है। अधिनियम के तहत अपराध गैर जमानती होता है तथा सेक्शन 6 के तहत दो साल की जेल हो सकती है। इसमें किसी भी जाति से संबंधी सफाई कर्मी या सेनेटरी कार्यकर्ता कवर होते हैं। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट की निर्देशों की अनुपालना में यदि किसी सफाई कर्मचारी की सीवर सफाई के दौरान मृत्यु हो जाती है तो उसके आश्रितों को 10 लाख रुपये की वित्तिय सहायता दी जाती है। उन्होंने बताया कि यदि किसी कर्मचारी की मृत्यु वर्ष 1993 के बाद सीवर सफाई के तहत हुई है तथा इस सत्य को छिपाया गया है, तो यह कोर्ट के आदेशों की अवहेलना मानी जाएगी।



डीसी अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए।

# सिख संगत दस को करेगी पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा का अभिनंदन

**करनाल।** अमर शहीद बाबा दीप सिंह की महान शहादत को समर्पित गुरमत समागम गुरुद्वारा सिंह सभा बाबा दीप सिंह गोल्फ लिंक गली नम्बर 34 कर्ण बिहार करनाल मे 10 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से दोपहर दो बजे तक आयोजित किया जा रहा है। मौके पर पूर्व मुख्यमन्त्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को सुप्रीम कोर्ट द्वारा हरियाणा गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी को मान्यता देने पर सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया जाएगा।

पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा, अशोक अरोड़ा और विधायक, पूर्व विधायक पहुंच रहे हैं। यह जानकारी हरियाणा राज्य अल्प संख्यक आयोग के पूर्व चेयरमैन त्रिलोचन सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि हरियाणा में अलग से गुरुद्वारा प्रवन्धक कमेटी के गठन मे पूर्व सीएम हुड्डा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने बताया कि आज प्रदेश की सिख संगत भूपेंद्र हुड्डा के आभारी है। उन्होंने बताया की कार्यक्रम की सफलता के लिए वह गांव-गांव जा रहे हैं। लोगों में कार्यक्रम को लेकर उत्साह है। उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल से हरियाणा के गुरुद्वारो की सेवा प्रवन्धन कमेटी को देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सरकार इस मामले मे निर्णय जल्द ले।

# फेस्टिव फूड फेस्टिवल के दौरान पेश किये गए फेस्टिव स्नैक्स के नए स्वाद और फ्लेवर्स

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**त्योहारों** का उत्सव अपनी सीमा पर है, हर जगह स्पार्कल और सेलिब्रेशन का माहौल है और हर कोई त्योहारों की इस स्पिरिट को एन्जॉय कर रहा है, ऐसे में इस माहौल में स्वाद का तड़का लगाते हुए मीटिंग्टन और ग्रैब ऐ ग्रीन ने दुर्गा पूजा महोत्सव के समारोह के दौरान फेस्टिव स्नैक्स के नए स्वाद, और फ्लेवर्स पेश किये। दुर्गा पूजा उत्सव के अवसर पर आयोजित इस फेस्ट में भारी संख्या में लोगों ने फूड टेस्टिंग की और फेस्टिवल में पेश किये गए स्वादिष्ट स्नैक्स का लुत्फ उठाया, लोगों ने इस फूड फेस्ट के दौरान पेश की गयी रेंज में कबाब टिक्का पेटिस रोल्स आदि का स्वाद लिया और इस मौके पर उपास्थिटी शेफ्स से घर पर ही इन स्नैक्स को बनाने की रेसिपीस और टिप्स भी साझा किये ।

इस अवसर पर मीटिंग्टन और ग्रैब ऐ ग्रीन के सीओ फाउंडर्स आशुतोष मालिक, नीता मालिक और सचिन सहगल भी मौजूद थे और उन्होने इस फूड फेस्ट और नयी रेंज के बारे में जानकारी देते हुए कहा, फेस्टिवल का समय है और ऐसे में किसका मन नहीं करता है गरमा गरम स्वादिष्ट स्नैक्स खाने का मजा लें और यदि वो स्नैक्स स्वादिष्ट होने के साथ ही हेल्थी और नुट्रीशयस हों तो उनका स्वाद दोगुना हो जाता है। और लोगों की इसी स्पिरिट को ध्यान में रखते हुए हमने त्योहारों के लिए खास नयी रेंज निकाली है जो बेहद का स्वादिष्ट है और त्योहारों के सेलिब्रेशन का मजा भी दोगुना करती है।

लोग इस रेंज को बहुत आसानी से अपने घर पर भी तैयार कर सकते हैं, यह पूरी रेंज रेडी तो कुक स्नैक्स और फ्रोजेन स्नैक्स की श्रंखला में हम उपलब्ध करवा रहे हैं। सभी की इच्छा होती है कि त्योहारों के समय में चटपटे और तले भुने स्नैक्स आदि खाये जाएं लेकिन यह स्नैक्स हेल्थ की दृष्टि से बहुत उचित नहीं होते। लोगों के स्वादिष्ट और हैल्थी खाने की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए हमने मीटिंग्टन और ग्रैब ऐ ग्रीन की नयी वेज और नॉनवेज रेंज निकाली है, फेस्टिव सीजन में हमने स्वादिष्ट, जायकेदार और हेल्दी स्नैक्स की श्रृंखला में नए और अनूठे फ्लेवर लांच किये हैं यह सभी स्नैक्स रेडी टू कुक स्नैक्स और फ्रोजेन फूड की श्रृंखला में हैं जिन्हें बनाना गृहणियों के लिए बेहद आसान है।



# नोएडा में परफॉरमेंस देंगे लकी अली

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**प्रसिद्ध** इंडियन सिंगर, गीतकार, कंपोजर एवं अभिनेता, लकी अली, शनिवार, आठ अक्टूबर को नोएडा के एक्सपो सेंटर में होने वाले कासा बकार्डी ऑन टूर में परफॉर्म करने के लिए तैयार हैं।

इस प्रोग्राम पर रोशनी डालते हुए, ब्रांड बकार्डी, की सीनियर मैनेजर, समीक्षा उनियाल ने कहा, हम लकी अली को नोएडा लाने के लिए बेहद उत्सुक हैं क्योंकि शहर में म्यूजिक को पसंद करने वालों का एक क्राउड है। इस इवेंट की घोषणा के बाद से ही हम स्थानीय लोगों के बीच एक्साइटमेंट को महसूस कर सकते हैं। साथ ही इसे लेकर मिलने वाली प्रतिक्रिया भी बिल्कुल अभूतपूर्व रही है, इसके साथ ही अब हम कासा बकार्डी के इस टूर एक्सपीरियंस को शहर में लाने के लिए और अधिक इंतजार नहीं कर सकते हैं।

मकसूद महमूद अली, जिन्हें लकी अली के नाम से भी जाना जाता है, एक प्रसिद्ध भारतीय सिंगर, गीतकार, संगीतकार तथा अभिनेता हैं, जिन्होंने कई बॉलीवुड फिल्मों में अपनी आवाज दी है। वह देश के सबसे वर्सेटाइल सिंगर्स में से एक हैं। इस प्रोग्राम को बकार्डी एक्सपीरियंस द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है, जिसे डब्ल्यूएमएस एंटरटेनमेंट, आर्टिस्ट मैनेजमेंट

फार्म हाउस म्यूजिक एंड हॉस्पिटैलिटी पार्टनर - एक्सपो सेंटर, सेक्टर 62, नोएडा द्वारा प्रोड्यूस्ड किया गया है। समीक्षा उनियाल कहा लकी अली के साथ इस शहर की सबसे बड़ी पार्टी में शामिल होने, और एक खूबसूरत एडवेंचर जिसे आप जीवन भर याद रखेंगे, के लिए तैयार रहें।

# साधना एप पर हनुमान मंदिर के दर्शन कर पाएंगे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**लोगों** की आस्था और प्रेम को देखते हुए 13 सितंबर को साधना एप पर हनुमान मंदिर दर्शन उपलब्ध करा दिए गए हैं। इस मुद्दे पर साधना एप की सीईओ प्रियंका आनंद कहती हैं कि हमें कई यूजर्स और श्रद्धालुओं ने मैसेज करके इसके बारे में जानकारी दी। हनुमान मंदिर दर्शन के लिए गूगल पर 100 से ज्यादा रिव्यूज पढ़ने को मिले। सभी के आस्था को ध्यान में रखते हुए हमने ये निर्णय लिया। भगवान हनुमान एक शक्तिशाली और आदरणीय शख्सियत हैं। वो भगवान श्रीराम के सच्चे भक्त हैं। हमें पता है कि लोग हनुमान जी के बारे में ज्यादा जानकारी प्राप्त करना चाहते हैं। ऐसे में हमने सभी भक्तों का सम्मान करते हुए ये निर्णय लिया। हनुमान जी एक ऐसे महामानव हैं, जो विषम परिस्थिति में भी भक्तों की रक्षा करते हैं।



वर्चुअल मंदिर बनाना बेहद मुश्किल और चुनौतीभरा काम है. इसमें मंदिर के बारे में पूरी जानकारी दी जाती है। वर्चुअल मॉडल तैयार करने के लिए कई बार बारिकियों से गुजरना पड़ता है। असली मंदिर जैसी फीलिंग लाने के लिए मंदिर के लुक, डिजाइन पर बहुत ही काम किया जाता है। हनुमान मंदिर किशकिंदा में स्थित है। ऐसे में इस मंदिर को वर्चुअल दुनिया में लाने के लिए बहुत ही मेहनत करनी पड़ती है। पवित्र ग्रंथ और वेदों का अध्ययन किया जाता है ताकि हम भक्तों को असली मंदिर जैसी जानकारी दें।

इस पूरे प्रकरण पर प्रियंका आनंद बताती हैं कि हमें साधकों (यूजर्स) की मांग को समझना पड़ता है। उनकी आस्था और भक्ति का हम बहुत ही ज्यादा सम्मान करते हैं। ऐसे में हम उन बारिकियों पर मेहनत करते हैं, जिनसे हमारे साधकों को अच्छा महसूस हो। आज हम एप की मदद से भगवान हनुमान के मंदिर का दर्शन करवा रहे हैं, ऐसे में हमारे लिए सबसे ज्यादा जरूरी हो जाता है कि हम उन्हें सबकुछ सच दिकाएं ताकि वो अच्छा महसूस कर सकें।

पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन एक्शन मोड में

# 10 किसानों पर जुर्माना, दो के खिलाफ एफआईआर

### जिला में अब तक 14 लोकेशनों में से 12 की हुई पहचान

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**धान** कटाई के बाद किसानों द्वारा पराली जलाने की घटनाएं रोकने के लिए, प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। जिला में अब तक 14 लोकेशनों में से 12 की पहचान हो गई है, जिनके विरुद्ध 10 किसानों पर जुर्माना लगाया गया तथा दो के खिलाफ कृषि विभाग द्वारा एफआईआर दर्ज की गई है।

इस बारे में उपायुक्त अनीश यादव का कहना है कि जिले में पराली जलाने की घटनाएं रोकने के लिए माइक्रो प्लान तैयार किया गया है, जिसके तहत उच्चाधिकारियों सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारियों की संयुक्त टीम फील्ड में उतार दी गई है, जो कि पराली जलाने की घटनाओं पर कड़ी नजर रख रही है। इनमें एसडीएम, बीडीपीओज, तहसीलदार के अलावा गांव स्तर पर कृषि अधिकारी, पटवारी व ग्राम सचिव को तैनात किया गया है, जोकि हर समय निगरानी रख रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो किसान समझाने के बावजूद पराली जलाने का प्रयास करेगा, प्रशासन उनसे सख्ती से निपटेगा।

उपायुक्त अनीश यादव ने किसानों से अपील की कि वे पराली को जलाने की बजाए उसके बेलर बनवाएं या उन्हें खेतों में ही समायोजित करें, या फिर खेत के बाहर बनाए गई डोल पर रखें। ऐसा करने के लिए सरकार की ओर से एक हजार रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि मिलेगी।




अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते उपायुक्त अनीश यादव।

### उप कृषि निदेशक डॉ. आदित्य प्रताप ने दी जानकारी

**डीडीए** डॉ. आदित्य डबास ने बताया कि किसान यदि फसल अवशेषों का प्रबंधन करें तो यह उसके लिए बहुत ही उपयोगी है। सरकार की ओर से प्रति एकड़ एक हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। सभी कस्टम हायरिंग सेंटर व कुछ व्यक्तिगत किसानों के पास 250 के करीब बेलर उपलब्ध हैं, जिनसे किसान आसानी से फसल अवशेष प्रबंधन करा सकता है। उन्होंने जानकारी दी कि इस बारे में किसानों के हित को देखते हुए आईओसीएल को पराली की आपूर्ति की जाएगी, इसके लिए जिला में साढ़े 57 एकड़ भूमि पराली भंडारण के लिए सुनिश्चित की गई है। इस काम के लिए जिला के बाम्बरेहड़ी, गगसीना और सिरसी, तीन जगहों पर डिपो बनाए गए हैं, जहां पराली एकत्र की जाएगी।

### क्या है माइक्रो लेवल प्लान

**बता** दें कि माइक्रो लेवल प्लान के अंतर्गत उपायुक्त की ओर से खंडवार ऐसे गांवों की सूची बनाई गई थी, जिनमें गत वर्ष फसल अवशेषों में आग लगाने की घटनाएं हुई थीं और सेटेलाइट के जरिए एक्टिव फायर लोकेशन की जानकारी मिली थी। इन गांवों में सम्बंधित एसडीएम को नोडल बनाकर बीडीपीओ व तहसीलदार के जरिए गांव के पटवारी व ग्राम सचिव को यह जिम्मेदारी दी गई थी कि वे आग लगाने वाले किसानों को हर तरीके से समझाएं और उनसे एफिडेविट लें, कि वे इस बार पराली में आग नहीं लगाएंगे।

# कृषि विभाग की छह जागरुकता वैन को डीसी ने दिखाई हरी झंडी



जागरुकता वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते उपायुक्त अनीश यादव।

**करनाल।** उपायुक्त अनीश यादव ने गुरुवार को लघु सचिवालय परिसर से कृषि विभाग की छह जागरुकता वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो गांव-गांव जाकर किसानों को फसल अवशेष (फाने) न जलाने के लिए जागरूक करेंगी। गांव पहुंचते ही वैन एक कॉमन प्लेस पर रुकेगी और इसमें मौजूद ऑडियो रिकॉर्डिंग से किसानों को बताया जाएगा कि फसल अवशेषों में आग लगाने के क्या-क्या नुकसान हैं। यह भी बताया जाएगा कि फानों में आग लगाने की बजाए उनकी गांठें बनवाएं या मशीनों से पराली को खेत में ही समायोजित करें। किसानों को इस बात के लिए भी जागरूक किया जाएगा कि जो किसान फसल अवशेष प्रबंधन को अपनाएगा, उसे सरकार की ओर से एक हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

जागरुकता वैन को झंडी दिखाकर रवाना करने के बाद उपायुक्त ने मीडिया कर्मियों को बताया कि करनाल जिला के किसान प्रगतिशील हैं। उम्मीद है कि वे धान कटाई के बाद खेतों में बचे अवशेषों को आग नहीं लगाएंगे। उन्होंने बताया कि इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से गांव-गांव में ग्राम सचिव, पटवारी और एक कृषि विभाग के अधिकारियों की टीम बनाकर किसानों को जागरूक करने की जो जिम्मेदारी दी गई है, उसके अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। लंबरदार और पूर्व सरपंचों का भी सहयोग मिल रहा है। खास बात यह है कि इस बारे में फसल अवशेषों में आगजनी की घटनाएं गत वर्ष के मुकाबले कम हैं।

मीडिया कर्मियों के एक सवाल पर उन्होंने बताया कि उद्योगों से निकलने वाले धुएं से प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए जिला में ग्रैप (ग्रैडेड रिस्पोंस एक्शन प्लान) गत एक अक्तूबर से लागू हो गया है।

## संक्षिप्त-समाचार

### कुरुक्षेत्र विवि की कोविड स्पेशल परीक्षाओं की डेटशीट जारी

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने विभिन्न पाठ्यक्रमों के उन परीक्षार्थियों के लिए स्पेशल परीक्षाएं आयोजित करने की घोषणा की थी जोकि कोविड या अन्य किसी कारण से परीक्षा में नहीं बैठ सके थे। ऐसे छात्र-छात्राओं के लिए केयू की संचालन शाखा द्वारा परीक्षाओं की डेटशीट जारी कर दी गई है जो कि इन परीक्षार्थियों के लिए अच्छी खबर है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. हुकम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जो छात्र-छात्राएं कोविड या खेलों/एनसीसी में भाग लेने के कारण अपने तय परीक्षा शेड्यूल के अनुसार अपनी परीक्षा में नहीं बैठ सके, उन सभी विद्यार्थियों के लिए कुवि ने स्पेशल परीक्षाएं आफलाइन मोड में आयोजित करने का निर्णय लिया है ताकि विद्यार्थियों का शैक्षणिक-सत्र प्रभावित न हो। ये सभी परीक्षाएं 13 अक्टूबर से आयोजित होंगी, जिसके लिए विश्वविद्यालय में एक सेंटर बनाया गया है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय की सभी परीक्षाएं अप्रैल से अगस्त माह में आयोजित हुई थी जिनमें कई परीक्षार्थी अपनी परीक्षा नहीं दे सके। डॉ. सिंह ने बताया कि दूरवर्ती शिक्षा निदेशालय परीक्षा सेंटर में आयोजित होने वाली ये परीक्षाएं सुबह 10 बजे से एक बजे तक ली जाएंगी। उन्होंने बताया कि पूर्व की भांति इन परीक्षाओं में भी छात्र हितों को मद्देनजर रखते हुए परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र में दिए गए प्रत्येक इकाई से प्रश्न हल करने की बजाए किसी भी प्रश्न को हल करने की अनुमति होगी। इन परीक्षाओं की डेटशीट विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध करा दी गई है जिसके सफल संचालन के लिए सभी कॉलेजों/संस्थानों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं और विश्वविद्यालय स्तर पर भी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इन परीक्षाओं को लेकर गुरुवार को गाइडलाइन भी जारी कर दी गई हैं और इन परीक्षाओं को बेहतर तरीके से लेने की योजना बनाई गई है।

### नगर पालिका अध्यक्ष ने वार्ड-10 पार्कों का किया निरीक्षण



**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** नगर पालिका शाहाबाद के प्रधान गुलशन कवात्रा ने वार्ड-10 के छह पार्कों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के नगरपालिका सचिव अंकुश पराशर और वार्ड-10 की पार्षद इशू सचदेवा भी मौजूद रही। पार्षद इशू सचदेवा ने अध्यक्ष को बताया कि वार्ड में बंदरों की समस्या निरंतर बढ़ रही है। यहां सभी पार्कों की हालत भी देख-रेख के अभाव में दयनीय है। उन्होंने नपा अध्यक्ष से अपने वार्ड की सभी छह पार्कों में बड़ी फॉक्स लाइट लगाने का आग्रह किया। इसके बाद नपा अध्यक्ष मारकंडा नेशनल कॉलेज के पीछे हुडा सेक्टर, पार्ट-2 में बनी पार्क का निरीक्षण करने गए। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद शाहाबाद के अध्यक्ष महेश भगत ने उन्हें पार्क की दयनीय स्थिति से अवगत करवाया। महेश भगत ने बताया कि पार्क में माली न होने के कारण घास बहुत बड़ी हो गई है। पार्क की चाहरदीवारी पर लगी ग्रिल भी टूट चुकी है। पार्क के भीतर आवारा पशु और गऊएं आदि विचरण करती हैं, जिस कारण पार्क में गंदगी का आलम है। इसके अलावा पार्क में लगे पौधों की कटाई भी न होने के कारण पार्क का आकर्षण खत्म होता जा रहा है। नगर पालिका प्रधान गुलशन कवात्रा ने पार्षद और सुबह के समय पार्क में आने वाले सभी लोगों को आश्वासन दिया कि वे इन सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करेंगे। इस अवसर पर नगर पालिका एमई और समाजसेवी गुरविंदर सिंह गाबा सहित अन्य मौजूद रहे।

### मांगों को लेकर एसएफआई ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



**कुरुक्षेत्र।** स्टूडेंट्स फैडरेशन आफ इंडिया कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय इकाई कमेटी के नेता राजदीप व रितु के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया और कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपा। एसएफआई के राज्य अध्यक्ष विनोद गिल ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में नई शिक्षा नीति दाखिला प्रकिया हुई है। छात्र नेता ऋतू ने बताया की विश्विद्यालय में तकनीकी आधुनिकता का राग अलापा जाता है लेकिन कैंपस और हॉस्टल दोनों में वाई-फाई की सुविधा कंडम है, जबकि विद्यार्थियों से वाई-फाई का चार्ज भी वसूला जाता है। विद्यार्थियों ने मांग की कि प्रतिदिन की बढ़ी हुई डाइट को वापिस कम किया जाए साथ में सहकारी और प्राइवेट मैस से ली जा रहा सर्वेंट चार्ज को खत्म किया जाए व कर्मचारियों की तनख्वाह का विवि भुगतान करें। यूनिवर्सिटी कॉलेज में नई शिक्षा नीति के तहत हुए प्रथम वर्ष के दाखिलों में सब्जेक्ट कॉम्बिनेशन की त्रुटियों को दुरूस्त किया जाए। यूनिवर्सिटी कॉलेज में अध्यापकों के रिक्त पड़े पदों को जल्द-जल्द से भरा जाए ताकि विद्यार्थी की पढ़ाई सुचारू रुप से शुरू हो सके व हर विभाग के अंदर स्थायी भर्ती हो। डे स्कॉलर विद्यार्थियों के लिए नए बस स्टैंड कुरुक्षेत्र से विश्वविद्यालय थर्ड गेट तक बस सुविधा की जाए। विश्वविद्यालय के अन्दर भी बस की सुविधा को सुचारू रूप से चलाया जाए और ये बस हॉस्टल के अंदर वाले गेट तक जाए। वाई-फाई की सुविधा को सुचारू रूप से चालू किया जाए। प्रदर्शन में हिता, वर्षा, पंकज, ज्योति, साहिल, रोहित, निधि, रेणु, प्रतिभा, अभिषेक, अमित, सौरभ, मोहित, अमित, आदि शामिल रहे।

### नए सैक्रेटरी के पद संभालते ही मंडी में धड़ाम से गिरे धान के रेट

**करनाल।** मंडियों में अव्यवस्था फैली हुई है, किसानों को धान लेकर मंडियों में प्रवेश करने के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ रहा है। सड़कों पर 4-4 किलोमीटर तक धान से लदी ट्रालियों की लाइनें लगी हैं। जिसे देखते हुए प्रशासन ने शुक्रवार को खरीद कार्य बंद कर उठान करने का निर्णय लिया है ताकि किसानों को काफी हद तक राहत मिल सके। उधर करनाल मंडी में नए सैक्रेटरी के पदभार संभालते ही धान के रेट धड़ाम से नीचे गिर गए, जो किसानों के लिए किसी मुसीबत से कम नहीं हैं। धान के रेट प्रति क्विंटल 100 रुपये तक गिर चुके हैं। मंडी में फैली अव्यवस्था के बीच धान को कम रेट पर खरीदे जाने लगा है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना झेलना पड़ रहा है। ट्रालियों की लम्बी-लम्बी कतारें लगी हुई हैं, आरोप है कि मंडी में कई ट्रालियां को सीधे ही एंट्री दी जा रही है, जिनके बाद में गेट पास तक काटे जा रहे हैं। यही वजह है कि मंडी में धान का उठान कराने में लेट लतीफी की जा रही है। कई आढ़तियों ने दूसरे जिलों के किसानों के नामों से पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराया हुआ है, जिनके नाम पर गेट पास काटे जा रहे हैं, जो फर्जीवाड़े को जन्म दे रहा है। यही कारण है कि धान के रेट धड़ाम से नीचे खिसक रहे हैं, अगर ऐसा न होता तो किसानों को धान के रेट बेहतर मिलते रहते, लेकिन ऐसा नहीं है। अगर प्रशासन मामले की अभी से ही जांच करें तो आने वाले दिनों में बड़े फर्जीवाड़े को होने से रोका जा सकता है। मंडी सचिव पवन चोपड़ा ने बताया कि आगामी कई दिनों तक बरसात की संभावना जताई जा रही है, इसे देखते हुए रेट में कमी आई है। क्योंकि मंडी में धान की आवक काफी ज्यादा है। लेकिन बरसात के बाद जिस रेट पर पहले धान बिक रहा था, उसी रेट पर बिकना शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को खरीद कार्य बंद रखकर केवल लिफ्टिंग कार्य करवाया जाएगा। धान के पीक सीजन में करनाल नई अनाजमंडी के सचिव सहित कई अधिकारी अवकाश पर चले गए, हालांकि प्रशासन ने उनके अवकाश पर चले जाने पर किसी भी अनिमिताओं से इंकार किया है। बावजूद मंडी में कई तरह की चर्चा चल रही है। क्योंकि बीच सीजन में कोई अधिकारी कैसे अवकाश पर जा सकता है, वो भी जब किसान अपनी मेहनत समेटकर मंडी में पहुंच रहे हैं, जो समय उनकी सुनवाई का है, उस समय किसानों को मंडी सचिव सहित अन्य अधिकारी उपलब्ध नहीं रहे।

### सतपाल कौशिक जिला शिक्षा अधिकारी और संध्या छिकारा बनी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी

**चंडीगढ़।** जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सतपाल कौशिक को सरकार व शिक्षा विभाग ने उनके बेहतरीन कार्य को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी पंचकूला का महत्वपूर्ण कार्यभार दिया। वहीं जिला परियोजना अधिकारी (डीपीसी) के तौर पर कम समय में अपनी मजबूत प्रशासनिक पकड़ के चलते शिक्षा सुधार के खास प्रोग्राम एफएलएन के बेहतरीन क्रियान्वयन में शानदार कार्य को लेकर उपस्थित दर्ज कराने वाली संध्या छिकारा को जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी की जिम्मेदारी दी है।

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी पंचकूला के पद पर संध्या छिकारा ने कार्यभार संभाल लिया है। जिला में डीपीसी के पद पर रहते हुए संध्या छिकारा ने जिला में एक सशक्त अधिकारी के तौर पर छवि बनाई।

# ब्रह्मसरोवर से जल्द से जल्द धान उठान का कार्य पूरा करेगी एजेंसी

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**अनाज** मंडी में धान की आवक जोरों पर है। उठान कार्य धीमा होने के चलते मंडी धान से अटी पड़ी है। हालत यह है कि ब्रह्मसरोवर व आस-पास के क्षेत्रों में किसान अपनी धान डाल रहे हैं। जिला कुरुक्षेत्र की मंडियों व खरीद केन्द्रों से तीन लाख 49655 मीट्रिक टन धान आवक हो चुकी है। इस आवक में से फूड सप्लाई विभाग ने एक लाख 27732 मीट्रिक टन व हैफेड ने 38813 मीट्रिक टन धान उठान कार्य सहित एक लाख 66545 एमटी धान उठान कार्य पूरा कर लिया है।

उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि कुरुक्षेत्र की सभी मंडियों और खरीद केंद्रों से धान के उठान का कार्य तेजी के साथ किया जाए। इस जिले में अब तक विभिन्न एजेंसियों ने एक लाख 66 हजार 545 मीट्रिक टन धान के उठान कार्य को पूरा भी कर लिया है। अहम पहलू यह है कि एजेंसियों के अधिकारी ब्रह्मसरोवर और आसपास के क्षेत्र से धान का उठान कार्य जल्द से जल्द पूरा करेंगे, ताकि संबंधित विभागों के अधिकारी इस क्षेत्र को पूर्णतः साफ-सुथरा बना सकें। इस मामले को संबंधित विभाग के अधिकारी गंभीरता के साथ लेंगे ताकि किसी को कोई परेशानी ना हो और शहर की सफाई व्यवस्था भी बनी रहे।

### कुरुक्षेत्र की मंडियों और खरीद केन्द्रों से तीन लाख 49 हजार 655 मीट्रिक टन धान की हुई आवक

उपायुक्त शांतनु शर्मा ने बातचीत करते हुए कहा कि जिला कुरुक्षेत्र की मंडियों व खरीद केन्द्रों में खरीद एजेंसियों ने तीन लाख 49655 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। इसमें से फुड एंड सप्लाई ने दो लाख 56968 एमटी और हैफेड ने 92687 मीट्रिक टन धान की खरीद की है। अब तक 47291 किसानों की धान की फसल की खरीद की जा चुकी है, जिसमें से फूड एंड सप्लाई विभाग द्वारा 35750 किसानों और हैफेड द्वारा 11541 किसानों की धान की फसल खरीदी गई है। जिले में खरीद केंद्रों पर धान की खरीद का कार्य एक अक्टूबर से शुरू कर दिया गया है। खरीद केन्द्रों पर किसान अपनी फसलों को निर्धारित शेड्यूल के अनुसार लेकर पहुंच रहे हैं। जिला कुरुक्षेत्र के सभी मंडियों व खरीद केंद्रों से सभी एजेंसियों के खरीद कार्य व उठान कार्य से सम्बंधित रिपोर्ट डीएफएससी द्वारा एकत्रित की जा रही है।



जानकारी देते उपायुक्त शांतनु शर्मा।

उन्होंने कहा कि कहीं पर भी किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं है, अगर कोई दिक्कत आती है तो उसे तुरंत दुरुस्त किया जा रहा है। सभी मंडियों में बारदाना पर्याप्त मात्रा में पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला कुरुक्षेत्र की मंडियों व खरीद केन्द्रों से तीन लाख 49655 मीट्रिक टन धान आवक हो चुकी है। इस आवक में से फूड सप्लाई विभाग ने एक लाख 27732 मीट्रिक टन व हैफेड ने 38813 मीट्रिक टन धान उठान कार्य सहित एक लाख 66545 एमटी धान उठान कार्य पूरा कर लिया है।

उपायुक्त ने कहा कि सभी अधिकारियों और एसडीएम को निर्देश दिए गए है कि अपनी-अपनी मंडियों में मौके पर जाकर प्रशासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं का मूल्यांकन करें। फील्ड में जाकर किसानों, व्यापारियों की समस्याओं को सुनें और उनका मौके पर समाधान करने का प्रयास करें। इसके साथ-साथ सभी डयूटी मजिस्ट्रेट मंडियों में कानून एवं व्यवस्था पर भी नजर रखें।

# नगरायुक्त कार्यालय से होगा एनडीसी और हाउस टैक्स का कार्य

### डीएमसी अश्विनी मलिक की देखरेख में अब होगा तीनों शाखाओं का कार्य

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**विधायक** सुभाष सुधा ने कहा कि लोगों की एनडीसी, हाउस टैक्स व प्रधानमंत्री आवास योजना की शाखा से संबंधित समस्याओं को जहन में रखते हुए तीनों शाखाओं को नगर परिषद से नगर आयुक्त कार्यालय में स्थानातंरित किया जाएगा। इन तीनों शाखाओं का कार्य अब जिला नगर आयुक्त अश्विनी मलिक की देखरेख में होगा। अहम पहलू यह है कि अब लोगों को तीनों शाखाओं से संबंधित अपने कार्य कराने के लिए लघु सचिवालय के नए भवन में जाना होगा और समस्याओं का तुरंत समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।



अधिकारियों को निर्देश देते विधायक सुभाष सुधा।

विधायक सुभाष सुधा ने वीरवार को अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि काफी समय से लोग लगातार नगर परिषद कार्यालय में एनडीसी, हाउस टेक्स और प्रधानमंत्री आवास योजना की समस्याओं को लेकर शिकायत दर्ज करवा रहे थे। इन शिकायतों को लेकर कई बार नगर परिषद के अधिकारियों और कर्मचारियों को दिशा-निर्देश भी दिए गए, लेकिन लोगों की समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा था। अब लोगों की समस्या का समाधान करने के लिए जिला नगर आयुक्त अश्विनी मलिक से चर्चा की और सभी अधिकारियों से इस विषय पर गंभीरता से मंथन करने के उपरांत यह निर्णय लिया गया है कि हाउस टेक्स, एनडीसी और पीएम आवास योजना की तीनों शाखाओं को नगर परिषद से लघु सचिवालय के नए भवन में स्थित जिला नगर आयुक्त कार्यालय में शिफ्ट कर दिया जाए।

उन्होंने कहा कि नगर परिषद से तीनों शाखाओं को अधिकारियों और कर्मचारियों सहित नगर आयुक्त कार्यालय में शिफ्ट करने के निर्देश दिए गए है। अब लोगों को इन तीनों कार्यों के लिए नगर परिषद की बजाए डीएमसी कार्यालय में जाना होगा। इन तीनों शाखाओं का कार्य डीएमसी अश्विनी मलिक की देखरेख में होगा। इस निर्णय से लोगों को हाउस टैक्स जमा करवाने, नो ड्यू सर्टिफिकेट लेने और प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने में परेशानी नहीं होगी। अगर किसी भी व्यक्ति को अब भी किसी प्रकार की कोई दिक्कत और परेशानी आती है तो सबसे पहले वह डीएमसी से संपर्क करें, अगर फिर भी समस्या का समाधान नहीं होता है तो उनसे सीधा संपर्क कर सकता है, उनका प्रयास रहेगा कि थानेसर शहर के लोगों की इन तीनों शाखाओं से संबंधित कोई भी समस्या लंबित ना रहे और कार्यालय में जाने पर समस्या का तुरंत समाधान हो सके।

# सम्पत्ति कर बकायादारों को भुगतान पर मिलेगी छूट

**करनाल।** सम्पत्ति कर के बकायादारों के लिए राहत भरी खबर है, जिन्होंने वर्ष 2010-11 से 2021-22 तक सम्पत्ति कर नहीं भरा है, वे आगामी 31 दिसम्बर तक अपने बकायों का एकमुश्त भुगतान कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें समस्त ब्याज की छूट का लाभ मिलेगा।

नगर निगम आयुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि नागरिक एनडीसी पोर्टल-यूएलबीएचआरवाईएनडीसी डॉट कॉम पर जाकर अपनी पुरानी प्रॉपर्टी आईडी दर्ज करें तथा मेक माई पेमेंट ऑप्शन पर जाकर क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग या यूपीआई आईडी के जरिए ऑनलाईन पेमेंट कर प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवा सकते हैं। ऑनलाइन टैक्स भरने से ब्याज माफी के साथ-साथ चालू वित्त वर्ष 2022-23 के टैक्स पर भी एक प्रतिशत की अतिरिक्त छूट का लाभ मिलेगा।

उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से गत मास में इस राहत की अधिसूचना जारी हो गई थी, जिससे यह सुविधा 15 सितंबर से प्रभावी है। उन्होंने कहा कि इसे देखते सम्पत्ति कर बकायादारों के लिए ब्याज की छूट का लाभ प्राप्त करना एक सुनहरी मौका है और ऐसे मौके बार-बार नहीं आते। खास बात यह है कि बकायादारों को एकमुश्त बकाया राशि जमा कराने पर ब्याज की छूट का अच्छा-खासा लाभ मिलता है और वे संतुष्ट हो जाते हैं। नगर निगम के डीएमसी अरुण भार्गव ने बताया कि चालू वित्त वर्ष 2022-23 के लिए निगम के खजाने में करीब दो करोड़ रुपये जमा हुए हैं। सरकार की ओर से समस्त बकाया राशि को एकमुश्त जमा कराने पर समस्त ब्याज का लाभ दिए जाने की जो घोषणा की गई है, उससे सम्पत्ति कर में अच्छी-खासी बढ़ोतरी होगी।

# सूरज की पहली किरण के साथ शुरू हुआ राहगिरी कार्यक्रम

### पुलिस ने साइबर अपराधों से बचने और साइबर हेल्पलाइन के बारे में किया जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र/शाहाबाद

**पुलिस** महानिदेशक हरियाणा के आदेशानुसार आमजन को जागरूक करने के लिए पुलिस द्वारा अक्टूबर माह को साइबर जागरुकता माह के रूप में मनाया जा रहा है। जिला पुलिस ने साइबर जागरुकता माह के छठे दिन शाहाबाद में आमजन को साइबर अपराधों के प्रति जागरुकता संदेश दिया।

पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार सागवाल ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह भौरिया के आदेशानुसार साइबर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा हैं। अभियान के नोडल अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र कर्ण गोयल की देख-रेख में जिला में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को साइबर अपराधों से बचने की जानकारी दी जा रही है। पुलिस टीमों द्वारा स्कूलों, कॉलेजों व अन्य शैक्षणिक संस्थानों में जाकर साइबर अपराधों के प्रति व यातायात नियमों की पालना करने के लिए विद्यार्थियों को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला पुलिस द्वारा गुरुवार को सुबह सूरज की पहली किरण के साथ ही शाहाबाद वासियों को हंसी ठहाकों से गुदगुदाया गया। इसी बीच साइबर जैसे अहम मुद्दे से अवगत करवाते हुए जागरुकता का पाठ पढ़ाया गया।




राहगीरी में मौजूद विधायक, पुलिस अधीक्षक, नपा प्रधान और अन्य।




राहगीरी में प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

राहगीरी कार्यक्रम में शाहाबाद विधायक रामकरण मुख्य अतिथि रहे। पत्रकारों से बात करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कर्ण गोयल ने बताया कि राहगीरी कार्यक्रम से आमजन को साइबर विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी देकर साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने साइबर अपराधियों द्वारा अपनाए जा रहे हथकंडों का विवरण देते हुए आमजन को अपने बैंक खाते संबंधी जानकारी साझा न करने का आह्वान किया।

### साइबर हेल्पलाइन के बारे में जागरूक

जिला पुलिस ने अनोखे अंदाज में आमजन को साइबर हेल्पलाइन नं. 1930 के बारे में जागरूक किया। पुलिस टीम ने नगर के भीड़ वाले 1930 मीटर एरिया में पैम्फलेट्स बांट कर व तख्तियों पर साइबर जागरुकता स्लोगन लिख कर आमजन को साइबर हेल्पलाइन नं. 1930 बारे जागरूक किया। स्कूली बच्चों, अध्यापकों व हरियाणा कला परिषद के कलाकारों ने भी आमजन को जागरूक करने में खूब रुचि दिखाई। राहगीरी में विश्वास पब्लिक स्कूल शाहाबाद, सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल शाहाबाद व हरियाणा कला परिषद के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से सबको थिरकने पर मजबूर कर दिया।

### सेल्फी प्वाइंट पर रही युवाओं की भीड़

कार्यक्रम में पुलिस विभाग की ओर से सेल्फी प्वाइंट बनाया गया। इस दौरान सेल्फी प्वाइंट पर फोटो खींचने वाले युवाओं की काफी भीड़ रही। सेल्फी प्वाइंट पर विधायक शाहाबाद सहित गणमान्य जनों, पुलिस कर्मियों, स्कूली टीचर्स, बच्चों, युवाओं व महिलाओं ने सेल्फी ली। इस कार्यक्रम में मंच का संचालन पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार सागवाल ने किया। कार्यक्रम में डीएसपी शाहाबाद रणधीर सिंह, नगरपालिका प्रधान गुलशन कवातरा, पूर्व प्रधान सुदर्शन कक्कड़, पार्षद पति काली ठुकराल, पार्षद रीतू शर्मा, कमित सचदेवा, जयनाथ पांडे, शुभम साहनी, हेल्पर सोसायटी के प्रधान तिलक राज, प्रिंसीपल दिव्या कौशिक, प्रिंसीपल असीमा बतरा, अध्यापक, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, पुलिस कर्मचारी, गणमान्य, बच्चे और महिलाएं मौजूद रहीं।

# उज्जैन: महाकाल लोक गलियारे की शुरुआत से पहले फ्लाईओवर बना सेल्फी प्वाइंट

## प्रधानमंत्री 11 को महाकाल गलियारा पुनर्विकास परियोजना के पहले चरण का उद्घाटन करेंगे

एजेंसी। उज्जैन (मप्र)

**उज्जैन** निवासी दीपू शर्मा अपने गृह नगर में शीघ्र खुलने वाले महाकाल गलियारे को लेकर बेहद उत्साहित हैं। उनका कहना है कि वह शानदार नई परियोजना की एक झलक पाने और सेल्फी लेने के लिए लगभग हर रात अपने घर के पास स्थित पुराने ओवरब्रिज पहुंचते हैं। शर्मा जैसे ऐसे कई स्थानीय लोग हैं, जो हरि फाटक ओवरब्रिज के रैंप (ढलान) से दिखने वाले मनमोहक दृश्य की सराहना करते हैं। यहां से दिखने वाला सजावटी त्रिशूल और भगवान शिव की मुद्रा

### सजावटी त्रिशूल और भगवान शिव की मुद्रा वाले 108 अलंकृत बलुआ पत्थर के स्तंभ करते हैं आकर्षित

वाले 108 अलंकृत बलुआ पत्थर के स्तंभों का दृश्य लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करता है।

साथ ही भगवान की मूर्तियों और जगमग भित्ति चित्र के पास लगे फव्वारे इसकी सुंदरता को और बढ़ा देते हैं। परियोजना स्थल को दूर से निहारने का यह उत्साह पिछले कुछ हफ्तों में बढ़ा है।



पिछले महीने मध्य प्रदेश मंत्रिमंडल की इस पवित्र शहर में हुई पहली बैठक के बाद फ्लाईओवर सेल्फी के लिए लोगों की दीवानगी बढ़ गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 अक्टूबर को महाकाल गलियारा

### गलियारे का नाम रखा है महाकाल लोक

**राज्य** सरकार ने 900 मीटर से अधिक लंबे गलियारे का नाम महाकाल लोक रखा है। दो भव्य प्रवेश द्वार-नंदी द्वार और पिनाकी द्वार-गलियारे के शुरुआती स्थान के पास बनाए गए हैं, जो प्राचीन मंदिर के प्रवेश द्वार तक जाते हैं।

पुनर्विकास परियोजना के पहले चरण का उद्घाटन करेंगे।

इस परियोजना के निर्माण को लेकर शहर के लोग बहुत उत्साहित हैं क्योंकि इससे भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंग में से एक महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं को पहुंचने और पवित्र शिवलिंग के दर्शन करने में आसानी होगी।

हर दिन शाम ढलने के बाद काफी संख्या में लोग ओवरब्रिज के पास एकत्र होकर प्राचीन रुद्रसागर झील को निहारते हैं और गलियारे की पृष्ठभूमि में सेल्फी लेते हैं।

स्थानीय कैब चालक रोहित सोंगारा ने कहा, ओवरब्रिज का यह हिस्सा मुख्य प्रवेश द्वार (नंदी द्वार) के सामने पड़ता है और यह लोगों के लिए पसंदीदा सेल्फी प्वाइंट बन गया है। यह उत्साह पिछले कुछ हफ्तों में बढ़ा है।

# विदेश मंत्री ने न्यूजीलैंड के समक्ष छात्र वीजा का मुद्दा उठाया

एजेंसी। ऑकलैंड

**विदेश** मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को न्यूजीलैंड के विदेश मंत्री से इस देश में अपनी पढ़ाई के वास्ते आने वाले भारतीय छात्रों के लिए वीजा प्रक्रिया में तेजी लाने का आग्रह किया।

विदेश मंत्री के रूप में न्यूजीलैंड की अपनी पहली यात्रा पर यहां पहुंचे जयशंकर ने न्यूजीलैंड की अपनी समकक्ष नानाया महुता के साथ गर्मजोशी के साथ फलदाई चर्चा की। न्यूजीलैंड में पढ़ाई करने आने वाले अंतरराष्ट्रीय छात्रों में दूसरा स्थान भारतीय छात्रों का है, जो सूचना प्रौद्योगिकी, आतिथ्य, विज्ञान, इंजीनियरिंग और वास्तुकला जैसे



विभिन्न विषयों में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। जयशंकर ने कहा, मैंने संबंधित मंत्री के साथ उन छात्रों से जुड़ी चिंताओं को भी उठाया, जिन्हें कोविड की अवधि के दौरान न्यूजीलैंड छोड़ना पड़ा और जिनके पास अपने वीजा को नवीनीकृत कराने का अवसर नहीं था। उन्होंने कहा कि उन छात्रों के लिए भी वीजा प्रक्रिया में तेजी लाने का आग्रह किया गया।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने लगाया आरोप, कहा

# भाजपा राजस्थान के कुछ बेरोजगार युवाओं से गुजरात में करा रही दांडी मार्च

एजेंसी। जयपुर

**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि भाजपा राजस्थान के कुछ बेरोजगार युवाओं को प्रलोभन देकर गुजरात ले गई और उनसे दांडी मार्च करवाकर वह राजस्थान को बदनाम कर रही है। गहलोत ने कहा कि गुजरात में चुनाव आ रहे हैं, ऐसे में हो सकता है कि चुनाव के कारण से भाजपा ने उनको (युवाओं) को लालच दिया हो।

उन्होंने कहा कि अगर देश में नौकरियों की सबसे बुरी हालत कहीं है तो वह गुजरात में है जो खुद नौकरी दे नहीं रहा है और वहां कर्मचारियों को पूरी तनख्वाह भी नहीं मिलती है। भीलवाड़ा के रायपुर क्षेत्र में एक सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गहलोत ने कहा, सरकारी नौकरी सब को मिल नहीं सकती, फिर भी राजस्थान ने रिकार्ड बनाया है। सत्ता में आने के बाद कांग्रेस सरकार ने 1.31 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी है और 1.24 लाख विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है और एक लाख सरकारी नौकरियों की घोषणा 2022-23 के बजट में की है। उन्होंने कहा, अगला बजट वर्तमान सरकार का अंतिम बजट होगा और हो सकता है कि ऐसी स्थिति बने कि नौकरियों की घोषणा करनी पड़े। उन्होंने कहा, राजस्थान के युवाओं को रोजगार मिले, यह जिम्मेवारी हमारी है, हमने रिकार्ड बनाया है। हम अगला बजट युवाओं को समर्पित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कुछ बच्चे गुजरात जाकर दांडी मार्च कर रहे हैं, ऐसे बच्चों से मैं कहना चाहूंगा, आप लाखों बच्चों का हित ध्यान रखें, सभी को गुमराह न करें। उन्होंने कहा कि पहले जो नौकरी करते थे उनके संगठन होते थे लेकिन अब बेरोजगारो के भी संगठन बनने लग गए हैं। गहलोत ने कहा कि राजस्थान निवेश के लिए अनुकूल माहौल बनाने का प्रयास कर रहा है और इसके लिए सात-आठ अक्टूबर को जयपुर में इन्वेस्ट राजस्थान समिट होगा जिसमें देश-विदेश के लगभग तीन हजार प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे।



### चार बेरोजगारों का एक समूह गुजरात यात्रा पर

**राजस्थान** के बेरोजगार युवाओं का एक समूह पिछले चार दिनों से गुजरात में यात्रा कर रहा है और वह वहां राजस्थान सरकार पर युवाओं से किए वादों को पूरा नहीं करने का आरोप लगा रहा है। इस यात्रा को दांडी यात्रा नाम दिया गया है, जो 150 किलोमीटर की दूरी तयकर गुजरात में कांग्रेस कार्यालय पर समाप्त होगी। बेरोजगार युवाओं का समूह अहमदाबाद में कांग्रेस पार्टी कार्यालय के बाहर धरना देगा।

### राज्य सरकार ने कई कंपनियों से समझौता किया

**राज्य** सरकार ने विभिन्न कंपनियों के साथ 11 लाख करोड़ के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं और इससे राज्य में औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। गहलोत ने चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना और एवं अन्य लोक कल्याणकारी योजनाओं को उद्धृत करते हुए कहा कि केंद्र को उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर लागू करना चाहिए।

# भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुईं सोनिया, राहुल के साथ की पदयात्रा

### सोनिया कर्नाटक के मांड्या में पदयात्रा में शामिल होकर करीब एक किमी तक चलीं

### देवगौड़ा परिवार के प्रभाव वाले क्षेत्र में मांड्या में पदयात्रा करना महत्वपूर्ण

एजेंसी। मांड्या (कर्नाटक)

**कांग्रेस** अध्यक्ष सोनिया गांधी बृहस्पतिवार को यहां भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुईं और राहुल गांधी तथा अन्य भारत यात्रियों के साथ पदयात्रा की। सोनिया कर्नाटक के मांड्या जिले में पदयात्रा में शामिल होकर करीब एक किलोमीटर तक चलीं। वह पहली बार इस यात्रा में शामिल हुईं।

सोनिया और राहुल गांधी के साथ कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डीके शिवकुमार, कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला और कई अन्य नेता भी इस यात्रा में शामिल हुए। पदयात्रा के रास्ते में दोनों तरफ बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। राहुल गांधी ने जगह-जगह लोगों से मुलाकात की। सोनिया का कर्नाटक विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले मांड्या में पदयात्रा करना इस मायने में भी महत्वपूर्ण है कि यह देवगौड़ा परिवार के प्रभाव वाला क्षेत्र माना जाता है।

कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा, यह ऐतिहासिक क्षण है कि सोनिया गांधीजी इस यात्रा में शामिल हुई हैं। इससे पार्टी कर्नाटक में और मजबूत होगी। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा, सोनिया गांधीजी के इस यात्रा में शामिल होने से आज लोगों का उत्साह और बढ़ गया है।

पदयात्रा के दौरान सोनिया गांधी के जूते का फीता खुल गया जिसे राहुल गांधी ने बांधा। कांग्रेस ने यह तस्वीर साझा की।



### कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा का कोई असर नहीं होगा: कर्नाटक के मुख्यमंत्री

बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने बृहस्पतिवार को कहा कि कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा का कोई असर नहीं होगा। भारत जोड़ो यात्रा इस समय कर्नाटक से गुजर रही है। बोम्मई ने इन दावों को खारिज कर दिया कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कांग्रेस की यात्रा के जवाब में अपने नेताओं की रैलियों और राज्यव्यापी दौरों की योजना बना रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इनकी योजना बहुत पहले ही बना ली गई थी।

# कांग्रेस से इस्तीफा देने वाले रिबाडिया ने थामा भाजपा का हाथ

**गांधीनगर।** कांग्रेस नेता और विधायक हर्षद रिबाडिया गुरुवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। पाटीदार समुदाय के नेता रिबाडिया ने दो दिन पहले ही गुजरात विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दिया था। उन्हें यहां भाजपा के राज्य मुख्यालय कमलम में आयोजित एक समारोह में पार्टी में शामिल किया गया।

गुजरात भाजपा के महासचिव प्रदीपसिंह वाघेला ने उनका पार्टी में स्वागत किया। इस समारोह में कांग्रेस के कई स्थानीय नेता भी भाजपा में शामिल हुए। राज्य में इस साल के अंत तक विधानसभा चुनाव होने हैं। रिबाडिया ने मंगलवार को विधानसभाध्यक्ष निमाबेन आचार्य को अपना इस्तीफा सौंप दिया था। भाजपा में शामिल होने के बाद, पूर्व कांग्रेस विधायक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की और कहा कि वह केंद्र सरकार की किसान हितैषी नीतियों और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाने तथा उनकी मदद के लिए नई प्रौद्योगिकियों को पेश करने जैसे कदमों से प्रभावित हैं। जूनागढ़ जिले के विसावदर क्षेत्र के पूर्व विधायक रिबाडिया ने कांग्रेस पर दिशाहीन होने का आरोप लगाया और कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जरूरत के समय उनकी मदद नहीं की।

### जानवरों के झुंड से टकराई वंदे भारत ट्रेन

**नई दिल्ली।** हाल में शुरू हुई मुंबई सेंट्रल-गांधीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस गुरुवार सुबह गुजरात में भैंसों के एक झुंड से टकरा गई, जिसके कारण ट्रेन को मामूली क्षति हुई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह हादसा गैरतपुर और वटवा स्टेशन के बीच सुबह करीब 11 बजकर 15 मिनट पर हुआ। इस हादसे में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नही है। रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा कि इस घटना में इंजन का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। पश्चिमी रेलवे के प्रवक्ता जितेंद्र कुमार जयंत ने कहा, मुंबई सेंट्रल और गांधीनगर स्टेशनों के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस सुबह मुंबई से रवाना हुई थी। पूर्वाह्न करीब 11.15 बजे ट्रैक पर आई कुछ भैंसों से टकराने के बाद ट्रेन के इंजन का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

### हरुदुक मेला में दिखेगी कश्मीर के जायकों व संस्कृति की झलक

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार से आयोजित होने वाले दो दिवसीय हरुदुक मेला में कश्मीरी जायकों, हाथ से बनी शॉल और घाटी की संस्कृति दिखाने वाली अन्य कलाकृतियों को पेश किया जाएगा। कश्मीर एजुकेशन कल्चर सोसाइटी (केईसीएसएस) इस मेले का आयोजन कर रही है। इस मेले के दौरान कश्मीर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, उसके स्वादिष्ट व्यंजन, हस्तशिल्प, संगीत के साथ-साथ घाटी के प्रसिद्ध आतिथ्य को पेश किया जाएगा। यह मेला ग्रेटर कैलाश में बी-36 पम्पोश एन्क्लेव के मैदान में शाम चार से रात 10 बजे तक आयोजित किया जाएगा। केईसीएसएस की प्रवक्ता सविता कौल शाली ने बताया कि कश्मीरी व्यंजन बनाने में महारत रखने वाले प्रसिद्ध लोग मेले में हिस्सा ले रहे हैं।

# न्यायमूर्ति दिनेश शर्मा पीएफआई प्रतिबंध से संबंधित यूएपीए न्यायाधिकरण के प्रमुख नियुक्त

एजेंसी। नई दिल्ली

**दिल्ली** उच्च न्यायालय के न्यायाधीश दिनेश कुमार शर्मा को पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) और उसके संबद्ध संगठनों पर प्रतिबंध से संबंधित यूएपीए न्यायाधिकरण का प्रमुख बनाया गया है। कानून मंत्रालय के न्याय विभाग द्वारा जारी एक कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, न्यायमूर्ति शर्मा का गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) न्यायाधिकरण के प्रमुख के रूप में कार्यकाल मूल सेवा के तहत आएगा।



न्यायमूर्ति शर्मा को दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एससी शर्मा ने नामित किया है। गौरतलब है कि यूएपीए के तहत किसी संगठन को प्रतिबंधित किए जाने के बाद सरकार द्वारा एक न्यायाधिकरण का गठन किया जाता है, जो यह तय करता है कि संबंधित निर्णय के लिए पर्याप्त आधार है या नहीं। प्रक्रिया के मुताबिक, केंद्रीय गृह मंत्रालय कानून मंत्रालय से उच्च न्यायालय के एक मौजूदा न्यायाधीश को न्यायाधिकरण के पीठासीन अधिकारी के रूप में नामित करने का अनुरोध करता है।

इस पर, कानून मंत्री संबंधित उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से न्यायाधिकरण का नेतृत्व करने के लिए एक न्यायाधीश की सिफारिश करने का अनुरोध करते हैं। न्याय विभाग ने तीन अक्टूबर को कार्यालय ज्ञापन जारी किया था। सरकार ने 28 सितंबर को कड़े आतंकवाद-रोधी कानून के तहत पीएफआई और उसके संबद्ध संगठनों पर पांच साल के लिए प्रतिबंध लगा दिया था।

## भाजपा सांसद प्रज्ञा ठाकुर निचली अदालत में पेश हुईं

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मालेगांव में 2008 में किए गए विस्फोट के मामले में मुख्य आरोपी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर बृहस्पतिवार को यहां निचली अदालत में पेश हुईं। मध्य प्रदेश के भोपाल से सांसद प्रज्ञा राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के विशेष न्यायाधीश एके लाहोटी के सामने पेश हुईं। अदालत में महाराष्ट्र आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) के एक अधिकारी ने अपनी गवाही दी।

एटीएस ने ही ठाकुर को गिरफ्तार किया था। उनके वकील ने दिन की कार्यवाही के दौरान एटीएस अधिकारी के साथ जिरह की। दोपहर करीब 12 बजे ठाकुर अदालत पहुंचीं और आरोपियों के लिए निर्धारित लकड़ी की बेंच पर बैठीं। बाद में कमर में दर्द की शिकायत करने पर अदालत ने उन्हें कुर्सी पर बैठने की अनुमति दे दी। अदालत ने ठाकुर के आग्रह पर कार्यवाही भी हिंदी में संचालित की।

# राष्ट्रपति के खिलाफ उदित राज की टिप्पणी पर भाजपा ने कांग्रेस पर साधा निशाना

### उदितराज ने न सिर्फ राष्ट्रपति मुर्मू, बल्कि पूर्व राष्ट्रपति कोविंद का किया था अपमान

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस नेता उदित राज द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के लिए की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर बृहस्पतिवार को प्रमुख विपक्षी पार्टी पर निशाना साधा और कहा कि यह टिप्पणी कांग्रेस की आदिवासी विरोधी मानसिकता को दर्शाती है।

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा, उदित राज ने पहले भी इस प्रकार का अपराध किया है। उन्होंने न सिर्फ राष्ट्रपति मुर्मू, बल्कि शीर्ष संवैधानिक पद का और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जी का भी लगातार अपमान किया है। पूनावाला ने कहा, उदित राज ने तत्कालीन राष्ट्रपति (कोविंद) के लिए गूंगा और बहरा शब्द का इस्तेमाल किया था। अब उन्होंने मुर्मू जी को चमचा कहा है। कांग्रेस ने कभी उन पर कार्रवाई नहीं की, क्योंकि वह उनकी राय का समर्थन करती है।

उदित राज ने बुधवार को राष्ट्रपति मुर्मू पर निशाना साधते हुए ट्वीट किया था, द्रौपदी मुर्मू जी जैसी राष्ट्रपति किसी देश को न मिले। चमचागिरी की भी हद है। कहती हैं 70 प्रतिशत लोग गुजरात का नमक खाते हैं। खुद नमक खाकर जिंदगी जिएं तो पता लगेगा। ज्ञात हो कि राष्ट्रपति का पदभार संभालने के बाद मुर्मू सोमवार को पहली बार गुजरात पहुंची थीं। गांधीनगर में गुजरात सरकार की ओर से आयोजित एक अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा था, गुजरात में पैदा होने वाला नमक सभी भारतीयों द्वारा खाया जाता है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा, पहले अधीर रंजन चौधरी (लोकसभा में कांग्रेस के नेता), फिर अजोय कुमार (कांग्रेस प्रवक्ता) और अब तीसरी बार इस प्रकार का बयान दिया गया है।

### राष्ट्रपति के बारे में की टिप्पणी निजी है : उदितराज

उदित राज ने बाद में कहा था कि राष्ट्रपति मुर्मू के बारे में की गई उनकी टिप्पणी निजी है और इससे कांग्रेस पार्टी का कोई लेना-देना नहीं है। पूनावाला ने कहा कि उदित राज द्वारा टिप्पणी को निजी करार दिए जाने से कुछ नहीं होने वाला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को बताना पड़ेगा कि वह आदिवासी विरोधी टिप्पणी के लिए उदित राज के खिलाफ कार्रवाई करेगी या नहीं।





## संक्षिप्त-समाचार

### विक्रमसिंघे जल्द ही भारत की यात्रा करेंगे

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने बृहस्पतिवार को संसद में घोषणा की कि वह देश के सबसे खराब आर्थिक संकट पर चर्चा करने के लिए जल्द ही भारत की यात्रा करेंगे। राष्ट्रपति ने जापान, सिंगापुर और फिलीपीन की अपनी हालिया यात्राओं के बारे में संसद को जानकारी देते हुए कहा, हम भारत के साथ अपनी बातचीत जारी रखे हुए हैं। जापान में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपनी संक्षिप्त मुलाकात के दौरान, मैंने उन्हें अपनी स्थिति के बारे में जानकारी देने के लिए नई दिल्ली जाने की अपनी इच्छा से अवगत कराया। श्रीलंका के राष्ट्रपति के रूप में हाल में कार्यभार संभालने वाले विक्रमसिंघे ने कहा, मोदी ने हमेशा हमें अपना समर्थन दिया है। मैंने हमेशा ही हमारे संकट के समय में भारत की सहायता की सराहना की है। भारत हमारे पुनर्निर्माण के प्रयास में अपना समर्थन देना जारी रखेगा। गौरतलब है कि श्रीलंका 1948 के बाद से अब तक के सबसे गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। भारत इस साल जनवरी से लेकर अब तक श्रीलंका की चार अरब अमेरिकी डॉलर की सहायता कर चुका है।

### उत्तर कोरिया के युद्धक विमानों ने द.कोरिया सीमा पर उड़ान भरी

**सियोल।** दक्षिण कोरिया का कहना है कि उत्तर कोरिया के 12 युद्धक विमानों ने उसकी सीमा के पास उड़ान भरी है, जिसके जवाब में उन्हें (दक्षिण कोरिया को) 30 सैन्य विमान तैनात करने पड़े। दक्षिण कोरिया की सेना का कहना है कि उत्तर कोरिया के आठ लड़ाकू जेट और चार बमवर्षक विमानों ने उड़ान भरी। सेना ने कहा कि ऐसा जान पड़ता है कि उत्तर कोरियाई विमानों ने हवा से सतह पर गोलीबारी करने का अभ्यास किया। इसने कहा कि उत्तर कोरियाई विमानों के उड़ान भरने की प्रतिक्रिया में दक्षिण कोरिया के 30 युद्धक विमान तैनात किए गए। इससे पहले, उत्तर कोरिया ने अपने पूर्वी जलक्षेत्र की ओर दो बैलिस्टिक मिसाइल दागीं जबकि दक्षिण कोरिया ने प्रतिक्रिया के तहत कोरियाई प्रायद्वीप के पूर्वी तट पर अमेरिका और जापान के साथ नौसैनिक अभ्यास किया।

### पायलट हड़ताल से जर्मन विमानन कंपनी की कई उड़ानें रद्द

**बर्लिन।** जर्मनी की विमानन कंपनी यूरोविंग्स को उसके पायलट के हड़ताल पर चले जाने के कारण बृहस्पतिवार को सैकड़ों उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। लुफ्थांसा की सहायक कंपनी यूरोविंग्स ने कहा कि उसकी 500 दैनिक उड़ानों में से लगभग आधी का परिचालन रुक जाएगा, जिससे हजारों यात्री प्रभावित होंगे। कंपनी के मुताबिक, पायलट की हड़ताल से न सिर्फ जर्मन हवाई अड्डों पर, बल्कि स्टॉकहोम, प्राग और मलोर्का जैसे अन्य क्षेत्रों के हवाई अड्डों पर भी विमान परिचालन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। पायलट यूनियन वेरेनिगंग कॉकपिट ने कार्य परिस्थितियों में सुधार के मुद्दे पर प्रबंधन के साथ वार्ता रुकने के बाद हड़ताल की घोषणा की। दअरसल, पायलट उड़ान के अधिकतम घंटों की मौजूदा स्वीकृत सीमा में कमी लाने की मांग कर रहे हैं।

### दक्षिण मेक्सिको : बंदूकधारियों के हमले में 18 की मौत

**मेक्सिको सिटी।** हमलावरों ने बुधवार को दक्षिणी मेक्सिको राज्य ग्युरेरो में एक मेयर, उनके पिता और 16 अन्य लोगों को गोली मार दी जिससे उनकी मौत हो गई। स्टेट अटॉर्नी जनरल सैंड्रा लुज वाल्डोविनोस ने बुधवार देर रात मिलेनियो टेलीविजन को बताया कि सैन मिगुएल तोतोलापन शहर में बंदूकधारियों के हमले में 18 लोग मारे गए और दो घायल हो गए। उन्होंने कहा कि मृतकों में मेयर कोनराडो मेंडोजा और शहर के पूर्व मेयर उनके पिता भी शामिल हैं। घटनास्थल से प्राप्त तस्वीरों में सिटी हॉल और जगह जगह गोलियों के निशान नजर आ रहे हैं।

# पालक्काड में हुए सड़क हादसे पर पुलिस, एमवीडी से रिपोर्ट दे : केरल हाईकोर्ट

## अदालत ने लेजर लाइट व प्रतिबंधित हॉर्न का इस्तेमाल करने वाले वाहनों की जब्ती के निर्देश दिए

### न्यायमूर्ति अनिल के नरेंद्रन, पीजी अजित कुमार की खंडपीठ ने लिया संज्ञान

एजेंसी। कोच्चि

**केरल** उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को पालक्काड में हुए सड़क हादसे पर पुलिस और मोटर वाहन विभाग (एमवीडी) से रिपोर्ट मांगी है। न्यायमूर्ति अनिल के नरेंद्रन और न्यायमूर्ति पीजी अजित कुमार की एक खंडपीठ ने मीडिया की खबरों के आधार पर हादसे पर स्वत: संज्ञान लेते हुए यह कदम उठाया। उसने वहानों में लेजर लाइट और प्रतिबंधित हॉर्न का इस्तेमाल न करने का निर्देश भी दिया। अदालत ने ऐसी लाइट व हॉर्न को इस्तेमाल करने वाले वाहनों को जब्त करने का निर्देश दिया।





पीठ ने कहा, एक तेज रफ्तार निजी बस केरल राज्य सड़क परिवहन निगम (केएसआरटीसी) की बस से टकरा गई। उस निजी बस में चमकती लेजर लाइट और साउंड सिस्टम थे, जो अदालत के आदेशों की अवहेलना है। अदालत ने बस को फिटनेस प्रमाणपत्र जारी किए जाने पर भी सवाल उठाए और मामले को सोमवार को आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। इस बीच, केसीआरटीसी की ओर से पेश अधिवक्ता दीपू ठंकन ने बताया न्यायमूर्ति देवन रामचंद्रन की एकल पीठ ने भी हादसे पर रिपोर्ट मांगी है। अधिवक्ता ने बताया कि एकल पीठ दोपहर में पौने दो बजे मामले पर सुनवाई कर सकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केरल के पालक्काड जिले में बुधवार को एक सड़क दुर्घटना में हुई लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया। मृतकों के परिजनों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से मुआवजे की घोषणा की।

### सड़क दुर्घटना इस तरह

**पालक्काड** जिले के वडक्कांचेरि में एक निजी पर्यटक बस और केरल राज्य सड़क परिवहन निगम (केएसआरटीसी) की बस के बीच टक्कर होने से पांच छात्रों समेत नौ लोगों की मौत हो गई। यह हादसा बुधवार रात करीब साढ़े 11 बजे हुआ, जब एक तेज रफ्तार निजी बस एक गाड़ी को ओवरटेक करने के प्रयास में केएसआरटीसी की बस से टकरा गई।

### राष्ट्रपति ने दुर्घटना में लोगों की मौत पर शोक जताया

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को केरल के पालक्काड जिले में एक हृदयविदारक सड़क दुर्घटना में लोगों की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया। राष्ट्रपति भवन ने मुर्मू के हवाले से किए गए ट्वीट में कहा, मुझे केरल के पालक्काड जिले में एक हृदयविदारक दुर्घटना के बारे में जानकर काफी दुख हुआ है, जिसमें हमने स्कूली बच्चों और अन्य का बहुमूल्य जीवन खो दिया।

### प्रधानमंत्री ने जलपाईगुड़ी में हुई दुर्घटना में लोगों की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में देवी दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान अचानक आई बाढ़ से हुई लोगों की मौत पर बृहस्पतिवार को दुख जताया और मृतकों के परिजनों व घायलों के लिए मुआवजे की घोषणा की। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक ट्वीट के मुताबिक मोदी ने कहा, पीएमओ ने कहा कि प्रत्एक मृतक के परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दो-दो लाख रुपये दिए जाएंगे और घायलों को पचास-पचास हजार रुपये दिए जाएंगे।

# नोएडा पुलिस ई-वाहनों से करेगी गश्त

## कमिश्नर ने उप्र सरकार को लिखा पत्र, बेड़े में 60 पेट्रोलिंग गाड़ियों की मांग

● पेट्रोलिंग के दौरान पर्यावरण प्रदूषण से भी होगा बचाव

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**नोएडा** पुलिस इलेक्ट्रिक वाहनों पर पेट्रोलिंग करेगी। इसके लिए पुलिस कमिश्नर ने उप्र सरकार से 60 इलेक्ट्रिक पेट्रोलिंग वाहनों की डिमांड की है। इससे पेट्रोलिंग के दौरान पर्यावरण प्रदूषण से बचाव होगा। बताया गया कि डिमांड को जल्द पूरा किया जा सकता है।

इस समय नोएडा पुलिस के पास करीब 400 वाहन हैं। जिनमें डायल 112 भी शामिल है। इनमें से 66 वाहनों की हालत बेकार है। इन वाहनों को बदलकर नए 60 इलेक्ट्रिक वाहनों की डिमांड की है।



फाइल फोटो

नोएडा में लगातार इलेक्ट्रिक वाहनों की डिमांड भी बढ़ी है। इस तरह यहां इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन भी बनाए गए है। ताकि चार्जिंग में परेशानी न हो। प्रदेश के डायल-112 के रिस्पॉन्स टाइम में नोएडा पुलिस एक बार फिर पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पर काबिज रहा है।

जुलाई 2021 से माह सितंबर 2022 तक 15 माह से लगातार प्रथम स्थान पर ही रहा है। रोजाना 400-450 इवेंट प्राप्त होते है। जिनको डॉयल 112 से 65 चार पहिया पीआरवी व 50 दो पहिया पीआरवी से पहुंचकर काम किया जा रहा है। सितंबर में पीआरवी का एवरेज रिस्पॉन्स टाइम 05 मिनट 22 सेकेंड रहा। शहर में एक अक्टूबर से ग्रेप लागू है। ऐसे में पर्यावरण प्रदूषण करने वालों पर जुर्माना लगाया जा रहा है। यूपीपीसीबी के क्षेत्रीय कार्यालय ने नोएडा में नोएडा प्राधिकरण के वेंडर सेक्टर.1, वेंडर सेक्टर.76, वेंडर सोरखा सेक्टर-115, फेज-2 में भूखंड संख्या बी 191 पर दो लाख का जुर्माना लगाया है। ज्ञात हो केंद्र सरकार सरकारी दफ्तरों में ई-वाहनों को बढ़ावा दे रही है।

### गंग नहर से अवैध बालू खनन के आरोप में 57 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**नोएडा।** गौतम बुद्ध नगर के दनकौर क्षेत्र में गंग नहर से बालू का अवैध खनन करने के आरोप में पुलिस ने 57 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। दनकौर थाना के प्रभारी राधा रमन सिंह ने बृहस्पतिवार को बताया कि गंगा से निकलने वाली गंग नहर में कुछ लोग काफी दिनों से अवैध रूप से बालू खनन कर रहे थे जिससे नहर में पानी का स्तर नीचे आ गया है।

उन्होंने कहा कि पुलिस ने जांच की तो पता चला कि वहां कई लोग अवैध रूप से बालू खनन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस को देखकर बालू खनन कर रहे लोग वहां मौके से भाग गए।

थाना प्रभारी ने बताया कि कुल 52 लोगों के खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया है जिनमें 32 लोगों को नामजद किया गया है तथा 25 अज्ञात लोग हैं। ज्ञात हो इस इलाके में भारी पैमाने पर बालू का अवैध खनन हो रहा है।

# नोएडा-गाजियाबाद में 20 दिन तक नहीं होगी गंग नहर से जलापूर्ति

● गंग नहर की हो रही है सफाई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**उत्तर** प्रदेश के जनपद गौतम बुद्ध नगर और गाजियाबाद में निवासियों को अगले 20 दिन तक पानी की समस्या का सामना करना पड़ सकता है क्योंकि बृहस्पतिवार से गंगाजल की आपूर्ति बंद हो गई है।

नोएडा प्राधिकरण के विशेष कार्याधिकारी अविनाश त्रिपाठी ने बताया कि गंग नहर की सफाई के कारण गंगा जल की आपूर्ति बंद की गई है और 26 अक्टूबर के बाद गंग नहर में पानी छोड़ा जाएगा। उल्लेखनीय है कि गंग नहर की सफाई के लिए प्रत्एक वर्ष अक्टूबर में करीब 20 दिन के लिए गंग नहर में पानी की आपूर्ति रोकी जाती है।




त्रिपाठी ने बताया कि नोएडा प्राधिकरण की ओर से शहरवासियों के लिए जलापूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है।

उन्होंने कहा कि गंग नहर से आपूर्ति बाधित होने के बाद दो-तीन दिन तक स्टोर किए गए पानी से काम चलाया जाएगा। इसके बाद भूमिगत जलाशय के पानी की आपूर्ति की जाएगी। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने कहा है कि जहां पानी की समस्या होगी, वहां टैंकर से भी पानी भिजवाया जाएगा। नोएडा के अलावा पड़ोसी गाजियाबाद जिले में भी गंग नहर से होने वाली जलापूर्ति को बंद कर दिया गया है।

# दुष्कर्म की शिकार 12 वर्षीय बच्ची बनीं मां तीनों में कौन है पिता, होगा डीएनए से फैसला

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

● दो माह से आरोपी जेल में है बंद

**गाजियाबाद** के खोड़ा इलाके में सामूहिक दुष्कर्म की शिकार 12 वर्षीय बच्ची ने मेरठ के एक अस्पताल में बेटे को जन्म दिया है।

आरोपी नरेंद्र, प्रदीप और कल्लू फिलहाल जेल में बंद है। बेटे के जन्म के बाद अब पिता का पता करने के लिए गाजियाबाद पुलिस तीनों आरोपियों को डीएनए टेस्ट कराएगी। खोड़ा थाना क्षेत्र की सामूहिक दुष्कर्म की पीड़िता 12 वर्षीय किशोरी ने मेरठ मेडिकल कालेज में बुधवार को स्वस्थ बेटे को जन्म दिया।

इस मामले में तीन आरोपी युवक जेल जा चुके हैं। सामूहिक दुष्कर्म के इस मामले में एक किशोरी भी आरोपी है। वह बाल सुधार गृह भेजी गई है। इन चारों के अलावा एक महिला का नाम भी प्रकाश में आ गया है। उसके खिलाफ साक्ष्य एकत्रित किया जा रहा है।

गाजियाबाद पुलिस द्वारा अब बच्चे का डीएनए टेस्ट कराया जाएगा। इससे पता चलेगा कि तीनों आरोपियों में से बेटा किसका है, बता दें कि इससे आरोपियों की सजा पर कोई असर नहीं होगा। तीनों ही आरोपियों को एक सामान सजा मिलेगी। यहां पर बता दें कि तकरीबन दो महीने पहले खोड़ा क्षेत्र में 12 वर्षीय बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म का मामला तब उजागर हुआ जब बच्ची के शरीर में बदलाव नजर आने लगे।

इस बीच यानी घटना के करीब सात महीने बाद जब पीड़िता के पेट में दर्द होने लगा और शारीरिक बदलाव होने लगा तब उसके माता-पिता ने पूछताछ की।

इसके बाद बच्ची ने दोनों की करतूत बताई। इसके बाद मां-बाप उसे डाक्टर के पास ले गए उसकी जांच कराई।

### तय दर से ज्यादा पैसे लेकर शराब बेच रहा सेल्समैन गिरफ्तार

**नोएडा।** सरकारी ठेके की दुकान पर तय दर से ज्यादा पैसे लेकर शराब बेच रहे एक सेल्समैन के खिलाफ आबकारी विभाग ने थाना सेक्टर.63 में मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

आबकारी विभाग को सूचना मिली थी छिजारसी गांव में शराब के ठेके पर काम कर रहा सेल्समैन तय दर से ज्यादा पैसे लेकर शराब बेच रहा है। सूचना मिलने के बाद आबकारी विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने जांच की तो सेल्समैन 5 से 10 रूपये प्रति बोतल के हिसाब से लोगों से ज्यादा पैसे ले रहा था। इस मामले में आबकारी विभाग की तरफसे पुलिस को शिकायत दी गई।

# सोसाइटी की लिफ्ट में 45 मिनट तक फंसा रहा बच्चा

● चीखने-चिल्लाने के बाद हुआ बेहोश

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**ग्रेटर** नोएडा वेस्ट स्थित पैरामाउंट इमोशंस हाउसिंग सोसायटी में मंगलवार की रात एक 10 वर्षीय बच्चे के लिफ्ट में फंसने का मामला सामने आया है।

बच्चा करीब 45 मिनट तक लिफ्ट में फंसा रहा। जब घटना हुई सोसायटी में दुर्गा पूजा पर सांस्कृतिक कार्यक्रम हो रहे थे। इस वजह से किसी का ध्यान नहीं गया। बच्चा काफी देर तक चीखता-चिल्लाता रहा। इसके बाद में आयोजन समाप्त होने के बाद माता-पिता को बच्चा न मिलने पर खोज की गईए तब उसके लिफ्ट में फंसे होने की जानकारी हुई। जिसके बाद बच्चे को बेहोशी की हालत में बाहर निकाला जा सका।



पीड़ित स्वजन ने बिल्डर प्रबंधन के खिलाफ मामले की शिकायत बिसरख कोतवाली पुलिस से की है। सोसायटी में दुर्गा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

इसे देखने बच्चा माता.पिता के साथ आया था। पीड़ित परिवार सोसायटी के यू टावर में रहता है। पीड़ित स्वजन ने बताया कि आयोजन पूरा होने पर करीब साढ़े 11 बजे घर जाने के लिए बच्चे को इधर-उधर तलाशा, पर वह नहीं मिला। बच्चे के न मिलने पर सोसायटी के लोगों में अफरातफरी मच गई।

सूचना पुलिस के साथ बिल्डर प्रबंधन को दी गई। लोग सोसायटी के प्रत्येक टावर में बच्चे की तलाश में जुट गए। इस दौरान सोसायटी के एफ टावर की लिफ्ट में बच्चे के फंसे होने की सूचना स्वजन को हुई।

बच्चा 14वें व 15वें फ्लोर के बीच लिफ्ट में करीब 45 मिनट से फंसा था। रखरखाव प्रबंधन व लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद बच्चे को बेसुध अवस्था में साढ़े 12 बजे लिफ्ट से बाहर निकाला।

घटना के बाद से बच्चा सहमा हुआ है। मामले में टावर में तैनात सुरक्षा गार्ड की लापरवाही सामने आई है। बच्चा लगातार लिफ्ट में चीख रहा था। लिफ्ट में सीसीटीवी कैमरा भी लगा था। इसका दृश्य टावर में लगी स्क्रीन पर दिखता है, लेकिन गार्ड मोबाइल पर वीडियो देखने में व्यस्त था। लोगों का आरोप है कि पूर्व में भी कई बार सोसायटी में लिफ्ट खराब होने की घटनाएं हो चुकी हैं।

पीड़ित स्वजन ने रखरखाव एजेंसी के खिलाफ आक्रोश जताते हुए मामले की शिकायत पुलिस से की है।

## संक्षिप्त समाचार



सेक्टर-2 में स्थित एक कंपनी के बाहर अवैध पार्किंग पर कार्रवाई करता पुलिसकर्मी

### शराब तस्कर गिरफ्तार, तीस पेटी शराब बरामद

**नोएडा।** थाना जेवर पुलिस ने सुबह को एक सूचना के आधार पर एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर, उसके पास से 30 पेटी हरियाणा मार्का शराब बरामद किया है। थाना जेवर के थानाध्यक्ष अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि आज सुबह को एक सूचना के आधार पर थाना पुलिस ने विवेक पुत्र महेंद्र सिंह निवासी जनपद पलवल हरियाणा को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसके पास से एक मारुति कार में रखी हुई 30 पेटी हरियाणा मार्का देसी शराब बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि यह काफी दिनों से अवैध रूप से शराब बेचने के धंधे में संलिप्त है।

### सड़क हादसे में अज्ञात व्यक्ति की मौत

**नोएडा।** थाना सूरजपुर क्षेत्र के तिलपता कंटेनर डिपो में आज दोपहर को हुए सड़क हादसे में एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई है। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना सूरजपुर के प्रभारी निरीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि आज दोपहर को तिलपता कंटेनर डिपो में एक अज्ञात व्यक्ति कंटेनर के नीचे आ गया। इस घटना में उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस शव की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि मृतक शराब के नशे में कंटेनर के नीचे आ गया है।

### महिला पर रंगदारी मांगने का आरोप

**नोएडा।** एक महिला ने अपने कार चालक और उसकी पत्नी के खिलाफ छेड़छाड़ करने, 36 लाख रुपए की रंगदारी मांगने सहित विभिन्न धाराओं सेक्टर 20 थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया कि वह परिवार के साथ सेक्टर 19 में रहती है। महिला का कहना है कि उनके पास नेम सिंह नाम का व्यक्ति कार चालक के रूप में काम करता था। वह कुछ दिन पूर्व बिना बताए नौकरी छोड़कर चला गया। महिला एक दिन वह पार्क में घूम कर रही थी। तभी नेम सिंह अपने कुछ साथियों के साथ आया। वह महिला की वीडियो बनाने लगा। इस पर महिला दौड़कर अपने घर चली गई। नेम सिंह उसके घर के बाहर आकर खड़ा हो गया। आरोप है कि नेम सिंह और उसकी पत्नी प्रेमवती उन्हें धमकी दे रहे हैं कि वह उनकी वीडियो वायरल कर उन्हें बदनाम कर देंगे। इसके एवज में महिला से दोनों 36 लाख रुपये की रंगदारी मांग कर रहे हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरु कर दी है। संबंधित व्यक्ति को पूछताछ के लिए बुलाया गया है, ताकि स्थिति स्पष्ट हो सके।

### ग्रेटर नोएडा वेस्ट की एक सोसायटी में मारपीट

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर की एक सोसायटी में शर्मनाक घटना सामने आई है। वाट्सऐप ग्रुप पर मामूली बहस मारपीट में तब्दील हो गई। इसमें एक बुजुर्ग महिला की पिटाई करने का भी मामला सामने आया है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित पंचशील हायनस सोसायटी में दो पक्षों के बीच विवाद होने का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ है।वीडियो में एक व्यक्ति का हाथ पकड़ कर खींचते हुए कुछ लोग दिख रहे हैं। वाट्सएप पर शुरू हुआ विवाद मारपीट में तब्दील हो गया। माता के जागरण के दौरान व्यवस्था को उच्च कोटि का दिखाने का दावा दोनों पक्षों ने सोसायटी के वाट्सएप ग्रुप पर किया। इसी विवाद में बात आगे बढ़ गई और नौबत मारपीट की आ गई। बिसरख कोतवाली पुलिस तक मामला पहुंचने के बाद दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया। हालांकि एक पक्ष ने बाद में उसके व उसकी मां के साथ मारपीट का आरोप लगाया है। दशहरा के दिन बुधवार को पंचशील हायनस सोसायटी में हुआ विवाद उस समय गहरा गया जब अहम के चक्कर में कोई पक्ष झुकने को तैयार नहीं था।

# कमजोर छात्रों के लिए चलाएं विशेष कक्षाएं: सीडीओ

● तेज प्रताप मिश्र ने पांच स्कूलों का किया औचक निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**मुख्य** विकास अधिकारी सीडीओ तेज प्रताप मिश्र ने पांच स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूल तुगालपुर में छात्रों की उपस्थिति पंजिका के साथ मिड डे मिल का रजिस्टर चेक किया। उसके बाद उन्होंने छात्रों को पढ़ाए जा रहे पाठ से कुछ सवाल पूछे।

उच्च प्राथमिक स्कूल तुगलपुर में छात्रों को पढ़ाया। उन्होंने शिक्षकों को कमजोर छात्रों के लिए छुट्टी के बाद आधे घंटे की विशेष कक्षाएं चलाने के लिए आदेशित किया। तुगलपुर के बाद



वह प्राथमिक स्कूल नवादा गए। प्राथमिक स्कूल नवादा में उन्होंने प्रधानाध्यापक गीता यादव से शिक्षकों का उपस्थिति पंजिका मांगी।

गीता यादव से उन्होंने पूछा कि उपस्थिति पंजिका में कई शिक्षक है, लेकिन स्कूल में केवल चार ही लोग उपस्थित क्यों है। प्रधानाध्यापक ने बताया कि तीन शिक्षक बीएलओ ड्यूटी पर गए हुए हैं और 150 छात्रों को तीन शिक्षक पढ़ा रहे है। उन्होंने बताया कि बेसिक शिक्षा अधिकारी का आदेश है कि शिक्षक आधे समय तक पढ़ा कर बीएलओ ड्यूटी में जायेंगे। शिक्षक उनके भी आदेश को नहीं मान रहे है। सीडीओ ने ऐसे शिक्षकों पर बीएसए को कार्रवाई करने के लिए आदेशित किया है। सीडीओ ने कक्षा पांच के छात्रों से पूछा कि कितने लोगों को राष्ट्रगान याद है। छात्रों ने जवाब देते हुए बताया कि सभी को राष्ट्रगान याद है। उसके बाद उन्होंने पूछा कि कितने देर में राष्ट्रगान गाया जाता है। छात्रों ने बताया कि राष्ट्रगान को 52 सेकेंड में गया जाता है। सीडीओ ने प्राथमिक विद्यालय नवादा की प्रधानाध्यापक गीता यादव द्वारा स्कूल में कराए गए कार्य की प्रशंसा की और कहा कि अन्य शिक्षकों को भी आगे आकर गीता यादव की तरह काम करना चाहिए। इसके बाद वह प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूल बिरोंडी गए।

# पैदल मार्च निकालने का प्रयास करते हुए यति नरसिंहानंद हिरासत में

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**जिला** प्रशासन ने महंत यति नरसिंहानंद महाराज को डासना देवी मंदिर परिसर के भीतर हिरासत में ले लिया।दीपक त्यागी (20) नामक एक युवक का शव पिछले सप्ताह बरामद किया गया था जिसके बाद यति ने घोषणा की थी कि इसके विरोध में बृहस्पतिवार को पैदल मार्च निकाला जाएगा।

पुलिस के अनुसार इस युवक का कटा हुआ सिर बरामद होने के बाद फहमीदु नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था, जिसने अपनी बेटी के साथ अवैध संबंधों के संदेह में त्यागी का कथित तौर पर सिर काट दिया था। पुलिस ने उसके साथी आसिफ को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) इराज राजा ने कहा कि यति के पैदल मार्च निकालने की योजना के बारे में पता चलने के बाद से ही प्रशासन सतर्क था। उप जिलाधिकारी विनय कुमार सिंह और पुलिस बल के साथ मंदिर पहुंचे और यति को हिरासत में ले लिया गया क्योंकि उन्होंने विरोध मार्च निकालने की अनुमति नहीं ली थी।

# एक सप्ताह के लिए बढ़ी आवासीय भूखंड स्कीम

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**यमुना** प्राधिकरण ने आवासीय भूखंड योजना में आवेदन की अवधि को एक सप्ताह के लिए बढ़ा दिया गया है। वेबसाइट में आ रही तकनीकी अड़चन के कारण प्राधिकरण ने समय बढ़ाने का निर्णय लिया है। आवेदन की समय सीमा सात अक्टूबर को समाप्त हो रही थी। भूखंड योजना में पचास हजार से अधिक लोग आवेदन कर चुके हैं। पंजीकरण राशि फाइनेंस कराने के लिए बृहस्पतिवार को बैंक में लोगों की भीड़ जुटी रही।

यमुना प्राधिकरण ने सात सितंबर को 477 आवासीय भूखंड की योजना निकाली थी। इसमें आवेदन के लिए सात अक्टूबर तक का मौका दिया गया था। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के कारण प्राधिकरण क्षेत्र में जमीन की कीमतें आसमान छू रही हैं। इसके चलते भूखंड योजना को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह है, लेकिन पिछले



चार दिन से लोग योजना में आवेदन नहीं कर पा रहे थे। दरअसल, प्राधिकरण ने योजना में आवेदन के लिए केवल आनलाइन का विकल्प दिया है।

भूखंड योजना में आवेदन प्रक्रिया से लेकर किसी भी तरह की संबंधित जानकारी लोगों को उपलब्ध कराने के लिए आइसीआइसीआइ बैंक के साथ समझौता किया है, लेकिन वेबसाइट पर लोड बढ़ने के कारण लोग आवेदन नहीं कर पा रहे हैं।

### लग्जरी कार चुराने वाले गैंग का पर्दाफाश

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद की क्राइम ब्रांच पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। टीम ने लग्जरी कारों की चोरी करने वाले एक अंतरराज्यीय गैंग का पर्दाफाश करते हुए शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से पुलिस ने चोरी की लग्जरी कार बरामद की हैं। एसपी द्वितीय ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि एक अभियुक्त कार से उतर कर भाग खड़ा हुआ। जबकि दूसरे अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी की पहचान योगेश उर्फ राजू पुत्र खड़क बहादुर सिंह थाना रानीपुर जिला हरिद्वार उत्तराखंड बताया।




चोरी के वाहनों के पाट्‌र्स बेचने वाले आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

# रावण का पुतला जलाकर दिया अच्छाई की जीत का संदेश

● करीब 50 स्थानों पर रावण दहन किया गया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**नोएडा** में विभिन्न रामलीला कमेटियों ने रावण के पुतले का दहन कर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। यहां रावण के साथ मेघनाद व कुंभकरण के पुतले का भी दहन किया गया। रामलीला कमेटियों की ओर से शाम 6 से रात के 9 बजे तक पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

यही वजह रही कि दोपहर में हुई हल्की बारिश के बाद रावण के पुतले भीग गए थे। लेकिन बाद में मौसम ठीक हो जाने के बाद राम-रावण युद्ध का मंचन किया गया। जिसके बाद पहले मेघनाद फिर कुंभकरण और अंत में रावण के पुतले का दहन किया गया। इस मौके पर शहर में करीब 50 स्थानों पर रावण दहन किया गया।



बता दें कि शाम होने के साथ-साथ जैसे ही रावण व मेघनाथ सहित अन्य पुतले में आग लगाई गई तो आसपास का इलाका आतिशबाजी से से गूंजता रहा। धूं-धू कर जलते रावण के साथ मेघनाद व कुंभकरण के पुतले को देखने एकत्र हुए लोगों ने ताली बजाकर अपनी खुशी को जाहिर किया।

गौरतलब है कि शहर में मुख्य रूप से सेक्टर-21ए स्थित रामलीला ग्रांउड में सनातन धर्म रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित किया गया था। इस समारोह में मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री डॉण् महेश शर्मा और विशिष्ठ अतिथि विधायक पंकज सिंह थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ महेश शर्मा ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विजयदशमी का यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। रावण को उसके गलत कृत्य की सजा भगवान श्रीराम ने दी एवं उसका वध कर दिया।

उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलकर ही समाज व देश का भला हो सकता है। विधायक पंकज सिंह ने कहा कि दशहरा केवल त्योहार नहीं बल्कि भरतीय सभ्यता का प्रगटीकरण है, जो हर साल हमें यह याद दिलाता है कि हम अपने अन्दद के दानव को खत्म करें। बता दें कि सबसे पहले सेक्टर-62 श्रीराम मित्र मंडल की ओर से रावण का पुतलों का दहन किया गया। इसके बाद नोएडा स्टेडियम में रावण के पुतलों का दहन हुआ।

# बैंक मैनेजर ने सुरक्षा कर्मी के प्राइवेट पार्ट में मारी लात

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● सुपरटेक केपटाउन सोसाइटी में गार्ड ने कुत्ता भगाने से किया था मना

**नोएडा** में फिर गार्ड के साथ थप्पड़ बाजी का वीडियो सामने आया है। ये सेक्टर-74 के सुपरटेक कैपटाउन का है। यहां महिला के पति ने गार्ड को थप्पड़ मारा। इसके बाद प्राइवेट पार्ट पर लात मारी।

सुपरटेक केपटाउन सेक्टर-74 में अनुराग शर्मा ग्राउंड फ्लोर पर सीएम.1003 में रहते हैं। इनकी वाइफकिसी काम से फ्लैट से निकलकर बाहर जा रही थी।

इस दौरान उन्होंने गार्ड से सोसाइटी में घूम रहे कुत्ते को भगाने को कहा। गार्ड ने मना कर दिया। ये बात महिला ने पति को बताई। जिसके बाद उसके पति जो बैंक के मैनेजर हैं। जिनका नाम अनुराग शर्मा है। गार्ड ऋषभ कुमार से बहस की। इस पर देखते ही देखते अनुराग ने गार्ड को धक्का दिया। थप्पड़ मारे।



इसके बाद रीसैप्शन से धक्का देकर बाहर ले गए। वहां गार्ड के साथ मारपीट की। उसके प्राइवेट पार्ट पर लात भी मारी। गार्ड ने अपने साथ हुई घटना का एक वीडियो बनाकर पोस्ट कर दिया। वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले की जानकारी ली। दोनों पक्षों को बुलाया। इसके बाद दोनों का 151 में चालान किया गया।

# तकनीक ने सफर की मुश्किलों को बनाया आसान



निवेदिता भारती

यात्रा, सफर, पर्यटन, ट्रेवलिंग, ट्रिप, टूर... शब्द चाहे जो ले लीजिए, लेकिन अनुभव के स्तर पर दिमाग में जो अहसास आते हैं वह है हरी-भरी वादियां, छलछल कलकल करती नदियां, झरझर झरते झरने, साफ खूला आकाश, ऊंची-ऊंची पहाड़ियां, पंछियों का कलरव, मुस्कुराते फूल... ताजातरीन खुशियां और रोमांच... जितना हम अपने दायरे में सीखते हैं उससे कहीं ज्यादा हम सफर के अनुभवों से सीखते हैं।

आप जो हमेशा अपने आसपास देखते हैं उससे कुछ बेहद अलग एक नई दुनिया का नजारा लेना है, तो यकीनन सैर पर निकल जाएं। आपने पहले इस तरह की ट्रिप्स ली हैं, तो सोने पे सुहागा, आपको टूरिज्म की महत्ता पल भर में समझ आ जाएगी। अगर अब तक अपनी पसंदीदा जगह पर नहीं जा सके हैं, तो यह जान लीजिए कि आपके लिए यह यात्रा एक थैरेपी की तरह काम करेगी।

अगर आपको लगता है कि आपको थैरेपी की जरूरत नहीं तो हम कहेंगे कि जैसे स्पा आपके शरीर को आराम और शांति देता है ठीक उसी तरह, किसी जगह की सैर आपके दिमाग को नई ताजगी, ऊर्जा और ऐसे अनूठे अनुभव देगी, जो किसी और कार्य से संभव ही नहीं। आपको रोमांच, रहस्य, ताजगी, स्वाद, संस्कृति, परंपरा, मानवीय स्वभाव इन सबका मिलाजुला अनोखा अनुभव करना है बस एक यात्रा प्लान कर लीजिए। अनुभव ऐसा होगा कि आप ताउम्र याद रखेंगे। पर्यटन के इसी महत्व को देखते हुए हर वर्ष 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस मनाया जाता है। प्रति वर्ष उसके लिए थीम भी निर्धारित की जाती है। 1980 में सबसे पहले सांस्कृतिक विरासत, शांति और आपसी समझ के संरक्षण के लिए पर्यटन का योगदान थीम को प्राथमिकता दी गई थी।

पिछले वर्ष यह थीम थीं 'सस्टेनेबल टूरिज्म ए टूल फॉर डेवलपमेंट' उसी तरह इस साल की थीम रही टूरिज्म एंड द डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन। आखिर क्यों पर्यटन के क्षेत्र में डिजिटल माध्यमों के महत्व समझने के लिए एक पूरा दिन ही मुकर्रर किया गया है?

इसकी खास वजहें हैं जो हर पर्यटक को पता हैं या पता होनी चाहिए। इस साल वर्ल्ड टूरिज्म डे पर तकनीक का पर्यटन में महत्व जानने के अलावा, इस क्षेत्र में नई खोज करने के साथ इस क्षेत्र का भविष्य भी तैयार करने जैसे कार्य किए गए। तकनीक (अधिक डेटा संकलन के रूप में, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के रूप में और डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में) कैसे इस क्षेत्र को नई ऊंचाइयां दे रहे हैं, यह इस साल के वर्ल्ड टूरिज्म डे पर जाना गया।

## पहले ही मिल जाती हैं छोटी-बड़ी जानकारियां

तकनीक का इस क्षेत्र में इस्तेमाल संभावनाओं के नित नए दरवाजे खोल रहा है। लोग पहुंचने के पहले ही नई जगह के लिए तैयार हैं। उन्हें मौसम से लेकर संस्कृति के बारे में हर छोटी-बड़ी जानकारी दुनिया के किसी भी कोने से किसी भी कोने के लिए मिल जाती है। तकनीक ने यात्राएं सुरक्षित और आराम से भरी बनाई हैं। तकनीक के इस्तेमाल से धोखा होने और किसी अपराध का शिकार होने की संभावना भी कम हुई है। किसी जगह घूमने जाने का ख्याल आते ही, पर्यटक जगह से लेकर ठहरने, ट्रांसपोर्ट और भोजन की उपलब्धता तकनीक के माध्यम से बहुत पहले से जान सकते हैं और उसके अनुरूप ही अपनी योजना बना सकते हैं। अपने लिए इंतजाम पहले से करके निश्चित होकर अपनी यात्रा का मजा ले सकते हैं।

## तकनीक के टूरिज्म में फायदे

- **मोबाइल गाइड बनकर हरपल साथ**
अब आपको किसी गाइड की जरूरत नहीं। जहां भी पहुंचे हैं वहां की जानकारी सर्च करें और गाइड से अधिक जानकारी आपके हाथ में है।
- **भटकने का डर नहीं**
मोबाइल में मौजूद नेविगेशन के बाद आप कहीं दूर गलत रास्ते पर नहीं जा सकते। आपको हर पल की खबर किस ओर जाना है।
- **भाषा की सुविधा**
ट्रांस्लेशन ऑप्शन की मदद कभी भी ली जा सकती है। लोकल लोगों से बात करना आसान है।
- **खुद तैयार करें अपना प्लान**
अब किसी से पूछने की जरूरत नहीं किसी जगह की देखने लायक जगहें। आप यहां पहुंचने से पहले ही अपना प्लान बना चुके हैं।
- **बजट भी हुआ है कम**
तकनीक की वजह से आप अपने बजट की चीजें पहले से जान सकते हैं। अपने बजट के अनुरूप अपना प्लान बना सकते हैं।
- **दूसरों के अनुभव से ले सकते हैं अपने फैसले**
तकनीक ने जानकारी फैलाने में मदद की है। जो पहले से किसी जगह जा चुके हैं उनके अनुभव आपके काम आ सकते हैं।
- **यात्रा में कुछ भी अनछुआ नहीं रहेगा**
आप किसी भी जगह की हर खास जगह जाकर आए हैं। यात्रा सफल रही क्यों आपको पहले से उस जगह के खासियतें पता थीं।

## इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता

**विश्व** पर्यटन दिवस 2022 का आयोजन इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में हुआ। इंडोनेशिया एक ऐसा देश है जो अपनी शानदार हॉस्पिटेलिटी के लिए जाना जाता है, यहां पर्यटन को इनकम का एक मुख्य सोर्स माना जाता है। घूमने के शौकीन लोगों को हर वक्त बस घूमने के बारे में ख्याल आते रहते हैं। अगर आपको भी लगता है कि 9 से 5 की जॉब के अलावा कोई और ऐसी जॉब होती जहां आप घूमने के साथ पैसे भी कमाएं तो हम आपको कई जॉब ऑप्शन बता रहे हैं। जिस जॉब में आप अपने पसंद के अनुसार घूम भी पाएंगे और पैसे भी कमा पाएंगे। ट्रैवलिंग के शौकीन लोगों के ट्रैवल ब्लॉगिंग बेस्ट ऑप्शन है। इसमें आप अपनी पसंद की जगहों पर घूम सकते है, इसक साथ-साथ पैसे भी कमा सकते हैं।



अगर आपको घूमने के साथ लिखना भी पसंद है तो ब्लॉग राइटिंग के जरिए आप आसानी से पैसे कमा सकते हैं। आप जहां भी घूमने जाएं अपने एक्सपीरियंस और ट्रेन की जानकारी लोगों से शेयर करें। कई बार हम कहीं घूमने जाते हैं और हमें उस जगह के बारे में जानकारी नहीं होती। उस समय हमें लगते है कि काश कोई होता जो हमें अच्छे से गाइड कर दें और जगहों के बारे में जानकारी दे तो यह काम ट्रेवल गाइड का होता है। यहां आप नए-नए लोगों से मिलते हैं और उन्हें रोमांचक कहानियां सुनाते हैं. कुछ टूर गाइड फ्री लांस काम करते हैं लेकिन अधिकतर गाइड किसी न किसी कंपनी के साथ जुड़े रहते हैं। आप फ्लाइट अटेंडेंट बनकर भी अपने घूमने का सपना पूरा कर सकते हैं।



## विदेश यात्रा पर निकलने से पहले रखें इसका ध्यान



यदि आप घूमने के लिए विदेश जा रहे हैं, तो जरूरी सामान की पैकिंग के अलावा कुछ जरूरी जानकारियां भी जुटाकर रखिए। इन जानकारियों के पता होने से अगर आप विदेश में किसी अनचाहे संकट में फंस जाते हैं, तो इससे आपको बहुत मदद मिलेगी। आइए, जानते हैं ऐसी ही कुछ जरूरी बातें, जो विदेश यात्रा में समस्या आने पर उसके समाधान में आपकी मदद करेंगी।

- यदि विदेश की ट्रिप पर रहते हुए आपका पासपोर्ट खो जाए, तो आप मुश्किल में पड़ सकते हैं। इस परिस्थिति में आप सबसे पहले वहां के पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज करवा दीजिए, साथ ही आपको ट्रिप पर जाने से पहले ही उस शहर के भारतीय एंबेसी का नंबर और पता अपनी डायरी में नोट कर लेना चाहिए, ऐसी स्थिति में ये बहुत काम आएगा। भारतीय एंबेसी से संपर्क करने पर वे आपको अस्थाई पासपोर्ट जारी कर देंगे।
- यदि विदेश की ट्रिप पर रहते हुए आपका क्रेडिट कार्ड खो जाए, तो सबसे पहले अपने बैंक में कॉल करें और अपना कार्ड ब्लॉक करवा दीजिए।
- जब विदेश यात्रा के दौरान एयरपोर्ट पर आपका सामान खो जाए, तो एयरलाइन के हेल्प डेस्क से संपर्क करें। यदि आपने ट्रेवल इंश्योरेंस कराया होगा, तो आपको सामान का मुआवजा मिल जाएगा।
- विदेश यात्रा के दौरान अगर आपके इंश्योरेंस पेपर खो जाएं, तो सबसे पहले तो अपनी इंश्योरेंस कंपनी की वेबसाइट पर लॉगिन करने की कोशिश करें या उसी शहर में कंपनी से जुड़े किसी व्यक्ति से संपर्क करें। आप जब उन्हें इंश्योरेंस पॉलिसी नंबर जैसी बेसिक जानकारी उपलब्ध कराएंगे, तो वे आपको ईमेल के जरिए डॉक्यूमेंट्स की कॉपी भेज देंगे।
- विदेश में किसी राजनीतिक या सामाजिक संकट में फंसने पर वहां मौजूद भारतीय एंबेसी से संपर्क करें। वे आपकी हरसंभव मदद करेंगे।

## रोरिख का नग्गर



**कुल्लू** का नाम आता है, तो नग्गर का स्वत: ही स्मरण हो आता है। हो भी क्यों न, समूचे कुल्लू का इतिहास नग्गर के गिर्द ही घूमता है। इतिहास को जानने वाले इस गांव के संबंध में यदि विवरण देना शुरू कर दें, तो एक पुस्तक लिखी जा सकती है। सृष्टि के आविर्भाव से लेकर आज तक इस गांव का महत्व बराबर बना हुआ है।

कुल्लू-मनाली के ठीक बीचों-बीच एक टीलेनुमे स्थान पर स्थित है यह। इस गांव की स्थिति कुछ इस प्रकार है, यहां से समूची कुल्लू घाटी का ओर-छोर एक ही दृष्टि से देखा जा सकता है। सुदूर उत्तर में उझी-मनाली-रोहतांग से लेकर दक्षिण में मंडी-कंडी-औट तक और सामने ब्यास की सबसे खुली घाटी। समूची घाटी के बीसियों गांव यहां से बखूबी देखे जा सकते हैं। यही कारण है कि प्राचीनकाल में कुल्लू शासकों ने इस गांव को अपनी राजधानी के रूप में स्थापित किया।

लगभग 400 वर्षों तक नग्गर कुल्लू की राजधानी रहा। नग्गर का अनेक प्रकार से धार्मिक व सांस्कृतिक दृष्टि से महत्व है। नग्गर में एक किला है, जो कुल्लू की प्राचीन काठकुणी शैली का बना हुआ है। इसी किले से राजा शासन चलाते थे और सामरिकता की दृष्टि से भी इसका उपयोग होता था। इसी किले के आगे जगती पौट नामक एक विशाल शिला है।

इस शिला के बारे में यह कथा प्रसिद्ध है कि देवताओं ने मधुमक्खी का रूप धारण करके इस शिलाखंड को भृगुतुंग से काटकर यहां स्थापित किया था। पौराणिक संदर्भ के अनुसार एक बार सृष्टि पर भीषण संकट आ गया। भूख, अकाल और महामारी से चारों ओर त्राहि-त्राहि मच गई। तब देवराज इंद्र ने देवताओं को एक युक्ति सुझाई कि समस्त देवता एक ही स्थान पर इकट्ठा होकर कोई उपाय करें। इसके पश्चात देवताओं ने इंद्र के परामर्श के अनुसार मधुमक्खी का रूप धारण किया। द्राम ढौग नामक पहाड़ के पीछे भृगुतुंग की शिला को काटा, फिर उसे उड़ाकर नग्गर में स्थापित किया और उसी शिला पर सबने एक साथ बैठकर विपत्ति का समाधान सोचा। इस प्रकार संकट टल गया। 'जगती पौट' नामक एक शिला को देवताओं का सिंहासन भी कहते हैं। पौष अमावस्या को मनाई जाने वाली कुल्लू की 'बाल्हड़ दयाली' का पहला दीया इसी शिला पर जलाया जाता है। इस देव-शिला पर अर्घ्य चढ़ाने के लिए आज भी कुल्लू के देवी-देवता आते हैं। इस शिला के बारे में विश्वास है कि आज भी समस्त देवी-देवता यहां वास करते हैं और लोगों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

### पैगोड़ा शैली का बना है त्रिपुर सुंदरी का मंदिर

गांव में ही देवी त्रिपुर सुंदरी का मंदिर है। यह मंदिर पैगोड़ा शैली का बना है। इस प्रकार का दूसरा मंदिर मनाली में हिडिम्बा माता का भी है। माना जाता है कि इस मंदिर का निर्माण भी उसी कारीगर ने किया था, जिसने हिडिम्बा मंदिर बनाया था। इस देवी के बारे में गांव में अनेक जनश्रुतियां प्रचलित हैं। ज्येष्ठ मास में यहां 'शाढ़ी जाच' नामक भारी मेला जुटता है।

### शिखर शैली का है विश्व मंदिर

नग्गर की एक प्रमुख बात यह है कि यहां शिखर शैली का विश्वमंदिर है, जो समूचा पत्थर से बना है। इस प्रकार के मंदिर कुल्लू घाटी में दशाल और बजौरा में भी हैं। इसका निर्माणकाल नौवीं और दसवीं शताब्दी के दौरान माना जाता है। शिव का वह मंदिर श्रद्धा का केंद्र तो है ही, साथ ही इतिहासकारों के लिए अध्ययन का रोचक विषय भी है। इसी प्रकार नग्गर गांव के शीर्ष पर भी शिखर शैली का मुरली मनोहर मंदिर है, जिसे यहां 'ठाकुर ठावा' के नाम से जाना जाता है।

### तीन ओर सड़क से जुड़ा है नग्गर गांव

विश्वविख्यात चित्रकार निकोलाई रौरिख ने तो इस स्थान को अपनी कला-साधना की स्थली बनाया। रौरिख यहां 1927 में आए और 1947 तक मृत्यु पर्यंत यहीं रहे। अपनी कला-यात्रा की श्रेष्ठ कृतियों को उन्होंने यहीं रखा। गांव के एक छोर में रौरिख कलादीर्घा है, जहां आज भी रौरिख के जलरंग के चित्र दर्शकों और कला-प्रेमियों की रुचि का विषय बने हुए हैं। नग्गर तीन ओर सड़क से जुड़ा गांव है। पर्यटन विभाग ने इसे अपने मानचित्र में दर्शाया है। पर्यटन निगम ने नग्गर किले को होटल का रूप दिया है। कुछ निजी होटल भी चला रहे हैं। विश्रामगृह भी बना है। नग्गर वास्तव में एक रमणीक स्थान है। श्रद्धालुओं के लिए यह तीर्थ है, पर्यटकों के लिए एक सुंदर सैरगाह, कला-प्रेमियों के लिए एक कृति तो इतिहास, धर्म और संस्कृति के अध्येताओं के लिए उनकी रुचि का विषय।

## फैमिली के लिए बनाएं काजू पिस्ता रोल

### क्यों ना इस फेस्टिवल कुछ अलग ट्राई करें जिसे खाकर आपके परिवारजन, दोस्त रिश्तेदार सब खुश हो जाएं।

**फेस्टिवल** पर आप कई तरह के व्यंजन बनाती हैं। रसगुल्ला, सोन पापड़ी, गुलाब जामुन तो आप हर साल ही बनाती, खाती और खिलाती होंगी। तो क्यों ना इस दीवाली कुछ अलग ट्राई करें जिसे खाकर आपके परिवारजन, दोस्त रिश्तेदार सब खुश हो जाएं। तो इस दीवाली आप बनाएं काजू पिस्ता रोल।

काजू पेस्ट की कवरिंग और मेवों से भरे काजू पिस्ता रोल देखकर किसी का भी मन ललचाने लगे। फेस्टिवल के मौके पर इस स्वादिष्ट मिठाई को बनाकर सभी का मुंह मीठा कराएं।

### आवश्यक सामग्री

कवरिंग के लिए
काजू- 1 कप (150 ग्राम)
चीनी- ? कप (75 ग्राम)
स्टफिंग के लिए
पिस्ते- ? कप (30 ग्राम)
बादाम- ? कप (30 ग्राम)
पाउडर चीनी- 2 टेबल स्पून (20 ग्राम)
दूध- 2 से 3 छोटी चम्मच
इलाइची पाउडर- 1/4 छोटी चम्मच
ग्रीन फूड कलर- द पिंच से कम
घी- 3 छोटी चम्मच

### बनाने की विधि

मिक्सर जार में काजू डालकर पीस लीजिए और पाउडर तैयार कर लीजिए. तैयार पाउडर को एक प्याले में निकाल लीजिए। फिर, इसे चावल छानने वाली मोटे छेद वाली छलनी से छान लीजिए।

इसके बाद, थोड़े से साबुत पिस्ते छोड़कर बाकी पिस्ते और बादाम मिक्सर जार में डालकर पाउडर बना लीजिए, पिसे हुए बादाम-पिस्तों को एक प्याले में निकाल लीजिए, साबुत पिस्तों को छोटा-छोटा काट लीजिए।

बादाम पिस्तों में कटे हुए पिस्ते और पाउडर चीनी डालकर अच्छे से मिक्स कर लीजिए. इस मिश्रण में द छोटी चम्मच इलाइची पाउडर डाल दीजिए. दो छोटी चम्मच दूध एक छोटी प्याली में लीजिए और इसमें ग्रीन फूड कलर डालकर घोल लीजिए. कलर वाला दूध मिश्रण में डाल दीजिए और अच्छे से मिलने तक मिक्स कर लीजिए. स्टफिंग को बिल्कुल अच्छे से बाइन्ड कर लीजिए।

पैन में चीनी और इतनी ही मात्रा यानिकि ? कप पानी डाल दीजिए. चीनी के घुलने तक चाशनी को पका लीजिए. इसके बाद, गैस धीमी कर दीजिए और इसमें काजू का पाउडर तथा तीन छोटी चम्मच घी डाल दीजिए। इसे जमने वाली कन्सिस्टेन्सी तक लगातार चलाते हुए मध्यम आंच पर पका लीजिए। मिश्रण में बिल्कुल भी गुठलियां नहीं पड़नी चाहिए। मिश्रण पककर तैयार है, इसे बहुत ज्यादा न पकाएं वरना मिश्रण सख्त हो जाएगा।

थोड़ा सा पेस्ट लेकर प्याली में डालिए और ठंडा होने के बाद चेक कीजिए। ये बिल्कुल जमा हुआ लगना चाहिए और इससे गोला तैयार होना चाहिए। मिश्रण को एक अलग प्याले में निकाल लीजिए और हल्का ठंडा होने दीजिए।

कवरिंग बनाने के लिए एक बोर्ड पर पौलीथीन बिछा लीजिए। इस पॉलीथिन को थोड़े से घी से चिकना कर लीजिए और हल्के गरम पेस्ट को पॉलीथिन पर निकाल लीजिए। इसे हाथ से बाइन्ड करते हुए थोड़ा सा गोल कर लीजिए और पॉलीथिन के बीच में रखकर इसे हाथ से बढ़ा लीजिए. फिर बेलन की मदद से पॉलीथिन को घुमा-घुमाकर इसे चारों तरफ से चौकोर मोटा परांठे जैसा बेल लीजिए। रोल के लिए चौकोर शीट तैयार है।

इसके बाद स्टफिंग को दो भागों में बांट लीजिए। फिर एक भाग उठाकर हाथ से बाइन्ड कर लीजिए और बोर्ड पर रखकर हाथों से रोल करते हुए एक जैसी मोटाई का थोड़ा पतला रोल बना लीजिए। रोल इतना बढ़ा होना चाहिए कि शीट के अंदर पूरा आ सके। इसी तरह दूसरे हिस्से से भी लंबा रोल बना लीजिए।

काजू की चौकोर शीट को बीच से काटकर दो हिस्सों में बांट लीजिए. फिर, एक स्टफिंग का रोल लेकर शीट के एक तरफ रखिए और पॉलीथिन की सहायता से शीट को रोल करते जाइए। रोल करते समय ध्यान रखे कि ये ढीली न रोल हो, इसे हल्का सा कसके रोल कीजिए। फिर इसे हाथ से रोल करके थोड़ा और पतला कर लीजिए। दूसरे भाग को भी बिल्कुल इसी तरह रोल कर लीजिए और दोनों रोल्स को किसी प्लेट में रखकर फ्रिज में ठंडा होने रख दीजिए ताकि ये सैट हो जाएं।



सेट होने के बाद, इन्हें 2 से 2.5 इंच के बराबर बराबर टुकड़ों में काट लीजिए. काजू पिस्ता रोल खाने के लिए तैयार हैं. ड्राई फ्रूट्स से भरे काजू पिस्ता रोल को किसी भी त्योहार या शुभ अवसर पर बनाइए और सर्व कीजिए. आप इस मिठाई को फ्रिज में रखकर 15 से 20 दिनों तक खा सकते हैं।

# एफआईएच के साल के सर्वश्रेष्ठ पुरूष व महिला कोच बने रीड और शॉपमैन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**भारतीय** पुरूष और महिला हॉकी टीम के कोच ग्राहम रीड और यानेके शॉपमैन गुरुवार को को अपने वर्गो में एफआईएच के साल के सर्वश्रेष्ठ कोच चुने गए। लगातार दूसरी बार रीड ने यह पुरस्कार अपने नाम किया है जबकि भारतीय कोच शोर्ड मारिन ने पिछले सत्र का महिला टीम के लिए एफआईएच साल के सर्वश्रेष्ठ कोच का पुरस्कार जीता था।

आस्ट्रेलिया के रीड के मार्गदर्शन में भारत ने नई ऊंचाईयां छुईं जिसमें 41 साल के अंतराल बाद 2021 में तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतना शामिल रहा। भारत ने इसके अलावा 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल

### शोर्ड मारिन ने पिछले सत्र का महिला टीम के लिए एफआईएच साल के सर्वश्रेष्ठ कोच का पुरस्कार जीता था

खेलों में एक रजत पदक जीता जबकि आस्ट्रेलिया में पिछले चरण में टीम पोडियम स्थान से चूक गई थी। भारत ने 2021-22 में एफआईएच हॉकी प्रो लीग में पहला पूर्ण सत्र खेला और पोडियम स्थान हासिल किया। टीम नीदरलैंड और बेल्जियम के बाद तीसरे स्थान पर रही। भारतीय टीम इसमें 62 गोल करने में सफल रही जो किसी भी टीम द्वारा किए गए इस सत्र में ही



नहीं बल्कि प्रो लीग के इतिहास में सर्वाधिक गोल हैं। अप्रैल 2019 में टीम के मार्गदर्शन की जिम्मेदारी संभालने वाले रीड उस भारतीय पुरूष हॉकी टीम के भी कोच थे जिन्होंने इस साल लुसाने में शुरूआती एफआईएच हॉकीफाइव्स जीता था, जिसमें टीम ने प्रत्येक मैच जीते। उन्होंने ऑनलाइन मतदान में 31.4 अंक मिले। उनके बाद नीदरलैंड के कोच जेरोएन डेलमी और बेल्जियम के कोच माइकल वान डेन हेयुवेल शामिल थे जिन्हें 26.9 और 20.2 अंक मिले। ऑनलाइन मतदान में विशेषज्ञों के 40 प्रतिशत, टीमों के 20 प्रतिशत तथा प्रशंसकों और मीडिया के 20-20 प्रतिशत मत थे।

### कहा, पुरस्कार टीम के प्रदर्शन से मिला

**ये पुरस्कार** किसी व्यक्ति का नहीं बल्कि टीम किस तरह खेलती हैं, उनके प्रदर्शन को दर्शाते हैं। मुझे लगता है कि मैं ग्रुप में इसी तरह का माहौल तैयार करने की कोशिश करता हूं। पुरस्कार पाना शानदार है लेकिन मुझे लगता है कि पूरी टीम ने यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा, अन्य टीमों के कोच भी विश्व स्तर के हैं, उनका चीजों को करने का तरीका अलग है और इनके बीच यह पुरस्कार जीतना बड़ा सम्मान है। वहीं शॉपमैन को 38.2 अंक मिले, उन्होंने नीदरलैंड कोच जैमिलोन मुल्डर्स (28.2 अंक) और आस्ट्रेलिया की कोच कैटरीना पॉवेल (19.5 अंक) को पछाड़ा। भारतीय महिला टीम ने तोक्यो ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन किया जिसमें वह कांस्य पदक से चूक गई। शॉपमैन के मार्गदर्शन में भारतीय टीम ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग के 2021-22 सत्र में पदार्पा किया और शानदार नतीजे हासिल किए जिसमें जर्मनी, नीदरलैंड, स्पेन और चैम्पियन बनी अर्जेंटीना से (शूटआउट में) पर जीत शामिल है जिससे टीम तीसरे स्थान पर रही।

## संक्षिप्त समाचार

### टिम पेन की प्रथम श्रेणी क्रिकेट में वापसी

**ब्रिसबेन।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान टिम पेन ने पिछले साल अप्रैल में टेस्ट कप्तानी छोड़ने के बाद पहली बार प्रथम श्रेणी क्रिकेट में वापसी की है। पेन ने 2017 में अपनी एक सहकर्मी को आपत्तिजनक संदेश भेजने का खुलासा होने के बाद अप्रैल 2021 में ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद इस 37 वर्षीय खिलाड़ी ने खेल से लंबा विश्राम ले लिया था। पेन को क्वींसलैंड के खिलाफ शेफील्ड शील्ड मैच के लिए तस्मानिया की अंतिम एकादश में शामिल किया गया है। तस्मानिया ने गुरुवार को टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और उसने पेन को मध्यक्रम के बल्लेबाज के रूप में शामिल किया है।

### इंडिया कैपिटल्स बना लीजेंड लीग चैंपियन

**जयपुर।** न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान रॉस टेलर की शानदार पारी से इंडिया कैपिटल्स ने शुरुआती झटकों से उबरकर भीलवाड़ा किंग्स को 104 रन से हराकर लीजेंड्स लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीता। गौतम गंभीर की अगुवाई वाली इंडिया कैपिटल्स का स्कोर एक समय चार विकेट पर 210 रन था लेकिन इसके बाद टेलर ने 41 गेंदो पर 82 रन की धुआंधार पारी खेली जबकि मिशेल जॉनसन ने 35 गेंदों पर 62 और एस्ले नर्स ने 19 गेंदों पर नाबाद 42 रन बनाए। इससे पहले बल्लेबाजी करते हुए कैपिटल्स ने सात विकेट पर 211 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। भीलवाड़ा की तरफ से राहुल शर्मा ने चार और मोंटी पनेसर ने दो विकेट लिए। टेलर और जॉनसन ने 126 रन की साझेदारी की। इसके जवाब में भीलवाड़ा किंग्स की टीम 18.2 ओवर में 107 रन बनाकर आउट हो गई। उसकी तरफ से शेन वाटसन ने सर्वाधिक 27 रन बनाए। कैपिटल्स की तरफ से पंकज सिंह, प्रवीण तांबे और पवन सुयाल ने दो-दो विकेट लिए।

# टी-20 वर्ल्ड कप : मिशन मेलबर्न पर रवाना हुई भारतीय क्रिकेट टीम

## टी-20 वर्ल्ड कप से पहले 4 वार्म अप मैच खेलेगी

### 23 को पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 वर्ल्ड कप में अपना पहला मुकाबला खेलना है

**एजेंसी। इदौंर**

**टीम** इंडिया मिशन मेलबर्न पर रवाना हो चुकी है। वहां उसे 23 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 वर्ल्ड कप में अपना पहला मुकाबला खेलना है। लिमिटेड ओवर फॉर्मेट के सबसे बड़े टूर्नामेंट का फाइनल भी इसी मैदान पर होगा।

28 दिनों के इस क्रिकेट महाकुंभ में हिस्सा लेने के लिए टीम इंडिया बुधवार-गुरुवार की रात कप्तान रोहित शर्मा के नेतृत्व में रवाना हुई। गुरुवार सुबह बीसीसीआई ने अपने ट्विटर हैंडल में फोटो पोस्ट कर टीम को शुभकामनाएं दीं। बोर्ड ने 'लेट्स डू इटप्तटीम इंडिया' लिखा।

टीम ऑस्ट्रेलिया में पर्थ को अपना बेस कैंप बनाएगी। उसे वर्ल्ड कप से पहले 4 वार्म अप मैच खेलने हैं। इनमें से दो वर्ल्ड कप के ऑफिशियल वार्म अप मैच होंगे, जबकि दो मैचों का आयोजन



बीसीसीआई करा रहा है। पर्थ में टीम को ऑस्ट्रेलिया इलेवन से 10 और 12 अक्टूबर को वार्म अप मैच खेलना है। उसके बाद 17 को ऑस्ट्रेलिया और 19 को न्यूजीलैंड से ब्रिस्बेन में अधिकृत वार्म अप मैच होंगे। इन मैचों से पहले टीम पर्थ में प्रैक्टिस करेगी। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह चोट के कारण वर्ल्ड कप से बाहर हो गए हैं।

बोर्ड ने उनके विकल्प की घोषणा नहीं की है। पर्थ को बेस बनाने की सबसे बड़ी वजह वहां की पिच का बाउंसी होना है। ऐसे में टीम इंडिया पर्थ प्रैक्टिस कर बाउंस और स्पीड फ्रेंडली होना चाहेगी, ताकि बल्लेबाज वर्ल्ड कप में तेज गेंदबाजों का आसानी से सामना कर सकें।

### दो दिन पहले साउथ अफ्रीका से जीती सीरीज

**टीम** इंडिया ने दो दिन पहले साउथ अफ्रीका को टी-20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज में 2-1 से परास्त कर दिया है। इससे पहले उसने कंगारुओं को अपने घर में 2-1 से मात दी थी। इसके बाद टीम अपने अगामी निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने के लिए गुरुवार को रवाना हुई। टीम के बेतोड़ हौसले को देख कर लग रहा है कि टीम इस मिशन में भी अपना परचम लहराकर ही लौटेगी।

### वार्म अप से पहले प्रैक्टिस मैच खेलेगी टीम

**टीम** इंडिया टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। ऑस्ट्रेलिया में 16 अक्टूबर से शुरू हो रहे इस टूर्नामेंट से पहले टीम पर्थ में प्रैक्टिस करेगी। टीम इंडिया ने पर्थ को अपना बेस बनाएगी। इसके लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने अपनी सहमति दे दी है।



# दक्षिण अफ्रीका से भारतीय टीम को मिला 250 रन का टारगेट

### मिलर-क्लासेन ने जोड़े 106 बॉल में 139 रन

**एजेंसी। लखनऊ**

**दक्षिण** अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में चार विकेट खोकर 249 रन बनाए हैं। अफ्रीका की ओर से डेविड मिलर और हेनरिक क्लासेन ने अर्धशतकीय पारी खेली। अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम पर बारिश के कारण ओवरों की संख्या घटा कर 40-40 कर दी गई है और एक गेंदबाज अधिकतक आठ ओवर फेंक सकेगा। पहला और तीसरा पावरप्ले आठ ओवर का होगा, जबकि दूसरा पावरप्ले 24 ओवर का होगा। पहले बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी रही।

डिकॉक और जानेमन के बीच पहले विकेट के लिए 49 रन की साझेदारी हुई। मलान 42 गेंद में 22 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान तेम्बा बावुमा 12 गेंद में आठ रन बनाकर आउट हुए। कुलदीप ने शानदार गेंद डालकर एडन मारक्रम को क्लीन बोल्ड किया। वह खाता भी नहीं खोल सके। क्विंटन डिकॉक 54 गेंद में 48 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद हेनरिक क्लासेन और डेविड मिलर ने पांचवें विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की। डेविड मिलर 63 गेंदों में 75 रन और हेनरिक क्लासेन ने 65 गेंदों में 74 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों के बीच 106 गेंदों में 139 रन की साझेदारी हुई।

गौरतलब है कि दक्षिण अफ्रीका ने साल की शुरुआत में अपने घर में भारतीय टीम का 3-0 से क्लीन स्वीप किया था, वहीं भारत को 2019 से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जीत का इंतजार है।

इकाना का मैदान फिलहाल बादलों से ढका है और बारिश की संभावना बनी हुई है। मोहम्मद सिराज, शार्दुल ठाकुर और आवेश खान पिच की नमी और मौसम का फायदा उठाने का प्रयास करेंगे।

# चैंपियन्स लीग : मैनचेस्टर सिटी और रियाल मैड्रिड जीते पीएसजी ने ड्रॉ खेला



**एजेंसी। जिनेवा**

**मैनचेस्टर** सिटी और रियाल मैड्रिड ने चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में अपनी लगातार तीसरी जीत दर्ज की लेकिन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को लियोनेल मेसी के गोल के बावजूद पहली बार ड्रॉ खेलना पड़ा।

मेसी ने खूबसूरत गोल दागकर पीएसजी को बढ़त दिलाई थी लेकिन बेनफिका उसे आखिर में 1-1 से ड्रॉ रोकने में सफल रहा। मेसी का चैंपियंस लीग में यह 127 वां गोल था। इस बीच सेविला ने बोरुसिया डॉर्टमुंड से 4-1 से हारने के बाद मैड्रिड के पूर्व कोच जुलेन लोपेटेगुई को बर्खास्त कर दिया। मैनचेस्टर सिटी ने इर्लिंग हालैंड के दो गोल की मदद से कोपेनहेगन को 5-0 से करारी शिकस्त दी। नार्वे के फॉरवर्ड हालैंड अभी तक चैंपियंस लीग के तीन मैचों में पांच गोल दाग चुके हैं।

रियाल मैड्रिड ने शाख्तर डोनेट्स्क को 2-1 से हराया। उसकी तरफ से युवा ब्राजीलियाई फॉरवर्ड रोड्रिगो और विनीसियस जूनियर ने गोल किए। इस जीत से उसने ग्रुप एफ में पांच अंकों की बढ़त बना ली। अन्य मैचों में युवेंटस ने ग्रुप एच में मकाबी हैफा को 3-1 से हराया जबकि चेल्सी ने ग्रुप ई में एसी मिलान को 3-0 से पराजित किया।

# बल्र्ड कप के लिए भारतीय महिला टीम का ऐलान

### पहला मुकाबला 11 अक्टूबर को अमेरिका से

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**भारत** के अंडर-17 महिला टीम के प्रमुख कोच थॉमस डेनरबी ने 11 अक्टूबर से होने जा रहे फीफा अंडर-17 वर्ल्ड कप 2022 के लिए 21 सदस्य टीम की बुधवार को घोषणा की। भारत को अमेरिका, मोरक्को और ब्राजील के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। इसमें भारत का पहला मुकाबला 11 अक्टूबर को अमेरिका के साथ है जिसके बाद 14 अक्टूबर को मोरक्को और 17 अक्टूबर को ब्राजील के साथ टक्कर होनी है। यह तीनों मुकाबले भुवनेश्व के कलिंगा स्टेडियम में होंगे। टीम में गोलकीपर के रूप में मोनालिसा देवी मोइरंगथेम, मेलोडी चानू कीशाम और अंजलि मुंडा को रखा गया है।

डिफेंडर्स के तौर पर अस्तम उरांव, काजल, नकेता, पूर्णिमा कुमारी, वार्शिका तथा शल्किी देवी हेमम को रखा गया है। 21 सदस्य टीम में



मिडफल्डिर्स के लिए बबीना देवी लिशम, नीतू लिंडा, शैलजा और शुभांगी सिंह को चुना गया है। फॉरवर्ड के तौर पर अनीता कुमारी, लिंडा कॉम सर्टो, नेहा, रेजिया देवी लैशराम, शेलिया देवी लोकतोंगबम, काजोल ह्यूबर्ट डिसूजा, लावण्या उपाध्याय और सुधा अंकिता तिर्की शामिल है।

डेननरबी ने कहा, यह सभी के लिए एक नई स्थिति है। भारत ने इससे पहले कभी वर्ल्ड कप नहीं खेला है। यह पूरी तरह से अलग खेल है। यह सबको दिखाने का एक अलग मौका है कि हमने पूरी तरह से तैयारी की है और हम किसी को भी अपने ऊपर हावी नहीं होने देंगे। हर कोई वर्ल्ड कप खेलना चाहता है लेकिन मैंने टीम में 21 खिलाड़ियों को चुना है। जब आप मैदान पर होते हैं तो सबकुछ पीछे छूट जाता है और आपको केवल खेल पर ध्यान केंद्रित करना होता है। ये ही इन लड़कियों को करना है।

### नाबालिग से रेप करने का है आरोप

# नेपाल की टीम के पूर्व कप्तान को पुलिस ने किया अरेस्ट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**नेपाल** की टीम के पूर्व कप्तान और आईपीएल खेल चुके संदीप लामिछाने को काठमांडू एयरपोर्ट पर अरेस्ट किया गया है। उनको नेपाल पुलिस ने नाबालिग से रेप करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। हालांकि, उन्होंने पहले ही आत्मसमर्पण करने की बात अपने आधिकारिक फेसबुक अकाउंट से की थी। संदीप लामिछाने को गुरुवार को अरेस्ट किया गया।

सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए उन्होंने अपने फैंस को ये बताने की कोशिश की थी कि वे पूरी तरह से बेकसूर हैं। दिल्ली कैपिटल्स के लिए आईपीएल खेल चुके संदीप लामिछाने ने हाल ही में एक फेसबुक पोस्ट में लिखा था कि वे बकसूर हैं और हर तरह की जांच के लिए



पुलिस का सहयोग करेंगे। उन्होंने इस पूरे मामले की पड़ताल दौरान अपने वकील को साथ रखने की अनुमति भी मांगी थी।

सूत्रों के मुताबिक नाबालिग से बलात्कार के आरोपी नेपाल की क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान संदीप लामिछाने को सुबह 10 बजे काठमांडू एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया। संदीप ने इससे पहले इस पूरे मामले को लेकर फेसबुक पर अपना पक्ष रखा था।

### एएफसी अंडर-17 एशियाई कप क्वालीफायर्स

# भारत ने कुवैत को 3-0 से हराया

**एजेंसी। सऊदी अरब**

**थांगलसुन** गंगटे के दो गोल की मदद से भारत ने एएफसी अंडर-17 एशियाई कप क्वालीफायर्स फुटबॉल प्रतियोगिता में कुवैत को 3-0 से करारी शिकस्त देकर अपना विजय अभियान जारी रखा। भारत ने अपने पहले मैच में मालदीव को 5-0 से पराजित किया था। गंगटे के दो गोल से भारत ने कुवैत के खिलाफ भी तीन अंक हासिल किए। इस तरह से भारतीय टीम ने अभी तक एक भी गोल नहीं गंवाया है।

भारत की इस जीत में गोलकीपर साहिल ने भी अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कई शानदार बचाव किए जिससे भारत ने टूर्नामेंट में अभी तक गोल नहीं खाने का अपना रिकॉर्ड कायम रखा। भारतीय टीम ने शुरू से ही हमलावर तेवर अपनाए जिसका उसे फायदा भी मिला। उसने लगातार कुवैत के गोल



पर हमले किए जिसका फायदा उसे 16वें मिनट में मिला जब गंगटे ने टीम को बढ़त दिलाई।

साहिल ने इसके बाद दो शानदार बचाव किए जिससे भारत मध्यांतर तक 1-0 से आगे रहा। कोरू के पास 60वें मिनट में गोल करने का अच्छा मौका था लेकिन उनका हेडर क्रॉसबार से ऊपर निकल गया। इसके चार मिनट बाद हालांकि वह भारत की बढ़त को दोगुना करने में सफल रहे। साहिल ने 69वें मिनट में एक और शानदार बचाव किया जिसके दो मिनट बाद गंगटे ने अपना दूसरा और टीम की तरफ से तीसरा गोल दागा। भारतीय टीम ने इसके बाद कुवैत को कोई मौका नहीं दिया और तीन महत्वपूर्ण अंक हासिल किए।

### चोटिल प्रिटोरियस टी20 विश्व कप से बाहर

**लखनऊ।** दक्षिण अफ्रीका के हरफनमौला ड्वेन प्रिटोरियस बाएं अंगूठे में फ्रेक्चर के कारण भारत के खिलाफ आगामी वनडे श्रृंखला नहीं खेल सकेंगे और आगामी टी20 विश्व कप से भी बाहर हो गए हैं। पिछले साल टी20 विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका के लिए संयुक्त रूप से सर्वाधिक विकेट लेने वाले प्रिटोरियस को इंदौर में भारत के खिलाफ तीसरे टी20 मैच के दौरान चोट लगी। उन्होंने 26 रन देकर तीन विकेट लिए थे और दक्षिण अफ्रीका ने मैच 49 रन से जीता। सीएसए के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शुएब मांजरा ने कहा, इस तरह की चोट में सर्जरी की जरूरत है।

### टेटे विश्व चैम्पियनशिप: पुरूष टीम चीन से हारी, भारतीय अभियान खत्म

**चेंगडू।** पुरूष टीम के गुरुवार को यहां प्री क्वार्टरफाइनल में चीन से हारने से विश्व टेबल टेनिस चैम्पियनशिप में भारतीय अभियान भी समाप्त हो गया। चीन ने भारतीय टीम पर 3-0 की आसान जीत दर्ज कर क्वार्टर में जगह बनाई। मानुष शाह को मानव ठक्कर की जगह उतारा गया और चीन ने तीसरे एकल में मानुष के सामने दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी वांग चुक्किन को उतारा। हरमीत देसाई ने फैन झेनडोंग के खिलाफ शुरूआत की लेकिन उन्हें दुनिया के नंबर एक चीनी खिलाड़ी ने महज 15 मिनट में हरा दिया। चीनी खिलाड़ी ने 11-2, 11-9, 11-5 से जीत हासिल की। कई बार के ओलंपिक और विश्व चैम्पियनशिप के पदकधारी मा लोंग ने जी साथियान को 14-12, 11-5, 11-0 से हराया।

# विश्व कप में ब्राजील होगी शीर्ष रैंकिंग की टीम

**एजेंसी। ज्यूरिख**

**ब्राजील** ने गुरुवार को जारी ताजा फीफा रैंकिंग में दूसरे स्थान पर चल रहे बेल्जियम पर अपनी बढ़त बढ़ा ली है जिससे वह इस साल कतर में 20 नवंबर से शुरू होने वाले विश्व कप में शीर्ष रैंकिंग टीम के तौर पर मैदान पर उतरेगी।

ब्राजील ने सितंबर में घाना और ट्यूनीशिया के खिलाफ अपने दो अभ्यास मैच जीते जबकि बेल्जियम को नेशन्स लीग के दो में से एक मैच में नीदरलैंड से हार का सामना करना पड़ा। अर्जेंटीना तीसरे नंबर पर और 2018 विश्व कप चैम्पियन फ्रांस चौथे स्थान पर बरकरार है। मेजबान कतर 50वीं रैंकिंग की टीम है जो सऊदी



अरब (51वीं रैंकिंग) से महज एक पायदान आगे है। घाना की टीम 61वें स्थान से विश्व कप में निचली रैंकिंग की टीम होगी। विश्व कप में ग्रुप बी रैंकिंग के हिसाब से काफी मजबूत है जिसमें सभी चार टीमें शीर्ष 20 में शामिल है। इसमें इंग्लैंड (पांचवीं), अमेरिका (16वीं), वेल्स (19वीं) और ईरान (20वीं) की टीमें मौजूद हैं। इटली की टीम एक पायदान के फायदे से रैंकिंग में छठे नंबर पर पहुंच गई है।

### विमेंस एशिया कप में बड़ा उलटफेर

# थाईलैंड ने पाकिस्तान को चार विकेट से हराया

**एजेंसी। सिलहट**

**बांग्लादेश** में खेले जा रहे विमेंस एशिया कप में बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। आईसीसी रैंकिंग में 13वें नंबर की टीम थाईलैंड ने वर्ल्ड नंबर-5 पाकिस्तान को चार विकेट से हरा दिया है। उसने विमेंस टी-20 इंटरनेशनल में पहली बार पाकिस्तान को हराया है। यह थाईलैंड की एशिया कप-2022 में पहली जीत है। टीम पहले सीजन से इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही है।

उसने पहले तो पाकिस्तान को 116/5 रनों पर रोका। उसके बाद जीत के लिए जरूरी 117 रन छह विकेट खोकर बना डाले। टीम की

### इस टूर्नामेंट में टीम की पहली जीत

ओर से सबसे ज्यादा रन नत्थाकन चैंथम ने बनाए। उन्होंने 51 गेंद पर 61 रन की पारी खेली। सिलहट में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। टीम ने 25 रन पर पहला विकेट गंवाया। यहां मुनीबा अली 15 रन बनाकर आउट हुईं। दूसरी ओर से सिद्रा आमीन (56) टिकी रहीं और अर्धशतक पूरा किया। शेष बल्लेबाज खास प्रदर्शन नहीं कर सकीं। थाईलैंड की ओर से सोरनरिन टिपोच को दो विकेट मिले। जवाब ओपनर चैंथम-



नन्नापत कोंचरोएनकाई (13) ने थाईलैंड को सधी शुरुआत दिलाई। 40 रन के टीम स्कोर पर कोंचरोएनकाई आउट हुईं। चैंथम ने कप्तान एन. चाईवाई (17) के साथ 42 रन जोड़े। थाईलैंड की टीम 2 अंक लेकर पॉइंट टेबल के 5वें नंबर पर है, जबकि पाकिस्तान चार अंक के साथ दूसरे नंबर पर है। वहीं, टीम इंडिया अपने तीनों शुरुआती मैच जीतकर टेबल की टॉप पोजिशन पर है।

### थाईलैंड महिला क्रिकेट का इतिहास

**क्रिकेट** एसोसिएशन ऑफ थाईलैंड 1995 से इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की एफिलिएट मेंबर है। उसकी महिला क्रिकेट टीम को साल 2005 में आईसीसी की एसोसिएट मेंबरशिप मिली थी। इसी साल सीएटी को स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ थाईलैंड से मान्यता मिली और एसोसिएशन का दर्जा दिया गया। थाईलैंड महिला क्रिकेट टीम ने अपना पहला मैच एसीसी वुमन क्रिकेट टूर्नामेंट 2007 में जोहर बहरू में खेला था। थाईलैंड महिला क्रिकेट टीम ने पहला वनडे इंटरनेशनल 2017 में वर्ल्ड कप में खेला था। वहीं, पहला टी-20 इंटरनेशनल 2018 में पाकिस्तान में खेला था।